**जबलपुर**
गुरुवार, 16 मई 2024
वैशाख मास शुक्ल पक्ष-8
वर्ष : 19, अंक : 16
पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 38
न्यून. 25

**चार धाम यात्रा के रजिस्ट्रेशन दो दिन बंद**



**देहरादून।** उत्तराखंड में इस समय चल रही चारधाम यात्रा को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। यात्रियों की भारी भीड़ की वजह से 15 मई को कोई पंजीयन नहीं हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रेवाड़ी के बेरली की जनसभा में कहा

# अंग्रेज चले गए, कांग्रेस को छोड़ गए, ये आज उसी उल्टे रास्ते पर चलते हैं, जो राम का नहीं वो किसी काम का नहीं

## भगवान राम भारत की भूमि पर अवतरित हुए, 5 हजार साल पहले भगवान श्री कृष्ण हुए, किंतु कांग्रेस इसे नहीं मानती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रेवाड़ी के बेरली स्थित कोसली की जनसभा में कहा कि अंग्रेज चले गए, लेकिन कांग्रेस को छोड़ गए। ये भी आज उसी उल्टे रास्ते पर चलते हैं। कांग्रेस ने सोमनाथ के मंदिर का विरोध किया इतिहास गवाह है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान राम भारत की भूमि पर अवतरित हुए, 5 हजार साल पहले भगवान श्री कृष्ण हुए। किंतु कांग्रेस इसे नहीं मानती। उन्होंने कहा कि एक ने मर्यादा के साथ जीवन जीना सिखाया, दूसरे ने मर्यादा को तोड़ने वालों को लाइन पर लाने का काम किया। कांग्रेस का अब यही हश्र होना है। मुख्यमंत्री बुधवार को दिल्ली, हरियाणा व उप्र के सघन चुनावी दौरे पर रहे। उन्होंने जनसभा में कहा कि वर्ष 1835 में लॉर्ड मैकाले ने जब शिक्षा नीति लागू की तब उस शिक्षा नीति में दुर्भाग्य से भगवान श्री कृष्ण और भगवान श्री राम के सारे अध्यायों को निकालकर शिक्षा नीति को देव विहीन कर दिया।

उन्होंने कहा कि पहले अमेरिका के राष्ट्रपति आते थे तो भेंट के रूप में ताजमहल की प्रतिकृति देते थे, पर आज मुझे खुशी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पवित्र गीता का ज्ञान उन्हें भेंट करते हैं। यह कह सकते हैं कि जो राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की धरती पर जब महाभारत का महायुद्ध हुआ।



**कांग्रेस ने सोमनाथ के मंदिर का विरोध किया इतिहास गवाह है**

### हरियाणा अर्थात 'हरि' का निवास

*डॉ. यादव ने कहा कि जिस जमीन पर खड़े होकर बात कर रहा हूं, उसका नाम बाकी राज्यों की तुलना में अलग हटकर है। हरियाणा अर्थात हरि का निवास। आप सभी सौभाग्यशाली हैं कि भगवान श्री कृष्ण की धरती पर अपने-अपने ढंग से जीवन-यापन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब मैं इसका इतिहास देख रहा था तो मुझे पता लगा कि देश के अंदर ऐसी कम जगह हैं। यहां के हर घर से कोई न कोई रणबांकुरा अपनी सीमा पर ड्यूटी कर रहा है। यहां के रणबांकुरे देश की देश की सीमा पर खड़े होकर अपनी छाती से दुश्मन की गोलियों का मुकाबला करने के लिए प्रतियोगिता करते हैं। यह खासियत हरियाणा की है।*







### खबर संक्षेप


#### ट्रैक्टर-ट्रॉली चंबल नहर में गिरी, 4 की मौत

**श्योपुर।** बच्चे का मुंडन कराने के लिए माता मंदिर पर जा रहे लोगों से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली बुधवार को सूखी नहर में पलट गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि सात लोग घायल हो गए। तीन मृतक तो खिरखिरी गांव और एक महिला दंगलीपुरा गांव की निवासी हैं। ये चारों रिश्तेदार हैं। मृतकों में दो भाई बहन शामिल हैं। हादसा ढोढर थाना क्षेत्र की है। ट्रैक्टर ट्रॉली में दबे 10-11 लोगों को ग्रामीणों ने बाहर निकालकर जिला अस्पताल भिजवाया।



#### हाथिन अनारकली ने दिया पांचवें बच्चे को जन्म

**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 60 वर्षीय मादा हाथी अनारकली ने पांचवें बच्चे को जन्म दिया है। इससे पूरे टाइगर रिजर्व में खुशी का माहौल है। अनारकली को 1978-79 में बिहार के सोनपुर मेले से रेस्क्यू किया गया था। इसके बाद उसे बांधवगढ़ लाया गया था। तब उसकी उम्र करीब 13-14 वर्ष थी। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उप-संचालक पीके वर्मा ने बताया कि बुधवार को सुबह सवा छह बजे अनारकली ने स्वस्थ नर बच्चे को जन्म दिया है।



### सीएए के तहत पहली बार मिली नागरिकता, फर्स्ट सेट में 14 लोगों को मिला सर्टिफिकेट

सीएए के तहत नागरिकता मिलने के बाद पाक में सताए गए हिंदुस्तानियों की पहली प्रतिक्रिया

# पाकिस्तान में बुर्का पहनकर निकलना पड़ता था...यह हमारा 'दोबारा' जन्म

नागरिकता संशोधन कानून 11 दिसंबर 2019 में संसद से पास हुआ था। इस कानून के पास होने के बाद देशभर में सीएए के खिलाफ व्यापक आंदोलन और विरोध प्रदर्शन हुए थे।

*नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के लागू होने के बाद पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों के लोगों से आवेदन प्राप्त हुए थे।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नागरिकता संशोधन कानून के तहत बुधवार को फर्स्ट सेट में 14 लोगों का भारत की नागरिकता दी गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से इस बारे में जानकारी दी गई। भारत में अब तक शरणार्थी के तौर पर रहने वाले इन लोगों को भारत की नागरिकता के सर्टिफिकेट जारी किए गए।

भारत की नागरिकता का सर्टिफिकेट मिलने के बाद एक पूर्व शरणार्थी ने अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि हमें बहुत अच्छा लग रहा है। हम 2014 में आए थे, जब सीएए पास हुआ था तो खुशी हुई थी और अब ज्यादा खुशी हो रही है। शरणार्थी का तमगा हटने के बाद एक महिला ने कहा कि पाकिस्तान में ज्यादा दिक्कत थी। पाकिस्तान में हमें बुर्का पहनकर निकलना पड़ता था।

भाजपा ने इस बार के अपने घोषणा पत्र में सीएए का वादा किया था। करीब दो महीने पहले कानून लागू होने के बाद शरणार्थियों को नागरिकता देने का सिलसिला शुरू कर भाजपा ने बीच चुनाव में ही अपना वादा पूरा कर दिया है।



#### गृह सचिव भल्ला ने नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपे

नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 की अधिसूचना जारी होने के बाद पहली बार नागरिकता प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया। केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने नई दिल्ली में कुछ आवेदकों को नागरिकता प्रमाणपत्र सौंपे। इस मौके पर गृह सचिव ने आवेदकों को बधाई देते हुए नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

**धार्मिक उत्पीड़न के कारण जो 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए थे**



भारत सरकार ने 11 मार्च, 2024 को नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 को अधिसूचित किया था। इन नियमों में आवेदन करने के तरीके, जिलास्तरीय समिति (डीएलसी) की ओर से आवेदन को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया और राज्यस्तरीय अधिकार प्राप्त समिति (ईसी) की तरफ से आवेदनों की जांच और नागरिकता प्रदान करने की व्यवस्था की गई है।

#### क्या है भारतीय नागरिकता पाने की प्रक्रिया?

*प्राधिकृत अधिकारियों के रूप में वरिष्ठ डाक अधीक्षकों/डाक अधीक्षकों की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समितियों (डीएलसी) ने दस्तावेजों के सफल सत्यापन के बाद आवेदकों को निष्ठा की शपथ दिलाई है। नियमानुसार आवेदनों की प्रोसेसिंग के बाद, डीएलसी ने आवेदनों को निदेशक (जनगणना संचालन) की अध्यक्षता वाली राज्यस्तरीय अधिकार प्राप्त समिति (ईसी) को भेज दिया है। आवेदनों की प्रोसेसिंग पूर्णतः ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाती है। निदेशक (जनगणना संचालन), दिल्ली की अध्यक्षता में दिल्ली की अधिकार प्राप्त समिति ने उचित जांच के बाद 14 आवेदकों को नागरिकता देने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में, निदेशक (जनगणना संचालन) ने इन आवेदकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस मौके पर सचिव, डाक, निदेशक (आसूचना) और भारत के रजिस्ट्रार जनरल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।*

### पूर्व सीएम शिवराज ने चांदनी चौक की सभा में कहा



## महात्मा गांधी ने कांग्रेस को खत्म करने की बात की थी, नेहरू ने बात नहीं मानी

राहुल गांधी कांग्रेस को समाप्त करके ही चैन की सांस लेंगे

इस देश को आजादी का इतिहास ही गलत पढ़ाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चांदनी चौक की चुनावी सभा में कहा कि देश को आजादी आसानी से नहीं मिली। कई क्रांतिकारियों ने अपनी जिंदगी न्यौछावर कर दी थी। उनकी त्याग तपस्या से देश आजाद हुआ। आजादी के बाद महात्मा गांधी ने कांग्रेस को खत्म करने की बात की थी।

#### एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान कौन लेकर आया?

*चौहान ने कहा कि धारा 370 क्यों आई? पाकिस्तानियों ने कब्जा किया तो हमारी सेना डटकर जवाब दे रही थी। उन्हें 3 दिन मिलते, तो पीओके होता ही नहीं। लेकिन नेहरू ने युद्धविराम कर दिया। ये पाप नेहरू ने किया। उन्होंने कहा कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान कौन लेकर आया? कांग्रेस ने धारा 370 लगा दी। मैं प्रधानमंत्री को प्रणाम करता हूं, जिन्होंने धारा 370 समाप्त की।*

### रुद्राक्ष वितरण का श्रीगणेश

## पहले दिन 50 हजार से अधिक 'श्रद्धालु' पहुंचे

9 अलग-अलग काउंटर बनाए गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार की सुबह से ही रुद्राक्ष वितरण श्रीगणेश हो गया है। सुबह 10 बजे से यहां पर रुद्राक्ष वितरण होना था, उससे पहले ही लोग पहुंच गए।

एक दिन पूर्व ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पर रुद्राक्ष लेने के लिए पहुंचे।

#### एक काउंटर दिव्यांग लोगों के लिए

*समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि आठ काउंटर सामान्य श्रद्धालु के अलावा एक काउंटर से विशेष रूप से दिव्यांग लोगों के लिए बनाया गया है। इससे आसानी से श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष मिल सके।*

### पीएम, गृहमंत्री, सीएम यादव व पूर्व सीएम शिवराज ने दी श्रद्धांजलि

**आज शाम ग्वालियर में किया जाएगा अंतिम संस्कार**

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य की मां का निधन, एम्स में चल रहा था इलाज





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

ग्वालियर राजघराने की पूर्व राजमाता, दिवंगत माधवराव सिंधिया की पत्नी और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे सिंधिया का बुधवार सुबह निधन हो गया। उन्होंने 70 साल की उम्र में दिल्ली के एम्स अस्पताल में अंतिम सांस ली। इसके बाद से देश भर से भाजपा और कांग्रेस समेत अन्य नेताओं ने शोक व्यक्त किया है।

#### सीएम यादव बोले मां जीवन का आधार होती है

*सीएम डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर की राजमाता के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स कर लिखा- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पूज्य माता जी माधवी राजे सिंधिया जी के निधन का समाचार प्राप्त हुआ। मां जीवन का आधार होती हैं, इनका जाना जीवन की अपूरणीय क्षति है।*

### कल से नया सिस्टम आ रहा

## दर्जन भर जिलों में 3 से 6 डिग्री तक गिरा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ सात जगहों पर 20 मिनट तक तेज बारिश, ओले भी गिरे

अशोकनगर के पिपरई, रतवास, शिवपुरी के कोलारस, बदरवास, दमोह तेंदूखेड़ा और रायसेन के सिलवानी में करीब 20 मिनट तक तेज बारिश के साथ ओले गिरे। वहीं भोपाल सहित करीब दो दर्जन से ज्यादा जिलों में बारिश होने से दिन के साथ रात के तापमान में भी कमी आई है। गुरुवार को भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, अलीराजपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्ना, नर्मदापुरम, बैतूल, बुरहानपुर, झाबुआ, धार, इंदौरआदि।



### एफडी कराने वालों के लिए खुशखबरी, एसबीआई ने दिया तोहफा

रिटेल और बल्क एफडी की ब्याज दरों में 75 बेसिस प्वॉइंट्स तक की बढ़ोतरी

## एफडी की ब्याज दरों में किया इजाफा, नई एफडी रेट्स हुए लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक ने विभिन्न अवधियों वाली 2 करोड़ रुपए तक की एफडी पर अपनी ब्याज दरों में इजाफा किया है। नई एफडी रेट्स 15 मई से लागू हो गई हैं।

एसबीआई ने 46 दिन से 179 दिन, 180 दिन से 210 दिन और 211 दिन से 1 साल से कम अवधि वाली एफडी पर ब्याज दर में 0.25 से 0.75 फीसदी तक का इजाफा किया है। एसबीआई ने आखिरी बार 27 दिसंबर, 2023 को एफडी पर ब्याज दरें बढ़ाई थीं। एसबीआई अलग-अलग अवधियों की एफडी ऑफर करता है। बैंक 7 दिन से 45 दिन की एफडी पर 3.50 फीसदी ब्याज दे रहा है। 46 दिन से 179 दिन की एफडी पर 5.50 फीसदी ब्याज दे रहा है।




#### सीनियर सिटीजंस को मिलता है ज्यादा ब्याज

देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक एसबीआई सीनियर सिटीजंस को एफडी पर 0.50 फीसदी अतिरिक्त ब्याज देता है। सीनियर सिटीजन एफडी पर एसबीआई की ब्याज दर 4 से 7.5 फीसदी है। सबसे ज्यादा ब्याज दर 2 साल से लेकर 3 साल से कम अवधि वाली एफडी पर 7.50 फीसदी ऑफर हो रही है। वहीं, 5 साल से लेकर 10 साल तक की अवधि वाली एफडी पर भी एसबीआई सीनियर सिटीजंस को 7.5 फीसदी ब्याज दर दे रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला : 27 सप्ताह के गर्भ को खत्म नहीं किया जा सकता

## 'भ्रूण' को भी जीने का मौलिक अधिकार



*वकील ने तर्क दिया कि याचिकाकर्ता की मानसिक और शारीरिक भलाई पर विचार किया जाना चाहिए। इस पर पीठ ने कहा कि हमें माफ करें*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने 20 वर्षीय अविवाहित महिला की 27 सप्ताह से अधिक के गर्भ को समाप्त करने की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और कहा कि गर्भ में पल रहे भ्रूण को भी जीवित रहने का मौलिक अधिकार है। न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के 3 मई के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें उसके गर्भ को समाप्त करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी और न्यायमूर्ति संदीप मेहता भी शामिल थे।



#### कोर्ट ने याचिकाकर्ता की दलील नहीं मानी

पीठ ने कहा कि गर्भावस्था की अवधि अब सात महीने से अधिक हो गई है तो फिर बच्चे के जीवित रहने के अधिकार के बारे में क्या? आप इसे कैसे समझाएंगे? इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि भ्रूण गर्भ में है और जब तक बच्चा पैदा नहीं हो जाता, यह मां का अधिकार है। वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता इस स्तर पर गंभीर दर्दनाक स्थिति में है कि वह इससे बाहर भी नहीं आ सकती। वह एनईईटी परीक्षा के लिए क्लास ले रही है। वह इस स्तर पर समाज का सामना नहीं कर सकती। वकील ने तर्क दिया कि उसकी मानसिक और शारीरिक भलाई पर विचार किया जाना चाहिए। इस पर पीठ ने कहा कि हमें माफ करें।

#### क्या कहता है नियम?

एमटीपी अधिनियम के तहत 24 सप्ताह से अधिक की अवधि की गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति तब दी जा सकती है जब मेडिकल बोर्ड द्वारा भ्रूण में पर्याप्त असामान्यता का निदान किया गया हो या गर्भवती महिला के जीवन को बचाने के उद्देश्य से अच्छे विश्वास के साथ एक राय बनाई गई हो।




*लोकसभा चुनाव 2024 में पंजाब के दो मुख्य राजनीतिक दल आम आदमी पार्टी और कांग्रेस को अपने विधायकों से उम्मीद है कि वे लोकसभा में पार्टी का आंकड़ा बढ़ा सकते हैं। इन दोनों राजनीतिक दलों ने अपने कुल 12 विधायकों को लोकसभा चुनाव का टिकट दिया है।*

## पंजाब में कांग्रेस के 3 विधायक लड़ रहे चुनाव

# आप ने हर दसवें विधायक को दे दिया लोकसभा चुनाव का टिकट


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

117 सीटों वाली पंजाब विधानसभा में यह आंकड़ा 10 प्रतिशत से ज्यादा है। 12 में से आम आदमी पार्टी के 9 और कांग्रेस के 3 विधायक लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। आप के 9 विधायकों में से 5 राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री भी हैं। आप के कुल 92 विधायक हैं। यानि, उसने हर दसवें विधायक को लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतार रखा है। पंजाब में पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 8 सीटों पर जीत मिली थी, शिअद, बीजेपी दो-दो सीटों पर और एक सीट पर आम आदमी पार्टी जीती थी। पंजाब में लोकसभा की कुल 13 सीटें हैं।

**पंजाब में आप कांग्रेस दोनों दल अलग-अलग लड़ रहे हैं चुनाव**

### नहीं हो सका गठबंधन

पंजाब में इस बार कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने गठबंधन करने की बहुत कोशिश की लेकिन अंत में दोनों दल अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि दिल्ली में दोनों दलों का गठबंधन है और यहां आम आदमी पार्टी चार और कांग्रेस तीन सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ रही है। लंबे वक्त तक पंजाब की राजनीति में इस बात की भी चर्चा थी कि बीजेपी और शिरोमणि अकाली दल में फिर से चुनावी गठबंधन हो सकता है। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। बता दें कि बीजेपी और शिरोमणि अकाली दल ने पंजाब में मिलकर सरकार चलाई थी। लेकिन साल 2020 में कृषि कानूनों के चलते शिअद ने एनडीए छोड़ दिया था। शिअद अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल की पत्नी हरसिमरत कौर बादल ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से भी इस्तीफा दे दिया था।




### चतुष्कोणीय मुकाबले के आसार

पंजाब में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का और बीजेपी, शिअद का गठबंधन नहीं होने से कई सीटों पर चुनावी मुकाबला चतुष्कोणीय हो गया है। क्योंकि ये सभी दल पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी भी अकेले चुनाव मैदान में उतरी है।

### कांग्रेस के लिए अहम है पंजाब

पंजाब उन चुनिंदा राज्यों में शामिल है, जहां पर 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा रहा था। 2019 में कांग्रेस को जब देशभर में कुल 52 सीटों पर जीत मिली थी तो कांग्रेस यहां 13 में से 8 सीटें जीती थी। पंजाब के अलावा तमिलनाडु और केरल में ही कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा रहा था। तमिलनाडु में गठबंधन में लड़ते हुए वह 8 सीटें जीती थी और केरल में उसे 15 सीटें मिली थी। इसलिए कांग्रेस पंजाब में अपने 2019 के प्रदर्शन को दोहराना चाहती है।

### आप को भी है पंजाब से उम्मीद

दिल्ली और पंजाब में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने वाली आम आदमी पार्टी भी लोकसभा में अपना खाता खोलना चाहती है क्योंकि दिल्ली में उसका कोई लोकसभा सांसद नहीं है। जबकि पंजाब में उसे पिछली बार संगरूर सीट पर जीत मिली थी लेकिन उपचुनाव में वह यहां हार गई थी। जालंधर उपचुनाव में उसके टिकट पर जीते सुशील रिंकू भी इस बार बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। आप को उम्मीद है कि वह पंजाब में पिछले विधानसभा चुनाव में मिले प्रचंड जनादेश के दम पर लोकसभा में भी कुछ सीटें हासिल कर सकती है।

### आप ने किस विधायक को कहां से दिया टिकट

| विधायक का नाम | किस लोकसभा सीट से दिया टिकट |
|---|---|
| गुरमीत सिंह खुड्डियां | बठिंडा |
| गुरमीत सिंह मीत हेयर | संगरूर |
| बलबीर सिंह | पटियाला |
| कुलदीप सिंह धालीवाल | अमृतसर |
| लालजीत सिंह भुल्लर | खडूर साहिब |
| जगदीप सिंह काका बरार | फिरोजपुर |
| अशोक पराशर पप्पी | लुधियाना |
| अमनशेर सिंह | गुरदासपुर |
| डॉ. राज कुमार | होशियारपुर |

### कांग्रेस ने किस विधायक को कहां से दिया टिकट

| विधायक का नाम | किस लोकसभा सीट से दिया टिकट |
|---|---|
| सुखजिंदर सिंह रंधावा | गुरदासपुर |
| अमरिंदर सिंह राजा वडिंग | लुधियाना |
| सुखपाल सिंह खैरा | संगरूर |

## सोशल मीडिया

### 'सीएए-एनआरसी साजिश, हिंदुओं का भी नहीं रहेगा अस्तित्व'




टीएमसी चीफ ममता बनर्जी ने सीएए-एनआरसी को एक साजिश बताया। उन्होंने कहा, ''यह एक भयानक साजिश (सीएए-एनआरसी) है। एक और साजिश रची गई है और वह है समान नागरिक संहिता (यूसीसी), जिसमें अल्पसंख्यक, एससी -एसटी, ओबीसी और आदिवासियों का कोई अस्तित्व नहीं रहेगा। हिंदुओं का भी कोई अस्तित्व नहीं रहेगा और सिर्फ वन नेशन-वन पॉलिटिकल पार्टी लीडर रह जाएगा। अगर पीएम मोदी फिर आए तो भारत में चुनाव नहीं होंगे, भारत का संविधान खत्म कर दिया जाएगा, इतिहास और भूगोल बदल दिया जाएगा।

### 'पूरे देश में बह रही बदलाव की हवा, यह आंधी में तब्दील होगी'



हरियाणा की सिरसा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार कुमारी शैलजा ने कहा कि हम चुनाव में भाजपा की नीतियों और विचारधारा के खिलाफ वोट मांगे रहे हैं। भाजपा ने हमेशा झूठे नारे देकर बरगलाया है। जिस प्रकार दिनों दिन भाजपा में बौखलाहट बढ़ रही है वे इस बात की ओर इशारा करती है कि इन्होंने अपनी हार स्वीकार कर ली है। पूरे देश में बदलाव की हवा बह रही है और यह हवा आने वाले दिनों में आंधी में तब्दील हो जाएगी। हमें आज भविष्य के बारे में सोचना, युवाओं के भविष्य के बारे, महिलाओं के बारे में।

## 'कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद आई शांति'



**कोलकाता।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में महंगाई को लेकर हुई हिंसा के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने पीओके को भारत का हिस्सा बताया। पाकिस्तान को घेरते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत इसे (पीओके) ले लेगा। पश्चिम बंगाल के श्रीरामपुर की रैली में अमित शाह ने बुधवार को पीओके का मुद्दा उठाया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2019 में कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद वहां शांति वापस आ गई। अब पीओके के नागरिक आजादी के नारे लगा रहे हैं। पीओके को लेकर अमित शाह ने विपक्ष पर भी निशाना साधा। अमित शाह ने कहा, ''सरकार द्वारा कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद क्षेत्र में शांति वापस आ गई। लेकिन अब हम पीओके में प्रदर्शन देख रहे हैं। पहले यहां आजादी के नारे गूंजा करते थे और अब यही नारे वहां (पीओके) लगाए जा रहे हैं। पहले यहां पथराव होता था और अब वहां हो रहा है।''

## 'रायबरेली, अमेठी दोनों सीट हार रही है बीजेपी'



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि रायबरेली और अमेठी सीट प्रधानमंत्री मोदी हार रहे हैं और अब वो 400 पार के मुद्दे पर भी चुप हो गए हैं। प्रियंका ने खास तौर इन सीटों पर इस बार मोर्चा संभाल रखा है और सफलता को लेकर भी काफी आश्वस्त दिख रहीं हैं और बीजेपी के 400 सीटों के दावे को खारिज कर रही हैं। वहीं अगर बीजेपी की बात करें तो बीजेपी का 400 पार का दावा विपक्ष के लिए वोटर को डराने का कारगर हथियार साबित हो रहा है। राहुल गांधी सहित विपक्ष के सारे ही नेता वोटर को एक ही बात समझा रहे हैं, अगर बीजेपी को चुनावों में 400 सीटें मिल गईं तो वो संविधान बदल देगी और देश में आरक्षण खत्म कर देगी। लोकसभा चुनावों के सात चरणों में से चार चरणों के मतदान संपन्न हो चुके हैं और अब पांचवें चरण में 20 मई को वोटिंग होगी। इसी चरण में उत्तर प्रदेश के सबसे चर्चित रायबरेली और अमेठी सीटों पर भी मतदान होना है। जिसको लेकर राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है और जोर-शोर से चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। पांचवें चरण में 8 राज्यों के 49 सीटों पर 20 मई को वोट डाले जाएंगे।

## खडूर साहिब से चुनाव लड़ेगा खालिस्तान समर्थक अमृतपाल



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद कट्टरपंथी सिख अमृतपाल सिंह खडूर साहिब से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ेगा। उसका नामांकन मंजूर हो गया है। चुनावी हलफनामे के अनुसार उसके पास महज 1,000 रुपये की संपत्ति है। 'वारिस पंजाब दे' संगठन के प्रमुख 31 वर्षीय सिंह ने पंजाब की खडूर साहिब सीट से निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ने के फैसले के साथ चुनावी मैदान में कदम रखा है। सिंह का नामांकन पत्र उसके चाचा ने शुक्रवार को तरनतारन जिले में दाखिल किया। सिंह ने गुरुवार को असम की डिब्रूगढ़ जेल में अपना नामांकन पत्र भरा। चुनावी हलफनामे के अनुसार सिंह के पास अमृतसर में एसबीआई शाखा, रय्या, बाबा बकाला में 1,000 रुपये का बैंक बैलेंस है। हलफनामे के मुताबिक इसके अलावा सिंह के पास कोई चल या अचल संपत्ति नहीं है। अमृतपाल सिंह अपने 9 साथियों के साथ 23 अप्रैल 2023 से असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद है। 23 फरवरी को अजनाला कांड के बाद पंजाब पुलिस ने अमृतपाल के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी थी।


**इंडी गठबंधन की फूट में कांग्रेस प्रत्याशी के सामने नेकां बागी प्रत्याशी ने ठोकी ताल**

# लद्दाख में भाजपा को मिलेगी चुनौती आसान नहीं जीत की हैट्रिक लगाना!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओपी पाल

लोकसभा चुनाव में केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद पहली बार लद्दाख लोकसभा सीट पर चुनाव बेहद दिलचस्प मोड़ पर जाता नजर आ रहा है, जहां पिछले एक दशक से भाजपा का कब्जा है। इस सीट पर विपक्षी गठबंधन की तरफ से कांग्रेस के प्रत्याशी को लेकर भाजपा के सामने बड़ी चुनौती थी, लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ कारगिल जिले की कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस की ईकाई ने बगावत करके संयुक्त रुप से निर्दलीय प्रत्याशी को को समर्थन देकर कांग्रेस और भाजपा के बीच माने जा रहे मुकाबले को त्रिकोणीय मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है। इसके बावजूद भाजपा के लिए इस सीट पर जीत की हैट्रिक बनाने की चुनौती कम नहीं है, क्योंकि यहां लद्दाख को अलग राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन भाजपा के लिए सिरदर्द बन सकता है।

साल 2019 तक हुए लोकसभा चुनाव में यह सीट जम्मू-कश्मीर राज्य की छह सीटों में शामिल थी। लेकिन उसके बाद जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को अलग करके केंद्र शासित राज्य घोषित होने से लद्दाख लोकसभा सीट के सियासी समीकरण बदलना भी स्वाभाविक है। जम्मू कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस ने संयुक्त रूप से इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस के प्रत्याशी त्सेरिंग नामग्याल को चुनावी मैदान में उतारा है। भाजपा ने यहां मौजूदा सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल का टिकट काटकर नए चेहरे के रूप में ताशी ग्यालसन पर दांव खेला है। जबकि इस सीट पर तीसरे प्रत्याशी के रुप में निर्दलीय मोहम्मद हनीफा जान चुनाव मैदान में है।


मोहम्मद हनीफा


ताशी ग्यालसन


त्सेरिंग नामग्याल

### विपक्ष में फूट की सियासत

भाजपा को इस सीट पर तीसरी जीत हासिल करने का इसलिए भरोसा बढ़ गया है कि इंडिया गठबंधन में यहां कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ बगावत ने मुश्किलें खड़ी कर दी है और खासकर कारगिल जिले की कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस की ईकाई ने बगावत करके सयुंक्त रुप से इस्तीफे दे दिए और नेशनल कांफ्रेंस के बागी नेता मोहम्मद हनीफा को निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनावी जंग में उतारकर कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन करने से इंकार कर दिया है।

### आंदोलन का हो सकता है असर

केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद जम्मू-कश्मीर और लद्दाख लोकसभा सीटों के नए परिसीमन से सियासी तस्वीर बदलने से इस बार लद्दाख के कुछ मुस्लिम और बौद्ध संगठन लेह और कारगिल लोकतांत्रिक गठबंधन के बैनर तले लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, जिसमें विधानसभा सीटो का निर्धारण करने की भी मांग शामिल है। केंद्र सरकार द्वारा आंदोलनकारियों की मांगों पर सहमति जताने के बावजूद कोई कदम न बढ़ाना भी भाजपा के लिए नुकसान दायक हो सकता है।

### यह है चुनावी इतिहास

हिमालय पर्वत माला की प्राकृतिक की सुंदरता के कारण पर्यटन क्षेत्र के लिए प्रसिद्ध लद्दाख लोकसभा सीट साल 1967 में अस्तित्व मे आई थी। जम्मू-कश्मीर राज्य की इस सीट पर अभी तक 13 लोकसभा चुनाव में पहले पांच चुनावों में कांग्रेस के प्रत्याशी जीत हासिल कर लोकसभा पहुंचे हैं। जबकि 1989 के चुनाव में यहां निर्दलीय प्रत्याशी मोहम्मद हसन कमांडर ने कांग्रेस का रथ रोका, लेकिन 1996 के चुनाव में यहां एक बार फिर कांग्रेस ने छठी जीत हासिल की। इसके बाद इस सीट पर लगातार दो बार जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस ने कब्जा किया। साल 2004 और 2009 के लोकसभा चुनाव में यहां एक बार फिर निर्दलीय प्रत्याशियों ने जनादेश हासिल करके लोकसभा में प्रवेश किया। जबकि पिछले दो चुनाव यानी 2014 चुनाव में यहां भाजपा के थुपस्तान छेवांग ने पहली बार भगवा लहराया, तो और 2019 के चुनाव में यहां भाजपा के नए युवा चेहरे के रुप में जामयांग सेरिंग नामग्याल ने शानदार जीत हासिल की और लोकसभा में अपने पहले ही भाषण में पूरे सदन को अपनी ओर आकर्षित करके सभी दलों को चौंकाया। लेकिन इस बार फिर से भाजपा ने नामग्याल का टिकट काटकर एक नये चेहरे के रुप में ताशी ग्यालसन को अपना प्रत्याशी बनाकर दांव खेला है। जबकि इस कांग्रेस ने इस सीट पर त्सेरिंग नामग्याल को अपना प्रत्याशी बनाया है। जबकि तीसरी प्रत्याशी मोहम्मद हनीफा यहां निर्दलीय रुप से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### दो लाख से कम मतदाता

लद्दाख लोकसभा सीट पर तीन प्रत्याशियों के सामने 1,82,571 मतदाताओं का चक्रव्यूह बना है, जिसमें 91,703 पुरुष और 90,867 महिला मतदाता शामिल है। लद्दाख के कुल मतदाताओं में से कारगिल जिले में 95,929 तथा लेह जिले में 88,870 मतदाता शामिल हैं। 20 मई को होने वाले मतदान के लिए लद्दाख में 577 मतदान केंद्र बनाए गये हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर 1,79,232 मतदाता थे।

# कांग्रेस की होगी करारी हार, संवैधानिक रूप से विपक्ष भी नहीं बन पाएंगे : मोदी

एजेंसी ▶▶| नासिक

लोकसभा चुनाव के चार चरण के लिए मतदान हो चुके हैं। तीन चरण अब भी शेष हैं। चुनाव जीतने के लिए सभी दल जोर लगा रहे हैं। नेता एक-दूसरे के ऊपर आरोप लगा रहे हैं। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को महाराष्ट्र पहुंचे। यहां उन्होंने नासिक के डिंडोरी में एक जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस यह लोकसभा चुनाव इतनी बुरी तरह से हार रही है कि उनका संविधान के तहत विपक्ष बनना भी मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र में इंडी गठबंधन के एक नेता ने सुझाव दिया था कि महाराष्ट्र के छोटे-छोटे दलों को चुनाव के बाद कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए। मतलब नकली शिवसेना और नकली एनसीपी कांग्रेस में विलय कर लेंगी।


प्रधानमंत्री ने नासिक की चुनावी सभा में साधा निशाना

### अल्पसंख्यक का मतलब कांग्रेस के लिए सिर्फ वोट बैंक

सभा में पीएम मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस के लिए अल्पसंख्यक सिर्फ एक ही हैं- उनका अपना प्रिय वोट बैंक। उन्होंने एक किस्सा सुनाते हुए कहा कि मैं जब मुख्यमंत्री था, तब कांग्रेस चाहती थी कि देश के कुल बजट का 15% सिर्फ मुसलमानों पर खर्च हो। उस वक्त मैंने इसका पुरजोर विरोध किया था। पूरी भाजपा ने विरोध किया। इसलिए वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए। पीएम मोदी ने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने के खिलाफ थे।

# इंडिया गठबंधन का ऐलान, 'गरीबों को हर माह 10 किलो मुफ्त राशन'

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बुधवार 15 मई 2024 को इंडिया गठबंधन की संयुक्त प्रेस वार्ता हुई। इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व केसी वेणुगोपाल सहित वरिष्ठ नेता शामिल हुए। मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस दौरान गरीब परिवारों के लिए हर महीने 10 किलो राशन देने का वादा किया। खड़गे ने प्रेस कान्फ्रेंस में बड़ी घोषणा की। कहा, केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो देश के नागरिकों को हर माह 5 की जगह 10 किलो मुफ़्त राशन दिया जाएगा। खड़गे ने कहा, यह सरकार नौकरी नहीं देना चाहती। स्थायी रोजगार के अभाव में नौजवानों का एक तिहाई जीवन बर्बाद हो गया।



लखनऊ में बोले खड़गे-अखिलेश

### लोकतंत्र बचाने का चुनाव

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, 2024 का यह चुनाव संविधान बचाने, लोकतंत्र बचाने और विचारधारा को बचाने का चुनाव है। एक तरफ गरीबों के लिए लड़ने वाली पार्टियां हैं तो दूसरी तरफ वह लोग, जो धर्म के आधार पर वोट मांग रहे हैं। अखिलेश ने कहा, पिछले 4 चरण के चुनाव में इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है। देशवासियों ने पीएम मोदी की विदाई तय कर दी है। 4 जून को इंडिया गठबंधन सरकार बनाने जा रहा है। भाजपा के लोग लोकतंत्र खत्म करना चाहते हैं। संविधान और न्याय जो हमारे लिए है, उसे भी खत्म करना चाहते हैं। हर इंस्टीट्यूशन समाप्म करना चाहते हैं। बुंदेलखंड के लोग भाजपा को खंड-खंड कर देंगे, इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश में 79 सीटें जीत रहा है। क्यूटो (वाराणसी) में लड़ाई है।

## 1984 में कांग्रेस ने आखिरी बार अपने दम पर बनाई थी सरकार

# '400 पार' जाने वाले एकमात्र राजनेता थे राजीव गांधी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए के 400 सीट के आंकड़े पार करने और भाजपा के 370 सीटें जीतने की भविष्यवाणी की थी। इसी तरह से तमाम इंटरव्यू में अमित शाह भी एनडीए के 400 पार की बात कह चुके हैं। पर, क्या आपको पता है कि लोकसभा में वास्तव में '400 पार' जाने वाले एकमात्र राजनेता राजीव गांधी थे।

31 अक्टूबर, 1984 को इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी को अचानक प्रधानमंत्री पद का दावेदार बना दिया गया। इंदिरा की हत्या के बाद देशभर में उठी सहानुभूति की सुनामी पर सवार होकर, राजीव गांधी के समय में कांग्रेस ने दिसंबर, 1984 को हुए आठवें लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 514 सीटों में से 404 सीटें जीतीं। वहीं, सितंबर और दिसंबर 1985 में पंजाब और असम में वोटिंग के बाद अन्य 10 सीटें जीतीं। हालांकि, कांग्रेस की यह लहर ज्यादा दिन तक कायम नहीं रही और भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्री राजीव केवल 40 वर्ष के थे जब उन्होंने पदभार संभाला और 1989 में एक बड़े भ्रष्टाचार घोटाले के बीच सत्ता खो दी।



### 17 राज्यों और सभी नौ केंद्र शासित प्रदेशों में एक ही दिन चुनाव

1984 में 17 राज्यों और सभी नौ केंद्र शासित प्रदेशों में एक ही दिन चुनाव हुए। पंजाब और असम में कोई मतदान नहीं हो सकता था। इसे सुविधाजनक बनाने के लिए, धारा 73 A को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में जोड़ा गया था, जिसने ईसीआई को असम और पंजाब राज्य में चुनाव के संबंध में कदम उठाने की अनुमति दी थी। उन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में वोटों की गिनती 28 दिसंबर 1984 को शुरू हुई, जहां 24 और 27 दिसंबर को मतदान हुआ था। वहीं नागालैंड और मेघालय में 29 दिसंबर को काउंटिंग हुई जहां 28 दिसंबर को मतदान हुआ था। 31 दिसंबर 1984 तक लगभग सभी निर्वाचन क्षेत्रों के परिणाम घोषित कर दिए गए थे।

### बोफोर्स घोटाले से हालत हुई खराब

1985 में, फील्ड हॉवित्जर तोपों की आपूर्ति के लिए स्वीडिश हथियार निर्माता बोफोर्स के साथ करार के बाद सौदे में 64 करोड़ रुपये की रिश्वत का खुलासा हुआ, जो उस समय एक बड़ी रकम मानी जाती थी। बोफोर्स घोटाला राजीव को उनके पूरे कार्यकाल परेशान करता रहा। 1989 के चुनाव में कांग्रेस 1984 में छुई गयी ऊंचाइयों से गिरकर लोकसभा में केवल 197 सीटों पर सिमट गई, जिससे एक और गैर-कांग्रेसी सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त हुआ।

### किसे मिली जीत, किसे चखना पड़ा हार का स्वाद

राजीव ने अपनी भाभी और संजय की पत्नी मेनका गांधी को हराकर अमेठी में जीत हासिल की। अभिनेता अमिताभ बच्चन ने इलाहाबाद में पूर्व कांग्रेसी और दिग्गज नेता एच एन बहुगुणा को हराया। के आर नारायणन ने केरल के ओट्टापलम में, प्रकाश चंद सेठी ने इंदौर में, गुलाम नबी आजाद ने महाराष्ट्र के वाशिम में और पी वी नरसिम्हा राव ने बेरहामपुर में जीत हासिल की। इंदिरा के आपातकाल के दौरान राष्ट्रपति रहे फखरुद्दीन अली अहमद की पत्नी आबिदा अहमद ने बरेली में जीत हासिल की। इस चुनाव में एनटीआर की तेलुगु देशम पार्टी ने लोकसभा में 30 सीटें जीतीं। सीपीआई (एम) ने 22 सीटें, जनता ने 10, सीपीआई ने 6 और लोक दल (सी) ने 3 सीटें जीतीं। भाजपा ने सिर्फ दो सीटें जीतीं – आंध्र प्रदेश के हनमकोंडा से चंदुपटला जंगा रेड्डी और गुजरात के मेहसाणा से एके पटेल। वाजपेयी ग्वालियर में हार गये और जनता पार्टी के चन्द्रशेखर अपने गृह क्षेत्र यूपी के बलिया में हार गये। बागपत में चरण सिंह जीते. जगजीवन राम, जो कांग्रेस छोड़कर कांग्रेस फॉर डेमोक्रेसी में शामिल हुए थे और बाद में नई पार्टी कांग्रेस (जे) बनाई, ने सासाराम में जीत हासिल की। बारामती में कांग्रेस (सोशलिस्ट) के शरद पवार जीते थे।


# नासा ने खोजा 'हीरे से बना ग्रह', धरती से दोगुना बड़ा और 9 गुना भारी

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

अंतरिक्ष की दुनिया अंतहीन है। इसमें कई ऐसे तारे-सितारे हैं, जिनके बारे में हम नहीं जानते। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा जब हमें इनके बारे में बताती है, तो हम आश्चर्यचकित रह जाते है। एजेंसी ने ऐसी ही एक जानकारी फिर साझा की है। नासा ने जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का उपयोग करते हुए एक ऐसा एक्सोप्लैनेट ढूंढा है, जो हीरे से बना हुआ है। इसकी चौड़ाई पृथ्वी से लगभग दोगुनी है और वजन हमारे ग्रह

### तापमान 2,400 डिग्री सेल्सियस

यह एक्सोप्लैनेट काफी घना है। इसलिए खगोलविदों का अनुमान है कि यह कार्बन से बना हुआ है, जिसमें हीरे छिपे हुए है। यह ग्रह भी सूर्य की तरह एक तारे 55 कैनक्री ए से 2.3 मिलियन किलोमीटर दूर है। यह दूरी धरती और सूर्य के बीच की दूरी का 0.01544 गुना है। यह लगभग 17 घंटों में अपने तारे की परिक्रमा कर लेता है। इसकी गर्म सतह का तापमान लगभग 2,400 डिग्री सेल्सियस है। नए शोध से संकेत मिलता है कि इस ग्रह के चारों ओर गैसों की एक मोटी परत है। यानी इसने दूसरा वातावरण विकसित कर लिया है। हालांकि, वैज्ञानिक यह नहीं जान पाए कि ये कैसे हुआ?



### सौर मंडल से लगभग 41 प्रकाश वर्ष दूर

नासा की ओर से शेयर की गई जानकारी के मुताबिक, इस ग्रह को 55 कैनरी ई के नाम से जाना जाता है। यह हमारे सौर मंडल से लगभग 41 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। खगोलविदों का मानना है कि यह ग्रह गर्म लावा से ढंका हुआ है और यह तब हुआ जब इसके तारे ने अपना पहला वातावरण नष्ट कर दिया था। माना जाता है कि यह ग्रह पूरी तरह हीरे से बना हुआ है। वैज्ञानिकों ने इसे सुपर अर्थ के रूप में वर्गीकृत किया है। सुपर अर्थ उन्हें कहते हैं जो धरती से विशाल होते हैं, लेकिन नेप्च्यून और यूरेनस जैसे ग्रहों की तुलना में हल्के होते हैं।



### ग्रह के पास पर्याप्त वातावरण मौजूद

रिसर्च टीम के सदस्य और कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के रिसर्चर रेन्यू हू ने कहा, हमने इस चट्टानी ग्रह का थर्मल उत्सर्जन मापा। संकेत मिलते हैं कि इसमें पर्याप्त वातावरण है। यह शायद 55 कैनरी ई के चट्टानी आंतरिक भाग से निकलने वाली गैसों की वजह से है। इसके बारे में जानना काफी रोमांचक है। 55 कैनक्री ई को 2004 में तलाशा गया था। मूल रूप से जैनसेन नाम से जाना जाने वाला यह विश्व का पहला सुपर-अर्थ था जो दूर के मुख्य अनुक्रम तारे की परिक्रमा कर रहा था। यानी एक तारा जो अभी भी अपने मूल में हाइड्रोजन को हीलियम में परिवर्तित कर रहा है।

# हनुमान छाप सिक्का के बदले मिले नोट निकले नकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

कोतवाली पुलिस ने 29 हजार रुपए के नकली नोटों व 1 लाख रुपए के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक पोस्ट ऑफिस में नकली नोटों को खपाने के लिए पहुंचा था। पुलिस ने जब युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने और भी चौकाने वाले खुलासे किए। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने झारखंड के दो लोगों को हनुमान छाप सिक्का बेचा था जिसके बदले उसे रुपए मिले थे लेकिन उसमें 500 के कुल 58 नोट नकली निकले जिसे कई दिनों तक अपने पास रखने के बाद युवक पोस्ट ऑफिस में खपाने पहुंचा था लेकिन जांच के दौरान नकली नोटों को पोस्ट ऑफिस कर्मचारियों ने पकड़ लिया। फिलहाल पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर उसके बयान की पुष्टि के लिए जांच की जा रही है। इसके साथ ही इस बात का भी पता लगाया जा रहा है कि हनुमान छाप सिक्के का सौदा कितने में तय किया गया था। कोतवाली पुलिस से मिली

■ पोस्ट ऑफिस में खपाने पहुंचा युवक



जानकारी के अनुसार 14 मई को प्रधान डाकघर में कपील गिरी नामक युवक अपने बैंक खाते में नकद राशि जमा कराने के लिए पहुंचा हुआ था। युवक ने पोस्ट ऑफिस में जमा पर्ची भरने के बाद एक लाख रुपए नगद कैशियर को दिया। जब कैशियर ने नगद रकम को गिना तो उसे 500-500 के 58 नग नोट नकली होने का संदेह हुआ। ऐसे में उसने इस बात की जानकारी नायब पोस्ट मास्टर को दी।

### कर रहे है पूछताछ

नकली नोटों के साथ युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने झारखंड के दो लोगों को हनुमान छाप सिक्का बेचने और बदले में रुपए मिलने की बात कही है। आरोपी सौदे में मिले नकली नोटों को खपाने निकला था। पुलिस आरोपी के बयान की तस्दीक करने के लिए सिक्का खरीदने वालों की तलाश कर रही है।

**अमोलक सिंह ढिल्लो**, एएसपी

### हनुमान छाप सिक्का के सौदे में मिले नोट

पुलिस को पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व झारखंड के गढ़वा से दो लोग उसके पास आए थे और हनुमान छाप सिक्का खरीदने की बात कही। ऐसे में युवक ने उन्हें हनुमान छाप सिक्का दिया था और उसके बदले उसे एक लाख रुपए दिए गए थे लेकिन जब युवक ने घर में नोटों का मिलान किया तो 500-500 सौ के 58 नोट नकली निकले जिन्हे युवक कुछ दिनों तक घर में रखा और फिर उसे पोस्ट ऑफिस में अपने जमा खाता के माध्यम से खपाने की योजना बनाई और जानबूझकर नकली नोटों के साथ एक लाख रुपए की जमा पर्ची भरकर पोस्ट ऑफिस में दे दिया। पुलिस ने आरोपी से 500-500 रुपए के 58 नग नकली नोट कुल 29 हजार रुपए व घटना में प्रयुक्त बाइक, 1 लाख 2 हजार रुपए नगद, एक नग मोबाइल, 1 नग पासबुक, 1 नग जमा पर्ची जब्त किया है।

यूरोप के पुर्तगाल के सिंन्तरा के एक पहाड़ी के ऊपर सुंदर प्राकृतिक नजारों के बीच रंगीन किला दिखाई देता है। एक विश्व धरोहर स्थल पेना पैलेस कभी चैपल या मठ रहा इस जगह को एक राजा ने महल में बदलने का काम किया और आज ये अपनी अनूठी स्थापत्य शैली कला के लिए जाना जाता है।

# नहीं देखा होगा ऐसा रंगीन महल तस्वीर जो जीत लेती है दिल...

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

अगर आपको सुंदर किले या महल देखने हों यूरोप जाएं। लेकिन यहां के किले और महलों के वास्तुशिल्प अपने कई खूबियों के साथ अपने नाम के साथ जाने जाते हैं। हर जगह आपको अलग ही खूबियां मिलेंगीं और पुर्तगाल का पेना पैलेस एक विश्व धरोहर स्थल है जिसमें ऐसे रहस्य और तथ्य हैं जो किसी को भी हैरान कर देंगे। चैपल या मठ होने से लेकर इसकी अनूठी स्थापत्य शैली तक, महल के बारे में कई तथ्य अभी भी अनकहे है। इसके दूसरे पहलू भी कम रोमांचक और मजेदार नहीं है।

■ कभी हुआ करता था मठ, एक राजा ने किया कायाकल्प!

पेना पैलेस एक पहाड़ की चोटी पर बना एक रंगीन महल है। इसे पीले, लाल और नीले रंग से रंगा गया है और इसमें सफेद विवरण है। पेना पैलेस सिंट्रा का एक आकर्षक तथ्य इसका कॉर्नफ्लावर नीला और पेरिविंकल पीला रंग है, जो इसके इस्लामी प्रभाव को दर्शाता है। इसके अलावा, महल रंग शैलियों का एकदम सही मिश्रण है, जो



### 19वीं सदी में बनाया गया

पेना नेशनल पैलेस के तथ्यों में से एक इसकी अनूठी, उल्लेखनीय वास्तुकला है। यह पैलेस 19वीं सदी में बनाया गया था और इसे रोमांटिक वास्तुकला का उत्कृष्ट नमूना माना जाता है। यह महल नियो-गॉथिक, नियो-मैनुएलिन, नियो-मूरिश और इस्लामिक सहित वास्तुशिल्प शैलियों को जोड़ता है। जो लोगों को बवेरिया के लुडविग महल की याद दिलाता है। महल की सबसे आकर्षक विशेषताओं में से एक इसका प्रवेश द्वार है, जिस पर समुद्र के यूनानी देवता ट्राइटन को दर्शाया गया है। प्रवेश द्वार सिंट्रा पर्वत की चट्टानों को काटकर बनाया गया है और यह बहुत विस्तृत है। घंटाघर और विशाल छत पेना नेशनल पैलेस का सबसे सुंदर दृश्य प्रस्तुत करते हैं।



### सुंदर और अद्वितीय इमारत

पेना पैलेस के बारे में सबसे अच्छी बात इसकी आंतरिक सजावट है। पेना पैलेस एक सुंदर और अद्वितीय इमारत है। वास्तुकार ने विक्टोरियन और एडवर्डियन सहित कई अलग-अलग शैलियों का उपयोग किया। ग्रेट हॉल, या बिलियर्ड्स रूम, महल का सबसे महत्वपूर्ण स्थान है। इसमें 72 मोमबत्तियाँ, चार पेट्रोलियम लैंप और टॉर्च धारक कैंडेलब्रा के साथ एक सोना चढ़ाया हुआ पीतल का झूमर है। महल की रसोई में सभी प्रकार के बर्तन और पाक उपकरण मौजूद है।

### विभिन्न वास्तुकला शैलियों का मिश्रण

1755 में लिस्बन में विनाशकारी भूकंप आया। मठ क्षतिग्रस्त हो गया और भिक्षु चले गए। चैपल को नष्ट नहीं किया गया था, बल्कि लगभग 100 वर्षों के लिए छोड़ दिया गया था। 1834 में सरकार ने खंडहरों पर कब्जा कर लिया। अंततः खंडहरों का उपयोग पेना पैलेस के निर्माण के लिए किया गया। आज, पेना पैलेस गोथिक, मैनुएलिन, मूरिश और इस्लामिक सहित विभिन्न वास्तुकला शैलियों का मिश्रण है। पेना पैलेस का रोमांचक तथ्य यह है कि इसमें सेरा डे सिंट्रा का अधिकांश भाग, आसपास की 85 हेक्टेयर से अधिक भूमि शामिल है, और पेना पार्क इसमें से अधिकांश को घेरता है। इसमें दुनिया भर में पौधे हैं, जिनमें उत्तरी अमेरिकी सिकोइया, लॉसन की सरू, मैगनोलिया, पश्चिमी लाल देवदार, चीनी जिन्कगो और जापानी क्रिप्टोमेरिया शामिल है। अपने रोमांटिक माहौल के कारण इसे पुर्तगाल के सबसे खूबसूरत दृश्यों में से एक माना जाता है।

# अचानक समुद्र में कूदी 2 लड़कियां, 8 किलोमीटर नीचे तक तक चली गईं

**लंदन।** समुद्र की लहरें हर किसी को लुभाती है। लेकिन स्कॉटलैंड की रहने वाली दो लड़कियों ने ऐसा कारनामा किया है, जिसे जानकर आप अचरज में आ जाएं। दोनों लड़कियां समुद्र में कूदीं और गोता लगाते हुए 8 किलोमीटर नीचे तक चली गईं। आज तक कोई भी शख्स यह कारनामा नहीं कर पाया। यह गहराई माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई के लगभग बराबर है। माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई 9,000 मीटर तक मापी गई है।

■ रचा ऐसा कीर्तिमान, जो आज तक कोई नहीं कर पाया

एक रिपोर्ट के मुताबिक, एडिनबर्ग की रहने वाली साइंटिस्ट हीदर स्टीवर्ट अपनी साथी केट वावाताई के साथ दक्षिण प्रशांत महासागर में बाकुनावा सबमर्सिबल पर गोता लगाया। तकरीबन 10 घंटे तक दोनों समुद्र के अंदर रहीं और आखिरकार यह दुर्लभ कीर्तिमान अपने नाम किया। समुद्री भूविज्ञानी प्रोफेसर स्टीवर्ट ने कहा, हम इस बात से अनजान थे कि सच में एक विश्व रिकॉर्ड तोड़ने जा रहे है। मुझे उस दिन तक इसका एहसास नहीं था। जब हम नीचे उतर रहे थे, तो केट ने कहा, मुझे लगता है कि यह पहली बार होगा, जब कोई महिला इतनी गहराई तक उतरी हो। और सच में ऐसा ही हुआ। दोनों ने विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया।

दोनों समुद्र के जिस क्षेत्र पर काम कर रहे हैं, उसे नोवा-कैंटन गर्त कहा जाता है। इसे फ्रैक्चर-ज़ोन कहा जाता है, जो 400 मील लंबा और 8,000 मीटर गहरा है। दोनों महिलाएं समोआ में रहती है। वहां से इस जगह तक पहुंचने में चार दिन लग जाते है। यह टीम समुद्र का जैविक और भूवैज्ञानिक डेटा इकट्ठा करती है। प्रोफेसर स्टीवर्ट ने कहा, यह एक अद्भुत मौका था।



■ गंगा किनारे है राधा गोपाल मंदिर

# आधी रात सुनाई देती है बांसुरी की तान और पायल की झंकार

**नई दिल्ली।** पूरे देश दुनिया में कृष्ण मंदिर तो अनेक है। सबकी अपनी महिमा और भक्तों में आस्था और विश्वास है। लेकिन उस मंदिर के बारे में क्या कहेंगे जिसके बारे में कहा जाता है कि वहां रात में बांसुरी की मधुर तान और पायल की झंकार सुनाई देती है। लोगों का विश्वास है इस मंदिर में राधा-कृष्ण जागृत अवस्था में वास करते हैं।

बिहार की राजधानी पटना में ऐतिहासिक मंदिरों की कमी नहीं है। यहां एक से बढ़कर एक मंदिर हैं, लेकिन आज जिस मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं वो बहुत खास है। पटना के चौधरी टोला घाट पर श्री राधा गोपाल मंदिर का निर्माण टिकारी राज के राजा हित नारायण ने सन 1830 में करवाया था। बाद में ये मंदिर रानी ने संभाला। बाद में बुजुर्ग होने पर रानी ने इसे देवराहा बाबा को दान कर दिया। तभी से इस मंदिर की व्यवस्था संत संभाल रहे है। यहां हर रविवार को भजन कीर्तन किया जाता है। इसके अलावा इस मंदिर परिसर में भक्ताश्रय भी है। इस मंदिर के पुजारी मधेश्वर मिश्र बताते हैं ये विशाल मंदिर 32 कट्ठे में फैला हुआ है। कई बार यहां रात में बांसुरी और पायल की धुन साफ साफ सुनाई देती है। वो कहते हैं भगवत को मानने वाले लोग श्री कृष्ण को इस मंदिर में महसूस कर सकते हैं।

### जागृत अवस्था में राधा-कृष्ण का वास

स्थानीय निवासी शनि मिश्र बताते हैं ये अद्भुत मंदिर अपने आप में कई कहानियों को समेटे हुए हैं। ऐसी मान्यता है यहां राधा गोपाल जागृत अवस्था में वास करते हैं। इसलिए उनकी लीला की अनुभूति की जा सकती है। शनि मिश्र आगे बताते हैं यहां के मनोरम वातावरण में कई विद्यार्थी रोज शाम को पढ़ने आते हैं और गंगा के सुंदर दृश्यों और मंदिर की शांति में पढ़ाई करते हैं।

**गाय का दूध बछड़ों के लिए :** मंदिर के विशाल परिसर में 22 से भी अधिक गऊ हैं। गो सेवक नागेंद्र बताते हैं यहां गाय से ज्यादा बछड़े है। चूंकि ये सभी देसी नस्ल के हैं, इसलिए आम से लेकर नामी गिरामी लोग भी यहां गोमूत्र लेने पहुंचते हैं। इस मंदिर में बछड़ों को दूध पीने से नहीं रोका जाता। बछड़ों से बचा दूध ही वे अपने उपयोग के लिए निकालते हैं।

# अनोखा गांव जहां टॉयलेट तो है, परंतु सीवर ट्रीटमेंट के लिए नहीं खोद सकते गड्ढे

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने सीमा से लगे गांवों को विकसित करने के लिए वाइब्रेंट विलेज योजना शुरू की है। गौरतलब है की उत्तराखंड की कुल 658 किलोमीटर सीमा चीन और नेपाल से लगी है। उत्तराखंड के 3 जिलों पिथौरागढ़, चमोली और उत्तरकाशी के 5 विकासखंड मुनस्यारी, धारचूला, कनालीछीना, जोशीमठ और भटवाड़ी के 51 गांव वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम में शामिल किए गए हैं। इन गांवों में पिथौरागढ़ का गुंजी गांव भी शामिल हैं। गुंजी गांव पर शिवधाम बनाया जाना प्रस्तावित है। गुंजी गांव कभी चीन से व्यापार की मंडी हुआ करता था और कैलाश मानसरोवर यात्रा का अहम पड़ाव भी है। यहीं से होकर आदि कैलाश और ॐ पर्वत पहुंचा जाता है। इस क्षेत्र में अब पर्यटन काफी तेजी से बढ़ रहा है। ऐसा अनुमान है की उत्तराखंड में शिवधाम बन जाने के बाद तो यहां काफी पर्यटक पहुंचेंगे। जिसको देखते हुए यहां के स्थानीय लोग अभी से सारी व्यवस्थाएं सही करने की मांग कर रहे हैं। जिसमें सबसे पहले सीवर ट्रीटमेंट प्लांट की मांग की जा रही है।

### पवित्र भूमि की वजह से नहीं बनाते गड्ढा

गुंजी गांव में पर्यटन साल दर साल दोगुनी रफ्तार से बढ़ते जा रहा है। हालांकि यहां के लोगों ने शौचालय तो बना रखे हैं लेकिन सीवर को खाली करना उनके लिए सरदर्दी भी बन रहा है। ना ही उनके पास इतनी जमीन है को वह दूसरी जगह शिफ्ट करते जाए, साथ ही एक वजह ये भी है की यहां के लोग इस भूमि को पवित्र मानते है। ऐसे में भविष्य में पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए ग्रामीणों ने यहां सीवर को गंदगी को गांव से दूर निकासी करने की मांग जिलाधिकारी से की है।

### ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ने की मांग

जिला मुख्यालय पहुंचे गुंजी गांव के ग्रामीणों ने बताया कि उनकी जमीनें रोड के निर्माण में में चली गई है। कई ग्रामीणों के नाम अभी तक जमीन नहीं हुई है। जबकि वह कई पुश्तों से यहां रहते हुए आए हैं। जिलाधिकारी को अपनी समस्याएं बताते हुए उन्होंने कहा कि जिन लोगों की जमीन नाप में नहीं हैं, उन्हें उसका मालिकाना हक दिलाया जाए ताकि वह लोग भी भविष्य में पर्यटन कारोबार से जुड़कर अपना रोजगार शुरू कर सकें।

# कुत्ते के लिए गिरवी रखना पड़ा घर, बेचने की भी तैयारी

**लंदन।** पालतू जानवरों को लोग बेइंतहां प्यार करते हैं। उन्हें अपने बच्चों की तरह पालते है। अगर उन्हें खरोंच भी आ जाए, तो परेशान हो जाते हैं। उसके लिए कुछ भी करने को तैयार रहते है। एक शख्स के साथ ऐसा ही हुआ। उनके कुत्ते के साथ ऐसी स्थिति हुई कि उन्हें अपना घर तक गिरवी रखना पड़ रहा है। कह रहे कि अगर मामला नहीं सुलझा तो घर को बेचना पड़ेगा। पूरा मामला जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन के रहने वाले लिन होल्डम और एलन बैमफोर्ड के पास एक पालतू कुत्ता था, जिसका नाम उन्होंने रूबी रखा था। एक दिन उनकी बेटी कायली पार्क में रूबी को टहला रही थी। तभी जैक रुजसेल क्रॉस ब्रीड के एक अन्य कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। उसका पेट फाड़ दिया और उसकी पीठ तोड़ दी। होल्डम ने बताया, सचमुच उसकी आंतें फट गईं थीं। कुत्ते ने मेरी बेटी पर भी हमला किया। उसका हाथ टूट गया। वह इतनी असहाय हो गई कि कुत्ते को अपने ऊपर से नहीं हटा पा रही थी। उसके हाथ से खून बह रहा था।

### बिल दिल दहला देने वाला

*होल्डम ने कहा, हम बेटी और डॉगी रूबी को लेकर अस्पताल भागे। लेकिन उस वक्त सारे पशु चिकित्सालय बंद थे। एक घंटे की ड्राइव के बाद हम एक अस्पताल पहुंचे। कायली को दवा दी गई। उसे कुछ राहत मिली। लेकिन रूबी की हालत खराब होती जा रही थी। उसकी जीभ बाहर लटक रही थी। उससे खून बह रहा था। हम उसे एक कपड़े में लपेटकर ले गए थे। रातभर ऑपरेशन चला। आखिरकार डॉक्टरों ने उसे बचा लिया। लेकिन इसका बिल दिल दहला देने वाला था।*



सरकार ने दे रखी है खुली छूट!

# खेली जाती है 'खून की होली' समंदर हो जाता है लाल

एजेंसी ▶▶| टोक्यो

मछली मारना कोई वहशी काम नहीं माना जाता है। लेकिन जापान में डॉल्फिन कि शिकार एक क्रूरता का खेल दिखाई देता है। जापान के ताईजी में क्रूर डॉल्फिन शिकार के मौसम के दौरान हजारों डॉल्फिन को निर्दयतापूर्वक मार दिया जाता है या समुद्री पार्कों में ले जाया जाता है। कई तरीके से दावे किए जाते हैं कि इससे समुद्र का रंग पूरी तरह से लाल हो जाता है। अजीब बात यह है कि इसके बिल्कुल भी काबू में नहीं किया जा सकता है, क्योंकि सरकार ने छह महीने के लिए इसकी अनुमति देती है। जापानी मत्स्य पालन एजेंसी मछुआरों को हर साल लगभग 16000 समुद्री स्तनधारियों को मारने या छीनने की मंजूरी देती है। यह गंभीर तमाशा इस महीने की शुरुआत में तटीय शहर में शुरू हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका स्थित चैरिटी डॉल्फिन प्रोजेक्ट का कहना है कि इन मछुआरों ने अपने काम को एक बेहतरीन कला के रूप में पेश किया है, कुछ दिनों में उन्हें 100 से अधिक डॉल्फिन बैग में ले जाते हुए देखा गया है। इसकी आलोचना करते हुए, डॉल्फिन प्रोजेक्ट के एक प्रवक्ता ने बताया कि यह कैसे काम करता है, जब एक समूह मिलता, तो मछुआरे अपनी नावों के नीचे स्टेनलेस स्टील के खंभों को पानी में डालते है। शिकारियों के खंभों पर हथौड़ों से बार-बार प्रहार करने पर उत्पन्न होने वाली ध्वनि को बढ़ा देता है। शोर पानी के भीतर ध्वनि की एक दीवार बनाता है, और डॉल्फिन खुद को ध्वनि की इस दीवार और तटरेखा के बीच फंसा हुआ पाते हैं।

### सरकार की दलील अमानवीय नहीं

ध्वनि से बचने की कोशिश में, डॉल्फिन विपरीत दिशा में किनारे की ओर तैरती है। मछुआरे उन्हें ताईजी बंदरगाह के पास एक छोटी खाड़ी में ले जा सकते हैं। इस प्रक्रिया में कई घंटे लग सकते हैं, जिसके दौरान डॉल्फिन थक जाती हैं। मछुआरे ब्लोहोल्स के ठीक पीछे डॉल्फिन की गर्दन में एक तेज धातु की कील ठोक देते हैं, जिससे रीढ़ की हड्डी टूट जाती है और तत्काल मौत हो जाती है। जापान को इस साल की शुरुआत में अपनी व्यावसायिक व्हेलिंग गतिविधियों को फिर से शुरू करने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा, जिससे वैश्विक स्तर पर भी ऐसी ही प्रतिक्रिया हुई थी। वहीं, इन दावों को खारिज भी किया जाता है। दलील दी जाती की वास्तव में डॉल्फिन का शिकार इतना अमानवीय नहीं है, जितना पेश किया जा रहा है।

चिंतन

# भीषण गर्मी व प्रचंड लू से बढ़ रही मौतें चिंताजनक

चुनावी गर्मी के साथ मौसम की गर्मी भी बढ़ती जा रही है। मौसम विभाग की भविष्यवाणी इस बार प्रचंड गर्मी पड़ने की है। अप्रैल में ही इसकी वानगी हम देख चुके हैं, बीते कुछेक वर्षों की तुलना में इस बार अप्रैल माह अधिक गर्म बीता है। वर्ष दर वर्ष दुनिया भर में तापमान में वृद्धि हो रही है। अत्यधिक गर्मी से भारत बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, गर्मी जनित रोग बढ़ रहे हैं, लोगों की मौतें गर्मी से हो रही हैं। भीषण गर्मी व प्रचंड लू से दिन ब दिन बढ़ रही मौतें चिंताजनक हैं। ताजा अध्ययन के मुताबिक, दुनिया भर में प्रति वर्ष 1.53 लाख से अधिक मौतें भीषण गर्मी या लू के कारण होती हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 20 फीसदी मौतें भारत में होती हैं। पिछले 30 वर्षों से अधिक के आंकड़ों के आधार पर यह अध्ययन किया गया है। भारत के बाद चीन और रूस का स्थान है, जिनमें से प्रत्येक में क्रमशः लगभग 14 फीसदी और 8 फीसदी मौतें भीषण गर्मी से जुड़ी होती हैं। मोनाश विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में पाया गया कि लू से जुड़ी मौतें गर्मी से संबंधित सभी मौतों का लगभग एक तिहाई और वैश्विक स्तर पर कुल मौतों का एक प्रतिशत है। हर वर्ष गर्मियों में होने वाली कुल डेढ़ लाख से अधिक अतिरिक्त मौतों में से लगभग आधी एशिया में और 30 प्रतिशत से अधिक यूरोप में होती हैं। सबसे बड़ी अनुमानित मृत्यु दर (जनसंख्या के अनुपात में मृत्यु) शुष्क जलवायु और निम्न-मध्यम आय वाले क्षेत्रों में देखी गई। यह अध्ययन 'पीएलओएस मेडिसिन' में प्रकाशित हुआ है। अध्ययन में 2019 तक के दशक की तुलना 1999 तक के दशक से करने पर, दुनिया भर में हर साल भीषण गर्मी की अवधि औसतन 13.4 से 13.7 दिनों तक बढ़ी हुई पाई गई, जिसमें हर दशक में वातावरण का औसत तापमान 0.35 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया। जीवाश्म ईंधन आधारित उद्योग, चिमनियां, वाहनों से निकलने वाले धुएं, अत्यधिक आबादी के चलते कार्बन डायऑक्साइड उत्सर्जन, जंगलों में आग, ज्वालामुखी विस्फोट आदि अनेक कारण हैं, जिनसे धरती का तापमान बढ़ता जा रहा है। सूर्य से निकलने वाली पराबैगनी किरणों के चलते बने ब्लैक होल से भी धरती पर उत्यधिक उष्मा पहुंच रही है। गर्मी के मौसम में तापमान इतना अधिक बढ़ जा रहा है कि वह लोगों के लिए असह्य हो रहा है। निश्चित रूप से पर्यावरण संरक्षण चुनाव का प्रमुख मुद्दा नहीं बन पाता है, शायद इसलिए सरकार इस दिशा में प्राथमिकता के आधार पर एजेंडा तैयार नहीं करती है। 'वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन' (डब्ल्यूडब्ल्यूए) समूह नामक वैज्ञानिकों की टीम ने इस बार अप्रैल में लगातार 17 दिनों तक अत्यधिक गर्मी को खतरे के संकेत के तौर पर लिया है। इस टीम के मुताबिक, इसी तरह की भीषण गर्मी का सामना प्रत्येक 30 साल में एक बार करना पड़ सकता है और जलवायु परिवर्तन के कारण पहले से ही इसकी संभावना लगभग 45 गुना अधिक हो गई है। जलवायु परिवर्तन के कारण प्रचंड लू पूरे एशिया में गरीबी में रहने वाले लोगों के जीवन को और अधिक मुश्किल बना रही है। भीषण गर्मी व प्रचंड लू के चलते स्वास्थ्य जोखिम बढ़ जाता है। आज जरूरत जलवायु परिर्तन के असर को कमतर करने के लिए हरित पर्यावरण, प्राकृतिक रहन-सहन व खान-पान, भीषण गर्मी की चेतावनी प्रणाली, हरित विकास व स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक पहुंच आदि के क्षेत्र में समग्रता से काम करने की जरूरत है।



विश्लेषण
प्रमोद भार्गव

# पाक के खिलाफ खौल रहा पीओके

पीओके में लगातार विद्रोह की आग सुलग रही है, यहां तक कि हालात बेकाबू हो गए हैं और पाकिस्तानी सेना ने हस्तक्षेप से इन्कार कर दिया है। समूचे पाक अधिकृत कश्मीर में धारा-144 लागू होने के साथ मोबाइल-इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। महंगाई, बिजली और आटे पर सब्सिडी की छूट के चलते यह आंदोलन इतना आगे बढ़ गया है कि एक पुलिस अधिकारी की गुस्साए लोगों ने हत्या कर दी। पीओके में कुल 10 जिले हैं। यह आंदोलन भींबर से शुरू हुआ और सभी जिलों में फैल गया। आंदोलन का संचालन करने के लिए एक नया संगठन 'ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी' बनाया है, जिसमें सभी जिलों के लोग भागीदार है। अब पीओके के लोग पाकिस्तान के साथ नहीं रहना चाहते हैं।

पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में लगातार विद्रोह की आग सुलग रही है, यहां तक कि हालात बेकाबू हो गए हैं और पाकिस्तानी सेना ने हस्तक्षेप से इन्कार कर दिया है। समूचे पाक अधिकृत कश्मीर में धारा-144 लागू होने के साथ मोबाइल-इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। महंगाई, बिजली और आटे पर सब्सिडी की छूट के चलते यह आंदोलन इतना आगे बढ़ गया है कि एक पुलिस अधिकारी की गुस्साए लोगों ने हत्या कर दी। पीओके में कुल 10 जिले हैं। यह आंदोलन भींबर से शुरू हुआ और सभी जिलों में फैल गया। आंदोलन का संचालन करने के लिए एक नया संगठन 'ज्वांइट अवामी एक्शन कमेठी' बनाया है, जिसमें सभी जिलों के लोग भागीदार है। शांतिपूर्ण चल रहे आंदोलनकारियों की मांग है कि पाकिस्तान सरकार की भ्रष्ट शासन-प्रणाली से वे तंग आ चुके हैं, अतएव पाक के साथ रहना नहीं चाहते हैं। हमें इससे आजादी चाहिए। घबराई शहबाज शरीफ सरकार ने हुए नुकसान को नियंत्रित करने की दृष्टि से 23 अरब का बजट प्रावधान पीओके के लिए किया है, लेकिन प्रदर्शनकारियों की मांग है कि जो मांगें उन्होंने रखी हैं, वे सभी मान्य की जाएं। अन्यथा वे प्रदर्शन करते रहेंगे। इसी समय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि एक दिन हम पीओके पर अवैध कब्जे को समाप्त करेंगे और पीओके वापस भारत के साथ जुड़ जाएगा।

पीओके के लोगों के साथ वाकई अन्याय हो रहा है। यहां के लोगों को उत्पादन लागत पर बिजली नहीं मिल रही है। जो बिजली पीओके में बनाई जाती है, उसे सरकार पीओके से दो रुपये प्रति यूनिट लेती है और फिर यहीं के लोगों को महंगी दरों पर बेचती है। पीओके में रहने वाले लोगों को सब्सिडी पर आटा देना रोक दिया है, जबकि आटा पेट की भूख मिटाने की बुनियादी जरूरत है। आटा समेत अन्य 30 वस्तुओं पर सब्सिडी मिलनी चाहिए। लोगों ने यह भी मांग की है कि पीओके की अफसरशाही और 53 मंत्रियों को मिलने वाली विलासी सुविधाएं बंद की जाएं। इन्हें सरकार की ओर से महंगी व लग्जरी गााड़ियां और घर के साथ टीए-डीए मिल रहे हैं। इन्हें बंद किया जाए। यही नहीं इनके जो सहायक है, उन्हें भी ऐसे ही सुविधाएं दी जा रही हैं, जो कतई उचित नहीं है। इन्हें बंद किया जाए। हालांकि पीओके में पाक से अलगाव का संकट इतना बढ़ गया है कि अब समझौते कि दूर-दूर तक कोई उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है।

शायद इस स्थिति का पूर्वाभास करने के बाद ही जयशंकर ने जल्द पीओके का भारत में विलय होने का दावा किया है। यही नहीं उन्होंने कहा है कि निश्चित तौर पर इसका विलय होगा। क्योंकि वहां के लोग रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी तरसने को मजबूर हो रहे हैं। तिस पर भी राहत देने की बजाय पाकिस्तानी सेना अत्याचार पर आमादा है। लोग पाक सेना से आजादी और भारत में शामिल होने के लिए नारे लगा रहे हैं। गुलाम जम्मू-कश्मीर में चल रहे विरोध प्रदर्शनों पर यह पहली उच्च स्तरीय प्रतिक्रिया हैं। इस परिप्रेक्ष्य में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी कह चुके हैं कि सब्र का फल मीठा होता है। अतएव अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत सरकार



की पीओके के संदर्भ में कोई न कोई ऐसी रणनीति अवश्य चल रही है, जो विलय की दिशा में बढ़ रही है।

दूसरी तरफ जिस आतंकवाद का जनक पाकिस्तान रहा है, वही आतंकवाद अब उसके लिए पीओके में चुनौती बनकर सामने आ रहा है। पाक में आतंकी हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। कुछ माह पहले ही बलूचिस्तान प्रांत के तुरबाद नगर में नौसैनिक अड्डे पर आतंकवादियों ने गोली बरसाते हुए हमला किया था। इसके बाद खैबर पख्तूनख्वा इलाके में चीनी नागरिकों के एक काफिले पर हमला बोल दिया था। इसमें पांच चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई थी। ये इंजीनियर दासू हाइड्रोप्रोजेक्ट के निर्माण में लगे थे। इन हमलों की जुम्मे वाली बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) की मजीद ब्रिगेड ने ली हुई है। इस्लामाबाद से 200 किमी दूर स्थित दासू हाइड्रो प्रोजेक्ट का निर्माण चीनी कंपनी कर रही है। 2021 में भी इस परियोजना पर काम कर रहे नौ चीनी इंजीनियरों सहित 13 लोगों को बलूच हमलावरों ने मार गिराया था। पाकिस्तान में अकेले फरवरी माह में हुए 97 हमलों में 118 लोग मारे जा चुके हैं। 20 मार्च को ग्वादर बंदरगाह पर भी आतंकी हमला हो चुका है। इस हमले की जिम्मेदारी भी बलूचों ने ली है। इन हमलों के चलते पाक में नई बनी शाहबाज सरकार मुसीबतों से घिर गई है। दरअसल बलूचिस्तान प्रांत के नागरिक मानते हैं कि पाक सरकार उनके प्रांत के हितों की लंबे समय से अनदेखी कर रही है। यहां के लोग इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते हस्तक्षेप का भी विरोध कर रहे हैं। दासू हाइड्रोप्रेजेक्ट और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के निर्माण के अंतर्गत कई परियोजनाएं पीओके में निर्माणाधीन हैं। इन परियोजनाओं का विरोध लगातार हो रहा है, लेकिन पाक सरकार धन के लालच में चीन के सुरसा मुख में फंस चुकी है। देश में चल रही आर्थिक बदहाली के कारण भी सरकार चीन का दामन नहीं छोड़ पा रही है। चीन से उसकी मित्रता का कारण धन का लालच तो है ही, भारत के साथ तनावपूर्ण रिश्ते भी हैं। पाक की तरह चीन से भी भारत का सीमा पर निरंतर तनाव बना हुआ है। अब पीओके में आतंकी शक्तियां इतनी मजबूत हो गई हैं कि पाक का अफगानिस्तान व ईरान से भी मधुर संबंध बनाए रखना मुश्किल हो रहा है।

पीओके की परिधि में आने वाले गिलगिट-बाल्टिस्तान वास्तव में भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य के हिस्सा हैं। बावजूद 4 नबंवर 1947 से पाकिस्तान के नाजायज कब्जे में हैं, लेकिन यहां के नागरिकों ने इस बलात कब्जे को कभी नहीं स्वीकारा। यहां तभी से राजनीतिक अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक आवाजें उठ रही हैं और पाक सरकार इन लोगों पर दमन और अत्याचार का सिलसिला जारी रखे हुए है। साफ है, पाक की आजादी के साथ गिलगिट-बाल्टिस्तान का मुद्दा जुड़ा हुआ है। पाक की कुल भूमि का 40 फीसदी हिस्सा यहीं है, लेकिन इसका विकास नहीं हुआ है। करीब 1 करोड़ 30 लाख की आबादी वाले इस हिस्से में सर्वाधिक बलूच हैं, इसलिए इसे गिलगिट-बलूचिस्ताल भी कहा जाता है। पाक और बलूचिस्तान के बीच संघर्ष 1945, 1958, 1962-63, 1973-77 में होता रहा है। 77 में पाक द्वारा दमन के बाद करीब 2 दशक तक यहां शांति रही, लेकिन 1999 में परवेज मुशर्रफ सत्ता में आए तो उन्होंने बलूच भूमि पर सैनिक अड्डे खोल दिए। इसे बलूचों ने अपने क्षेत्र पर कब्जे की कोशिश माना और फिर से संघर्ष तेज हो गया। इसके बाद यहां कई अलगाववादी आंदोलन वजूद में आए, इनमें प्रमुख बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी है। निर्वाचन की प्रक्रिया से गुजरने के बावजूद भी यहां की विधानसभा को अपने बूते कोई कानून बनाने का अधिकार नहीं है। सारे फैसले एक परिषद लेती है, जिसके अध्यक्ष पाकिस्तान के पदेन प्रधानमंत्री होते हैं। लिहाजा चुनाव के बावजूद भी यहां विद्रोह की आग सुलगी रहती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस
योगेश कुमार गोयल



# वर्ष दर वर्ष जानलेवा होता डेंगू

अन्य घातक बीमारियों के साथ-साथ डेंगू भी अब ऐसी गंभीर बीमारी बन चुका है, जिसके जोखिम को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है। प्रतिवर्ष डेंगू के कारण बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। डेंगू उन घातक बीमारियों में से एक है, जिसका यदि समय से इलाज नहीं मिले तो यह जानलेवा हो सकता है। भारत में प्रायः जून से अक्तूबर के दौरान डेंगू के सर्वाधिक मामले सामने आते हैं। अब तो स्थिति यह है कि देशभर में डेंगू की भयावहता को लेकर हर साल हाहाकार सा मचा नजर आता है। डेंगू से बचाव को लेकर लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए ही प्रतिवर्ष स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा एक विशेष थीम के साथ 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस 'डेंगू रोकथामः सुरक्षित कल के लिए हमारी जिम्मेदारी' विषय के साथ मनाया जा रहा है। मानसून के साथ डेंगू और चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छरों के पनपने का मौसम शुरू होता है, इसीलिए इस बीमारी को लेकर लोगों में व्यापक जागरूकता फैलाने के लिए सरकार द्वारा इसके लिए 16 मई का दिन निर्धारित किया गया।


डेंगू के लगातार सामने आते मामलों को देखते हुए डेंगू से बचाव को लेकर अत्यधिक सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि अभी तक इसकी कोई वेक्सीन नहीं बनी है, इसलिए डेंगू से बचाव के उपाय ही सबसे अहम हैं। वर्ष 2018 में भारत में एक लाख से भी ज्यादा डेंगू के मामले सामने आए थे और एम्स द्वारा डेंगू के दस वर्षों के आंकड़ों का अध्ययन करने पर यह तथ्य भी सामने आया था कि केवल एम्स में ही डेंगू से मृत्युदर 7-10 फीसदी थी। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक 2023 में देश में डेंगू के मामलों की संख्या करीब ढ़ाई लाख थी। माना जाता रहा है कि अक्तूबर माह के बाद रात के तापमान में गिरावट आने पर डेंगू के मच्छर स्वतः ही खत्म हो जाते हैं लेकिन समय के साथ-साथ स्थिति खतरनाक होती जा रही है और डेंगू फैलाने वाले मच्छरों का प्रकोप अब सर्दी के मौसम में भी शांत नहीं होता। डेंगू अब साल-दर-साल इतना जानलेवा होता जा रहा है कि मौसम में बदलाव के बावजूद सर्द मौसम में डेंगू के सैंकड़ों मरीज सामने आने लगे हैं।

डेंगू से पीड़ित व्यक्ति को प्रायः तेज सिरदर्द होता है और लगातार बुखार आता है, जो 100 डिग्री के आसपास बना रहता है लेकिन डेंगू के मरीजों के मामलों में कुछ समय से यह चिंताजनक स्थिति भी देखी जाने लगी है कि बहुत से मरीज अब ऐसे भी सामने आते हैं, जिनमें बुखार तथा सिरदर्द जैसे लक्षण नदारद होते हैं और केवल शारीरिक कमजोरी तथा प्लेटलेट्स कम होने जैसे लक्षण ही देखने को मिलते हैं। सिर्फ थकान और कमजोरी की शिकायत करने वाले ऐसे मरीजों में डेंगू की पहचान करना बड़ा मुश्किल होता है। रक्त जांच के बाद रिपोर्ट के आधार पर ही उनमें डेंगू की पुष्टि की जा सकती है। डेंगू के लक्षणों में आए इस बड़े बदलाव को लेकर किए गए अध्ययनों से यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि एडीस मच्छर के वायरस और स्ट्रेन में बदलाव के कारण ही ऐसा हो रहा है। हालांकि चिकित्सक इस बदलाव को जानलेवा तो नहीं किन्तु चिंताजनक अवश्य मानते हैं।

वायरस संक्रमण के कारण डेंगू होता है, जो मादा एडीस मच्छर के काटने से होता है। केवल मादा मच्छर में ही डेंगू का वायरस होता है और यह मच्छर दिन में ही काटता है। एडीस मच्छर के काटने के करीब 3-5 दिनों बाद डेंगू के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। वायरस संक्रमण श्वेत रक्त कोशिकाओं पर धावा बोलता है, जिससे डेंगू पीड़ित व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहद कमजोर हो जाती है। प्लेटलेट्स कम होने पर शरीर के अंदरूनी हिस्सों में ब्लीडिंग का खतरा बढ़ जाता है। इलाज सही मिले तो स्थिति जल्द नियंत्रित हो सकती है अन्यथा डेंगू जानलेवा साबित हो सकता है। जब डेंगू अपनी खतरनाक अवस्था में पहुंचता है तो जानलेवा हो जाता है क्योंकि ऐसी स्थिति में रोगी की प्लेटलेट्स बेहद कम हो जाती है, उसका रक्तचाप तेजी से नीचे गिरता है और शरीर के अंदरूनी अंग कार्य करना बंद कर देते हैं, जिससे रोगी की मृत्यु हो सकती है। डेंगू के प्रमुख लक्षणों में लगातार बुखार रहने के साथ-साथ सिरदर्द, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द जैसे लक्षण देखे जाते हैं। इसके अलावा बुखार के साथ नाक बहना, खांसी, आखों के पीछे दर्द, त्वचा पर हल्के रैशेज, भूख कम होना, कमजोरी जैसे लक्षण भी देखे जाते हैं और कुछ लोगों में लाल व सफेद निशानों के साथ पेट खराब होने, जी मिचलाने, उल्टी लगने जैसे लक्षण भी सामने आते हैं। व्यापक प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोग यही मानते हैं कि डेंगू का मच्छर गंदी नालियों या दूषित जल में ही पनपता है जबकि वास्तव में वायरस जनित यह खतरनाक बीमारी साफ-सुथरे पानी में पनपने वाले एडीज मच्छरों के काटने से फैलती है। डेंगू के मच्छर प्रायः मानसून के बाद ठहरे हुए साफ पानी में पैदा होते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## शिव के अंश से जन्म पर मनुष्य ज्ञानी होता है



संकलित
दर्शन

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम। मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती। बहुत ज्ञान विचार करने के बाद यदि किसी समय यह प्रेम-भक्ति कुछ कम भी हो जाए तो फिर और एक समय यह यदुवंश का ध्वंस करने वाले मूसल की तरह देखते-देखते बढ़ भी जाती है।

## राजा हैं, फिर भी घमंडी ना बनें



संकलित
प्रेरणा

एक राज्य में एक राजा रहता था जो बहुत घमंडी था। उसके घमंड के चलते आस पास के राज्य के राजाओं से भी उसके संबंध अच्छे नहीं थे। उसके घमंड की वजह से सारे राज्य के लोग उसकी बुराई करते थे। एक बार उस गाँव से एक साधु महात्मा गुजर रहे थे उन्होंने भी राजा के बारे में सुना और राजा को सबक सिखाने की सोची।साधु तेजी से राजमहल की ओर गए और बिना प्रहरियों से पूछे सीधे अंदर चले गए। राजा ने देखा तो वो गुस्से में भर गया। राजा बोलाः ये क्या उदण्डता है महात्मा जी, आप बिना किसी की आज्ञा के अंदर कैसे आ गए? साधु ने विनम्रता से उत्तर दियाः मैं आज रात इस सराय में रुकना चाहता हूँ। राजा को ये बात बहुत बुरी लगी वो बोलाः महात्मा जी ये मेरा राज महल है कोई सराय नहीं, कहीं और जाइये। साधु ने कहाः हे राजा, तुमसे पहले ये राजमहल किसका था? राजाः मेरे पिताजी का, साधुः तुम्हारे पिताजी से पहले ये किसका था? राजाः मेरे दादाजी का। साधु ने मुस्करा कर कहाः हे राजा, जिस तरह लोग सराय में कुछ देर रहने के लिए आते है वैसे ही ये तुम्हारा राज महल भी है जो कुछ समय के लिए तुम्हारे दादाजी का था, फिर कुछ समय के लिए तुम्हारे पिताजी का था, अब कुछ समय के लिए तुम्हारा है, कल किसी और का होगा। ये राजमहल जिस पर तुम्हें इतना घमंड है ये एक सराय ही है जहाँ एक व्यक्ति कुछ समय के लिए आता है और फिर चला जाता है। साधु की बातों से राजा इतना प्रभावित हुआ कि सारा राजपाट, मान सम्मान छोड़कर साधु के चरणों में गिर पड़ा।

## सटाका




## आज की पाती

### बढ़ती जनसंख्या कई समस्याओं की जड़

हमारा देश विकास और अन्य बहुत से अच्छे कामों में दुनिया भर में नंबर वन पर है और आगे भी बढ़ रहा है, लेकिन जनसंख्या के मामले में भी हमारा देश दुनिया भर में एक नंबर पर पहुंच चुका है। इस मामले में हमने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। अभी हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट में बताया गया है कि हमारे देश की जनसंख्या लगभग 144 करोड़ के आंकड़े तक पहुंच गई है और भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो सकती है। अगर भारत सरकार और देश का आमजन बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए गंभीरता दिखाए तो भारत जनसंख्या वृद्धि के मामले में आगे नहीं बढ़ेगा। जनसंख्या वृद्धि को रोकना नितांत आवश्यक है क्योंकि इससे कई समस्याएं पैदा होती हैं।

*-मनीष पांडे, जगदलपुर*

## X ट्रेंड

### जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करेंगे



ओड़िशा में भाजपा सरकार बनने पर 6 दिन के अंदर श्री जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की चाबी से संबंधित जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करेंगे। हम श्री जगन्नाथ भक्तों के लिए मंदिर के सभी चारों द्वारों को खोलकर मंदिर की व्यवस्था को सुदृढ़ करेंगे।

-अमित शाह, केंद्रीय मंत्री

### सच्चाई नहीं दिखती



प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र में बोला कि मैं यहां का प्याज खाकर और यहां के कपास से बने हुए कपड़े पहनकर बड़ा हुआ हूं। वो ये भी कहते हैं मैंने भिक्षा मांगकर अपना जीवन गुजारा। उनकी एक भी बात में सच्चाई नहीं दिखती।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

### जनता का पैसा



भाजपा ने गूगल पर 100 करोड़ का प्रचार करने का रिकॉर्ड बनाया है। ये जनता का पैसा है, जो चुनावी चंदे के रूप में कंपनियों से बटोरा है और जनता से वसूला है और दूसरी तरफ़ कोरोना के दौरान घपले वाला केयर फंड बनाकर भाजपा ने जनता से सीधे भी वसूला है।

-अखिलेश यादव, सपा नेता

### एआई सीखेंगे




अगली पीढ़ी के फिल्म निर्माता फिल्म स्कूलों में नहीं जाएंगे। वे सीखेंगे कि एआई सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके किसी फिल्म को कैसे 'प्रॉम्प्ट' किया जाए। क्या मैंने अगली पीढ़ी कहा? हम अगले साल इस बार एआई जेनरेट फिल्में बनाएंगे।

-शेखर कपूर, फिल्म निर्माता

## करंट अफेयर

# तीसरी बार फिर भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे मोदी



पाकिस्तान मूल के एक प्रसिद्ध अमेरिकी उद्योगपति ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक मजबूत नेता हैं जिन्होंने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है और वह तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। बाल्टीमोर निवासी पाकिस्तानी अमेरिकी कारोबारी साजिद तरार ने कहा कि मोदी न केवल भारत के लिए अच्छे हैं बल्कि क्षेत्र और दुनिया के लिए भी अच्छे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि पाकिस्तान को भी उनके जैसा कोई नेता मिलेगा। तरार ने कहा, 'मोदी एक शानदार नेता हैं। वह ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में पाकिस्तान का दौरा किया। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि मोदी जी पाकिस्तान के साथ संवाद और व्यापार शुरू करेंगे।' एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, 'भारत के लिए भी शांतिपूर्ण पाकिस्तान अच्छा होगा।' उन्होंने कहा कि हर जगह यही कहा जा रहा है कि 'मोदी जी भारत के अगले प्रधानमंत्री बनेंगे'। तरार 1990 के दशक में अमेरिका आकर बस गए थे और पाकिस्तान की सत्ता में बैठे लोगों से उनके अच्छे संपर्क हैं। उन्होंने कहा, 'यह चमत्कार से कम नहीं है कि भारत में 97 करोड़ लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र है। मैं वहां मोदी जी की लोकप्रियता देख रहा हूं और 2024 में भारत का शानदार उदय होते देख रहा हूं।

## ऑफ बीट

# धार्मिक अनुभव बदल सकता है मेटावर्स



नई तकनीकें हमेशा हमारे धार्मिक अनुभवों में नयापन और बदलाव लेकर आई हैं। 1880 के दशक में रेडियो सुनना कई लोगों की नजर में धार्मिक महत्व रखता था क्योंकि उन्हें ऐसा लगता था कि रेडियो में सुनाई दे रही आवाज किसी और लोक से आ रही है। उस दौरान प्रेतात्माओं से संवाद करने के लिए होने वाली सभाएं काफी लोकप्रिय हो गई थीं क्योंकि कुछ लोगों को लगता था कि रेडियो ने आध्यात्मिक दुनिया के लिए एक द्वार खोल दिया है। भले ही दुनिया के कुछ हिस्सों में औपचारिक धार्मिक गतिविधियों में भागीदारी में कमी देखी जा रही है, लेकिन नयी तकनीकें हमारे आध्यात्मिक जीवन में नयापन लाती रहेंगी। हमारे समय का सबसे नया माध्यम मेटावर्स एक सूचनात्मक और अनुभवात्मक तकनीक है, जहां उपयोगकर्ता आभासी वास्तविकता (वीआर) में बनाए गए सामाजिक वातावरण में बातचीत कर सकते हैं। मेटावर्स को पहले से मौजूद तकनीकों का उपयोग करके व्यवस्थित और निर्मित किया जा रहा है। इसके पूर्ण रूप और विकास के लिए उन तकनीकों के उपयोग की आवश्यकता होगी जो अभी तक मौजूद नहीं हैं। उदाहरण के लिए, मौजूदा तकनीक का उपयोग करके 3डी ऑनलाइन स्पेस में तेजी से प्रतिपादन या कंप्यूटिंग संभव नहीं है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## सेशन कोर्ट का फैसला : 26-26 हजार का जुर्माना भी लगाया

### लूट के बाद हत्या कर हो गए थे फरार

# पुरानी मकान मालकिन के हत्यारों को दोहरा आजीवन कारावास



**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश एमडी रजक की अदालत ने पुरानी मकान मालकिन की हत्या के बहुचर्चित मामले में आरोपित जबलपुर निवासी दीपक पटेल व देवी प्रसाद पटेल का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ दोहरे आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथ ही 26-26 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

अभियोजन की ओर से जिला लोक अभियोजन अधिकारी अजय कुमार जैन व विशेष लोक अभियोजक कृष्णगोपाल तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि सात व आठ अगस्त की दरमियानी रात महन महल थाना क्षेत्र निवासी मकान मालकिन केशर बाई की हत्या हो गई थी। अनिल अबिद्रा नामक किरायेदार ने महन महल थाने पहुंचकर सूचना दी थी। उसने बताया था कि वह करीब छह माह से किराये से रह रहा है। अन्य किरायेदार भी रहते हैं। सुबह मोटर चालू करने के लिए दरवाजा खटखटाया तो भीतर से कोई आवाज नहीं आई। लिहाजा, पड़ोसियों को एकत्र कर लिया। इसके बाद दरवाजा खोला गया। भीतर टीवी चालू थी, आलमारियां खुली हुई थीं। कपड़े तितर-बितर पड़े थे। बाजू वाले कमरे में कोई किरायेदार रहता था, जिसके दरवाजे की चटकनी केशर बाई के कमरे की ओर खुलती थी। चटकनी खोलकर देखने पर किचन में खून से लथपथ केशर बाई की लाश पड़ी। थी। उसके दोनों हाथ-पैर रस्सी से बंधे थे। चेहरे पर चादर-तकिया, रजाई ढ़ंके थे।

मदन महल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। जांच करने पर पता चला किया संदेही दीपक व देवी प्रसाद पुराने किरायेदार थे। दोनों ने इस हत्याकांड को लूट की मंशा से अंजाम दिया था।

## गाडरवारा में पदस्थ नर्सिंग सिस्टर को जबलपुर की रिक्त सीट पर समायोजित करें

### हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य सेवाएं संचालनालय के संचालक (नर्सिंग) को निर्देश दिए

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य सेवाएं संचालनालय के संचालक (नर्सिंग) को निर्देश दिए कि गाडरवारा में पदस्थ नर्सिंग सिस्टर को जबलपुर की रिक्त सीट पर समायोजित करने पर निर्णय लें। जस्टिस विशाल धगटर की एकलपीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए उचित आदेश पारित करें। कोर्ट ने इसके लिए 30 दिन की मोहलत दी।जबलपुर निवासी रेखा नामदेव कौशल की ओर से अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता वर्तमान में गाडरवारा में नर्सिंग सिस्टर के पद पर पदस्थ है। उन्होंने बताया कि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अवर सचिव ने 24 नवंबर 2021 को एक आदेश पारित कर नर्सिंग सिस्टर के पद का नाम बदलकर सीनियर नर्सिंग ऑफीसर कर दिया है। जबलपुर में नर्सिंग सिस्टर 18 पद खाली पड़े हैं। याचिकाकर्ता ने विभाग को अभ्यावेदन देकर उसे जबलपुर में समायोजित करने की मांग की थी। विभाग ने यह कहकर उसकी मांग ठुकरा दी कि जबलपुर में सीनियर नर्सिंग ऑफीसर का कोई पद रिक्त नहीं है।



## बादल और बूंदाबांदी से पारे के उछाल पर रोक

**जबलपुर।**

दिन और रात का पारा औसत से नीचे चल रहा है फिर भी गर्मी अपना असर दिखा रही है। मंगलवार को दिनभर धूप तपी और रात में हलकी बारिश हुई। उसके बाद पारा जो 40 डिग्री तक पहुंच गया था, बुधवार को 37 डिग्री पर आ गया। फिर भी धूप तेज रही शाम होते होते बादल छाने लगे थे और उमस बढ़ने लगी थी। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ का असर बना हुआ है, जिसके प्रभाव से जिले में अगले 24 घंटे के दौरान कहीं कहीं हल्की वर्षा की संभावना है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि पूर्वी मध्य प्रदेश के ऊपर ऊपरी हवाओं का चक्रवात बना हुआ है। दिन में धूप की वजह से गर्मी हो जाती है और रात बादल आच्छादित होने से बूंदाबांदी होने लगती है। जिसका प्रभाव अगले 24 घंटे तक तापमान पर पड़ता है। पिछले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस पर रूक गया, जो समान्य से 4 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 23.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 4 डिग्री कम रहा। हवा मे नमी प्रातकाल 58 प्रतिशत और सायंकाल 37 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5 बजकर 28 मिनिट हुआ जबकि सूर्यास्त सायं 6 बजकर 45 मिनिट पर हुआ। प्रदेश में 42.9 डिग्री तापमान छतरपुर जिले में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 41.01 और न्यूनतम तापमान 26.06 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं। उत्तर पूर्वी हवाएं 5-6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं।

**जिले में हल्की बारिश की संभावना**

## प्राचार्य के जाति प्रमाण पत्र की प्रामाणिकता की जांच कर अंतिम निर्णय लें

### हाईकोर्ट ने उच्च स्तरीय जाति छानबीन समिति को निर्देश दिए

**जबलपुर।**



मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने उच्च स्तरीय जाति छानबीन समिति को निर्देश दिए कि हर हाल में शासकीय शाला में पदस्थ प्राचार्य के जाति प्रमाण पत्र की प्रामाणिकता की जांच कर अंतिम निर्णय लें। इसके लिए कोर्ट ने 4 माह की मोहलत दी है। जस्टिस जीएस आहलूवालिया की एकलपीठ ने समिति को निर्देश दिए कि जांच पर निर्णय लेने के बाद उसकी एक कॉपी याचिकाकर्ता को प्रेषित करें। जबलपुर निवासी सेमसन विलियम ने याचिका दायर कर बताया कि शासकीय स्कूल में पदस्थ प्राचार्य डॉरेल विलियम पॉल ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र से नौकरी हासिल की है। याचिकाकर्ता ने इस संबंध में 2013 में हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट के निर्देश पर याचिकाकर्ता ने 3 मार्च 2014 को उच्च स्तरीय जाति छानबीन समिति को जाति प्रमाण पत्र की जांच करने अभ्यावेदन प्रस्तुत किया था। कोर्ट को बताया गया कि शिकायत पिछले 10 साल से लंबित है। समिति ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है, इसलिए दोबारा याचिका दायर की गई।

## कैंट और हनुमानताल में 4 सटोरिए गिरफ्तार

# आईपीएल क्रिकेट में लग रहे थे सट्टे पर दांव

**जबलपुर।**



क्राईम ब्रांच, हनुमानताल और कैंट पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खिलाते हुए 4 सटोरिए को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 टीव्ही, 1 टैबलेट, 8 मोबाइल एवं नगद 31 हजार 700 रुपए जब्त किए है। हनुमानताल थाना प्रभारी मानस द्विवेदी ने बताया कि मरही माता मंदिर के पास भवानी चौक निवासी 26 वर्षीय अंकित बेन और प्रेमसागर सरकारी क्वाटर के पीछे हनुमानताल निवासी 34 वर्षीय बबलू बहेलिया गत रात भवानी चौक में आईपीएल का सट्टा खिला रहा था। मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच और हनुमानताल की संयुक्त टीम ने अंकित बेन और बबलू बहेलिया को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अंकित बेन के कब्जे से 2 मोबाइल, एक सट्टा पट्टी एवं नगद 16 हजार 500 रूपये तथा बबलू बहेलिया के कब्जे से एक मोबाइल एवं नगदी 15 हजार 200 रूपये जब्त किये। पूछताछ पर दोनों आरोपियों द्वारा राजू गुप्ता से आईडी लेकर राजा सोनकर के संरक्षण में राजा सोनकर के घर के सामने खड़े होकर दिल्ली वर्सेस लखनऊ के बीच चल रहे आईपीएल क्रिकेट मैच में क्रिकेट का सट्टा खिलाने की बात स्वीकार किये। पुलिस ने अंकित बेन, बबलू बहेलिया, राजू गुप्ता, राजा सोनकर के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट तथा 109 के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

इसी प्रकार कैंट थाना प्रभारी राजकुमार खटीक ने बताया कि इंडियन काफी हाउस सदर निवासी 39 वर्षीय ऋषि ठाकुर गत रात अपने मकान नंबर 43 जीके हुसैन कंपाउंड में त्रिमूर्तिनगर गोहलपुर निवासी 41 वर्षीय नितिन उर्फ अप्पू ठाकुर के साथ आईपीएल क्रिकेट मैच टीव्ही में देखकर मोबाइल से सट्टे की बाजी लगा रहा था। मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच और कैंट पुलिस की टीम ने ऋषि ठाकुर ओर नितिन उर्फ अप्पू ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने ऋषि ठाकुर के कब्जे से एक टेबलेट लीनोवो कम्पनी का, एक वीवो कम्पनी का मोबाइल, एक लावा कम्पनी का कीपेड मोबाइल, माईक्रो मेक्स कम्पनी की एलईडी टीव्ही एक एमआई कम्पनी का एमआई बाक्स एवं नितिनि ठाकुर के कब्जे से एक डायरी जिसमें लेखा जोखा है, एक रेडमी कम्पनी का मोबाइल, 2 कीपेड मोबाइल जब्त किये है। सट्टा के संबंध में पूछताछ पर सट्टे की कटिंग अपने मोबाइल नम्बर से तुलसीनगर चेरीताल थाना कोतवाली निवासी सुमित जैन के मोबाइल नम्बर पर देना जिसके एवज में प्रतिदिन का कमीशन मिलने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी ऋषि ठाकुर, नितिन उर्फ अप्पू ठाकुर एवं सुमित जैन के विरूद्ध धारा 3, 4 सट्टा एक्ट तथा 109 के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।



## पमरे के 20 स्टेशनों पर कम्प्यूटरीकृत पार्सल मैनेजमेंट सुविधा अपडेट

**जबलपुर।** पमरे में कंप्यूटराइज्ड डिजिटल तकनीकी को बढ़ावा दिया जा रहा है। महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के प्रयासों से पमरे में भी कम्प्यूटरीकृत तकनीकी के तहत अपडेट कर विस्तार किया गया है। इसी कड़ी में पार्सलों की बुकिंग कम्प्यूटरीकृत पार्सल प्रबंधन प्रणाली लैस (पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम) किया गया है। रेलवे में पार्सल प्रबंधन प्रणाली का प्रमुख उद्देश्य पार्सल यातायात में वृद्धि करके पार्सल आय को बढ़ाना, पार्सल जगह का अधिकतम उपयोग, दावों को कम करना, कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाना एवं ग्राहक संतुष्टि में सुधार लाना है।

## एक जून को निरस्त रहेगी गरीब रथ

**जबलपुर।** जबलपुर रेलवे स्टेशन से मुंबई के बीच चलने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन न. 12187/88 के एक फेरे को रेल प्रशासन ने मुंबई छत्रपति शिवाजी टर्मिनस स्टेशन पर नान इंटर लाकिंग कार्य के चलते रद्द किया है। इस संबंध में सीनियर डी.सी.एम. डॉ मधुर वर्मा ने बताया कि आगामी 01 जून 2024 को जबलपुर से मुंबई जाने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन न. 12187 उक्त कार्य के चलते रद्द रहेगी. इसी तरह वापसी में 02 जून 2024 को भी उक्त ट्रेन न. 12188 मुंबई से जबलपुर के लिए रद्द रहेगी. मुबई के उक्त स्टेशन पर नान नान इंटर लाकिंग कार्य के चलते बड़ी संख्या में यात्री गाड़िया रद्द की गयी है जिसमे से जबलपुर की यह एक मात्र ट्रेन है।

## बिना अनुमति शहर में चल रहे मैरिज गार्डन



**जबलपुर।** शहर में नगर निगम से बिना अनुमति लिये अधिकांश मैरिज गार्डन और बारात घरों के संचालित किये जाने का मामला सामने आया है। शहर में करीब 200 मैरिज गार्डन और बारात घर है, लेकिन इनमें से सिर्फ 55 ही नगर निगम में दर्ज है, बाकि बिना अनुमति और लाइसेंस के संचालित हो रहे है, जहाँ न पार्किंग है और न ही गाइड लाइन अनुसार सुविधाए। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में अध्यक्ष मनोहर ममतानी व सदस्य राजीव कुमार टंडन ने जबलपुर के कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त से मामले की जांच करकार की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

## स्टेट बार ने तहसीलों के निरीक्षण पर दिया बल

### -वाइस चेयरमैन सैनी ने कलेक्टर को लिखा पत्र

**जबलपुर।**

स्टेट बार ने कलेक्टर को पत्र लिखकर तहसीलों के निरीक्षण की मांग की है। वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ने पत्र के जरिये वकीलों की शिकायत से अवगत कराया है। उनका कहना है कि तहसीलों में विधि व्यवसाय करने वाले वकीलों को काफी परेशानी हो रही है। उनका आरोप है कि राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार व पटवारी ठीक से कार्य नहीं कर रहे। शिकायत करने पर कोई नतीजा नहीं निकलता। लिहाजा, भ्रष्टाचार मचा हुआ है। इस स्थिति को गंभीरता से लेकर कलेक्टर हाट बाजार-अधारताल तहसील, गोरखपुर तहसील, कुंडम तहसीलों का निरक्षण करें ताकि उनको सही तथ्यों का पता चल सके। यदि समय रहते तहसीलदार, एसडीएम, पटवारी व आरआई को भ्रष्टाचार करने से नहीं रोका गया तो भविष्य में इसके गंभीर गंभीर होंगे। अधिवक्ता आंदोलित हो सकते हैं। समय का तकाजा यह भी है कि लंबे समय से एक ही जगत जमे तहसीलदार, एसडीएम, पटवारी व आरआई का स्थानांतरण किया जाए।

## जीसीएफ के रिटायर्ड वृद्ध से बीसी खिलाने वालों ने 52 लाख हड़पे

**जबलपुर।**

अधारताल थाना अतंर्गत जयप्रकाश नगर अधारताल में बीसी खेलने के लिए जमा कराए गए 52 लाख 51 हजार रुपए एक बदमाश ने हड़प लिए। जीसीएफ से सेवानिवृत्त 64 वर्षीय एक वृद्ध ने अपनी सारी कमाई बीसी में लगा रखी थी, जिसका वह हर महीनें नगद व चैक के माध्यम से भुगतान करते थे। बीसी खिलाने वाले आरोपी संतोष यादव ने बीसी के रुपए जमा नहीं किए और रुपयो का हड़प लिया। अधारताल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज कर लिया है। घटना के संबंध में अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी 64 वर्षीय मदन मोहन ने झिरिया मोहल्ला कंचनपुर अधारताल निवासी संतोष यादव को बीसी खेलने के कई बार नगद एवं चैक के माध्यम से कुल 52 लाख 51 हजार 490 रुपए मुन्नीलाल पटेल के सामने दिए थे। बीसी खुलने पर यह राज भी खुला कि संतोष यादव ने बीसी की रकम जमा नहीं की और 52 लाख 51 हजार रुपये हड़प लिए, मांगने पर वापस भी नहीं कर रहा। पुलिस ने आरोपी संतोष यादव के खिलाफ धारा 406 के तहत अमानत में ख्यानत का प्रकरण दर्ज कर लिया है आरोपी अभी फरार है।

## आज भी जारी रहेगी कार्यकारिणी सदस्यों के मतों की गणना

### हाई कोर्ट बार चुनाव

**जबलपुर।**

हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के कार्यकारिणी सदस्यों की मतगणना बुधवार को सुबह से शाम तक चली। लेकिन पूरी नहीं हो सकी। लिहाजा, गुरुवार को भी यह प्रक्रिया निरंतर रखने का निर्णय लिया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी दिनेश उपाध्याय ने बताया कि कार्यकारिणी सदस्य के कुल सात पदों के लिए 25 प्रत्याशी मैदान में थे। उन सभी के भाग्य का फैसला 13 मई को मतदान के साथ ही मतपेटियों में कैद हो गया था। बुधवार को मतगणना का शुभारंभ किया गया। चूंकि पदों व प्रत्याशियों की संख्या अधिक है, अतः मतगणना टीम को मतपेटी से मतपत्र निकालकर जमाने में काफी समय लग गया। इसके बाद मतगणना प्रक्रिया को गति दी गई। देर शाम तक बिना ब्रेक मतगणना जारी रही, किंतु पूरी नहीं हो पाई। इसलिए आगे की मतगणना गुरुवार को किए जाने की व्यवस्था दे दी गई। जैसे ही सात विजेता कार्यकारिणी सदस्यों के नाम सामने आ जाएंगे, हाई कोर्ट बार की नवीन कार्यकारिणी स्पष्ट हो जाएगी। इससे पूर्व अध्यक्ष, सचिव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष व पुस्तकालय सचिव के परिणाम समाने आ चुके हैं। जिनमें क्रमशः अधिवक्ता डीके जैन, परितोष त्रिवेदी, अमित जैन, प्रशांत अवस्थी, योगेश सोनी, राजेंद्र प्रताप सिंह व रजनीश उपाध्याय विजयी हो चुके हैं।

## ट्रैफिक सुधारने सड़क पर उतरी यातायात पुलिस

**जबलपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तैयार किये गये एक्शन प्लान के तहत यातायात पुलिस ने व्यस्ततम मार्गों पर जहां अस्थाई अतिक्रमण ठेले, टपरों को हटाया वहीं दो व्हीकल जोन में खड़े 203 वाहनों के चालान काटकर उनके चालकों से 76 हजार 100 रुपये समन शुल्क वसूला। कार्ययोजना के तहत कल शहर के व्यस्ततम मार्ग तीन पत्ती चौक से एमसी एस आर टीसी क्रासिंग, छावड़ा क्रासिंग, बस स्टेंड तिराहा तक यातायात पुलिस द्वारा मार्ग के अस्थाई अतिक्रमण एवं नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों को हिदायत देकर हटाया। कार्यवाही के दौरान 203 वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर 76 हजार 100 रुपये समन वसूला गया।

## हाई कोर्ट ने जिला पंचायत सीइओ को किया तलब

### वित्तीय अधिकार छीनने का मामला

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने ग्राम पंचायत सचिव से वित्तीय अधिकार छीनने के मामले में जिला पंचायत, शहडोल के सीइओ को उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 17 मई को निर्धारित की है। यह मामला शहडोल जिले सोहागपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम जुगवारी के सचिव अर्जुन कुमार जायसवाल की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता से जिला पंचायत सीइओ ने वित्तीय अधिकार छीनकर बिना नियम कानून के ग्राम रोजगार सहायक को सौंप दिए। संचालक पंचायत राज संचनालय, भोपाल ने चार अक्टूबर, 2023 को यह आदेश जारी किया कि ग्राम पंचायत में सचिवों के रिक्त पदों पर सचिवों को ही वित्तीय प्रभार सौंपे जाएं। इसके बावजूद ग्राम रोजगार सहायक को वित्तीय अधिकार सौंपा गया, जो कि अवैधानिक है। जिसे गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने सीइओ को हाजिर होकर शपथ-पत्र पर यह बताने के निर्देश दिए गए हैं कि उन्होंने किस आदेश के तहत वित्तीय अधिकार छीनकर ग्राम रोजगार सहायक को दिए हैं।

### शिकायत पर एसडीएम तहसीलदार मौके पर पहुंचे, शुरु की जांच

# बाह्य नाला की सरकारी जमीन को खुर्द बुर्द कर भू माफिया कर रहे प्लाटिंग

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

भू माफियों की गिद्ध नजर के चलते वर्षा जल निकासी के एकमात्र विकल्प बाह्य नाला का आस्तित्व दिन प्रतिदिन सिकुड़ता जा रहा है जिसका खामियाजा वर्षा काल में बाह्य नाला के दोनों तरफ खेतों में बसी नई बसाहट को जल प्लावन की समस्या से जूझकर करना पड़ता है। भूमाफियों के लगातार जुल्मो के चलते लगभग 40 से 45 फुट चौड़ा बाह्य नाला 10 से 15 फुट की चौड़ाई तक सीमित रह गया कहीं-कहीं तो नाला अपने बहाव की दिशा से ही भटककर निजी जमीन से बहने लगा।



### लगभग एक दर्जन कालोनियां हो गई विकसित

सिहोरा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 2 स्थित हनुमान पहाड़ी से राष्ट्रीय राजमार्ग तक यदि देखा जाए तो बाह्य नाला के दोनों तरफ प्रशासन की चुप्पी के चलते भू माफिया ने लगभग एक दर्जन से अधिक कालोनियां बना दी। पानी निकासी की बगैर प्लानिंग एवं वर्षा काल में नाला के विकराल रूप को नजर अंदाज कर विकसित की गई अवैध कॉलोनी में निवासरत लोगों को प्रतिवर्ष जल प्लावन की समस्या से जूझना पड़ता है इसके बावजूद भूमाफिया लगातार बाह्य नाला के अस्तित्व से खिलवाड़ कर रहे हैं। भू माफियाओं के हौसले इतने बुलंद है कि बाहय नाला के साथ-साथ उससे जुड़े सरकारी रकवे तक को खुर्द बुर्द कर रहे हैं।

### बाह्यनाला एवं सरकारी जमीन संरक्षित करने की मांग

सिहोरा वार्ड नंबर 11 निवासी राहुल श्रीवास ने जबलपुर कलेक्टर एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष शारदा तिवारी ने सिहोरा अनुविभागीय अधिकारी से की गई लिखित शिकायत में आरोप लगाते हुए बताया कि मौजा सिहोरा, प.ह.नं. 104 तहसील सिहोरा जिला जबलपुर ज्वालामुखी के नीचे नई कन्या शाला बरझा रोड पर बाह्य नाला को मिट्टी से समतल कर नाला के वास्तविक स्वरूप राजस्व नक्शा में पूर्ण रूप से परिवर्तित कर बाह्य नाला पर धड़ल्ले से दिन दहाड़े मुरूम डालकर प्लाटिंग की जा रही है।

### जल प्लावन की समस्या

नगर पालिका उपाध्यक्ष शारदा तिवारी ने भी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रूपेश सिंघई से लिखित शिकायत की है शिकायत में बताया गया कि वार्ड नंबर 11 बरझा रोड नई कन्या शाला के पास स्थित बाह्य नाला को भू माफियों द्वारा षड्यंत्र रचकर मिट्टी डालकर सरकारी नाला को पूर दिया गया है। जिससे वार्ड नम्बर 02 एवं 11 में जल भराव की स्थिति निर्मित होती है। और श्री तिवारी ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से मांग की है कि नाले को पूर्व की भांति करवाया जाए, जिससे वर्षा ऋतु में रहवासियों को राहत मिल सके एवं जिन भू माफियों द्वारा शासकीय नाला परिवर्तित किया गया है उन व्यक्तियों पर दंडात्मक कठोर कार्यवाही की जाए।

### स्थल जाँच करने पहुँचे एसडीएम व तहसीलदार

शिकायत के बाद सिहोरा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रूपेश सिंघई, तहसीलदार सिहोरा शशांक दुबे, मौके पर पहुँचे और उन्होंने मौका मुआयना कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जांच जारी है

शिकायत की जांच कराई जा रही है विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी
**रूपेश सिंघई**, अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा



### योग जीवन के लिए महत्वपूर्ण : शंशाक दुबे

# सीएम राइज स्कूल में समर कैंप का समापन

**सिहोरा।** सी एम राइज पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट उ मा विद्यालय सिहोरा में समर कैंप के समापन समारोह का आयोजन शशांक दुबे तहसीलदार सिहोरा के मुख्य आतिथ्य,अरविंद धुर्वे सहायक संचालक के विशिष्ट आतिथ्य एंव अशोक उपाध्याय प्राचार्य की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर उप प्राचार्य शैलेंद्र मिश्रा और बीआरसी बृजेश श्रीवास्तव मुख्य रुप से उपस्थित थे।बच्चों ने समर कैंप में ड्राइंग,आर्ट एंड क्राफ्ट पेंटिंग, डांस, स्पोर्ट्स एवं योगा की विभिन्न गतिविधियों को बड़े ही उत्साह के साथ सीखा। जिसमें विभिन्न विधाओं में प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान कर उनका उत्साहवर्दन किया गया। बच्चों ने अलग-अलग विधाओं में क्या सीखा स्वयं मंच पर आकर अपनी बात को रखा। बच्चों के द्वारा रंगारंग विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रदर्शित किए गए। इस कार्यक्रम में समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों के पालक भी उपस्थित थे यही समर कैंप की उपलब्धि रही मुख्य अतिथि ने कहा की योग हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है हर बच्चे को प्रतिदिन करना चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष ने कहा की समर कैंप बच्चों के लिए बहुत उपयोगी है क्योंकि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों में अन्य कौशलों का विकास होना आवश्यक है और समर कैंप कौशलों के विकास के लिए एक अच्छा माध्यम है।

समरकैंप में योगा श्रीमती सुधा उपाध्याय,आर्ट एंड क्राफ्ट और पेंटिंग श्रीमती वर्षा साहू,स्पोर्ट्स अशोक कुमार राय पी टी आई ने इंडोर और आउट डोर खेल बच्चों को सिखाए।मिस ईशा उपाध्याय ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों को गहराई के साथ बच्चों को सिखाया। इस कार्यक्रम में नरेंद्र दुबे लेखपाल,रवि प्रकाश मिश्रा,रमेश नापित,राजाराम चक्रवर्ती,अरविंद कुर्मी,मनीष विश्वकर्मा,संदीप सोनी,रामबरन हल्दकार शिक्षक उपस्थित थे।

## पौध संरक्षण रसायनों के उपयोग में आवश्यक सावधानियां हों : उपसंचालक

**जबलपुर।** उपसंचालक कृषि ने कहा कि पौध संरक्षण रसायन जैसे खरपतवारनाशक, कीटनाशक, फफूंदनाशक रसायन जिनका उपयोग जीवित जन्तुओं को नियंत्रण करने के लिये किया जाता है। एकीकृत कीट प्रबंधन के लिये कीटनाशकों का न्यूनतम उपयोग कर कीट नियंत्रण विधियों को सम्मलित कर ऐसा प्रयास करें कि अधिकतम फसलोत्पादन प्राप्त किया जा सकें। कभी-कभी कीटनाशकों के प्रयोग से कीटों की संख्या में अत्याधिक वृद्धि हो जाती है। अचयनित कीटनाशकों के प्रयोग से कीड़ों के साथ-साथ उनके प्राकृतिक शत्रु भी नष्ट हो जाते है। प्राकृतिक शत्रुओं की कमी से कभी-कभी गौण कीट की भी अत्याधिक संख्या में वृद्धि हो जाती है। उन्होंने कहा कि पौध सरक्षण दवाओं के चयन के साथ-साथ उपयोग करते समय भी अत्यंत सावधानी रखनी चाहिए। कीटनाशकों की विषक्तता डिब्बे एवं बोरियों के उपर बने रंगों के त्रिकोण को देख कर पहचानी जा सकती है। लाल रंग का त्रिकोण अत्यंत विषैले, पीले रंग का त्रिकोण अत्याधिक विषैला, पीले से नीले रंग का त्रिकोण सामान्य रूप से विषैला होता है तथा हरे रंग का त्रिकोण कम विषैला है। हरा त्रिकोण वाले रसायन मनुष्यों एवं अन्य जीव जन्तुओं के लिए कम जहरीला होने के साथ-साथ पर्यावरण को भी कम प्रदूषित करते है। इसलिए सबसे पहले हरे रंग के त्रिकोण वाली रसायनों का उपयोग करें। लाल त्रिकोण वाली दवाओं का उपयोग अत्यंत आवश्यकता होने पर कृषि विभाग के मैदानी कार्यकर्ता की सलाह पर करें। बार-बार एक ही प्रकार के रसायनों के उपयोग के कीटों में इन रसायनों के प्रति-प्रतिरोधक क्षमता उत्पन्न हो रही है। कीटनाशकों के प्रति प्रतिरोधी कीटों के अब तक हजारों उदाहरण उल्लेखित है। जैसे धान का कीट जैसे फुदका ने पिछले 20 वर्षो में इमिडाक्लोप्रिड के प्रति 800 गुना प्रतिरोधक क्षमता विकसित की है। घरेलू मक्खियों ने मेलाथियान के प्रति 2000 गुना प्रतिरोधी क्षमता विकसित की है। कम जीवन अवधि वाले कीट (फुदका, एफिडस) कीटनाशक रसायनों के प्रति अधिक तेजी से प्रतिरोधी क्षमता का विकास करते हैं कीटनाशकों के प्रतिरोधी क्षमता के विकास से बचने के लिए कीटनाशक रसायनों को बदल-बदल कर उपयोग करना चाहिए। इसके लिये उन्होंने कुछ सावधानियां भी दी जो इस प्रकार है कि खुले हाथों से जहरीले रसायनों को न छुये एवं बीमारी की अवस्था में रसायनों का प्रयोग न करें। शराब का सेवन कर कीट नाशकों का छिड़काव न करें। कीटनाशकों का प्रयोग करते समय बीड़ी, सिगरेट तथा तम्बाकू का सेवन न करें।



### विचार गोष्ठी का आयोजन

# हमने चंदन की सांसों में चंदन को जलते देखा है

**सिहोरा।** हमने चंदन की सांसों में चंदन को जलते देखा उक्त बात विजय बागरी ने पाठक मंच सिहोरा के द्वारा ग़ज़ल गंजल संग्रह पर आयोजित विचार गोष्ठी में कही। जिसमें कटनी के सुप्रसिद्ध गजलकार चंदन श्रीवास्तव चंदन के दूसरे ग़जल संग्रह अधूरा ख्वाब"पर विमर्श किया गया।

गोष्ठी का आयोजन सतीश आनंद के मुख्य आतिथ्य,विजय बागरी के विशिष्ट आतिथ्य एंव नगर के वरिष्ठ साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें साहित्यकार श्रीमती सुषमा खरे ने स्वरचित सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। एंव अतिथियों का स्वागत मुकेश त्रिपाठी ने किया। चंदन जी जो की पेशे से शिक्षक है उन्होंने अपनी साहित्यिक यात्रा के संबंध में बताया कि "मैं रास्ते तकदीर के बदल नहीं सका,उन रास्तों पर भी सुकूं से चल नहीं सका" उनकी ग़जलों पर आशा निर्मल जैन,प्रमोद दाहिया,अनिल मिश्रा,जितेंद्र नीरस, रमेश सेन बमचक,अरुणा पाण्डे,नारायण तिवारी आदि ने विमर्श प्रस्तुत किया। अंत में कार्यक्रम अध्यक्ष के द्वारा ग़जलों पर विस्तृत विमर्श प्रस्तुत किया सभी ने ग़जलकार का शॉल और श्रीफल से स्वागत किया गया।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने पैरालीगल वालिंटियर्स के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**जबलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा पैरालीगल वालिंटियर्स के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। योजना के अन्तर्गत योग्य व उपयुक्त व्यक्ति को पैरालीगल वालिंटियर के रूप में इम्पैनल्ड करने व उनमें से विभिन्न ग्रामों एवं अन्य आवश्यक स्थानों पर स्थापित किए जाने वाले लीगल सर्विसेज क्लीनिक्स (विधिक सेवा केन्द्र), पुलिस थानों में समाज के कमजोर, पिछड़े तथा पीड़ित व्यक्तियों को सहायता एवं सलाह एवं गुमशुदा बच्चों को मदद करने हेतु संबद्ध किए जाएंगे। राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की विधिक सेवा योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग के लिये इच्छुक व्यक्तियों व पूर्व में इम्पैनल्ड वालंटियर्स से 31 मई की तक आवेदन-पत्र आमंत्रित किए गए हैं। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुसार पैरालीगल वालंटियर का कार्य पूर्णतः विधिक सेवा का कार्य है, जो कि नौकरी नहीं है। इसके लिए कोई वेतन, मजदूरी या भत्ता आदि देय नहीं होगा।



# पक्षियों के लिए सकोरे लगाए गए

**पाटन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी विकास खंड समन्वयक नुपुर खरे के मार्गदर्शन में पाटन के सकरा सेक्टर में अनीता बाई जनकल्याण नवांकुर संस्था द्वारा सेक्टर के गावों में पक्षियों के लिए सकोरे लगाए गए एवं लोगों से भीषण गर्मी में पशु पक्षी के लिए जल की व्यवस्था करने हेतु प्रेरित किया गया पूर्व जनपद सदस्य रणधीर सिंह सहित अनीता बाई जनकल्याण नवांकुर संस्था प्रतिनिधि उमाकांत यादव ब्रजभान यादव प्रेम नारायण चढ़ार परामर्श दाता रामराजा यादव एवम प्रस्फुटन समितियों के सदस्य उपस्थित रहे।



# सीएम राइज मझौली विद्यालय में चल रहे समर कैंप का समापन

**मझौली।** सी एम राइज मझौली विद्यालय में चल रहे समर कैंप का बुधवार को समापन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी अतुल चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सदस्य राजेश सिंह ठाकुर एवं विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती संगीता राय की गरिमामय उपस्थित रही।

सर्वप्रथम मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात प्रार्थना, स्वागत गीत, नृत्य गायन एवं वादन, ढोलक तबला की शानदार प्रस्तुति की गई। आर्ट एंड क्राफ्ट, पेंटिंग आदि का प्रदर्शन भी किया गया।

सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार का वितरण किया गया कार्यक्रम में प्राथमिक विभाग के प्रभारी राकेश कुमार कनौजिया विद्यालय के शिक्षक श्रीकांत विश्वकर्मा, श्री श्याम सुंदर राय, श्रीमती अनामिका पांडे,श्रीमती सुनीता दीवान समर कैंप के प्रभारी श्री सुरेंद्र कुमार राय योग शिक्षक महेंद्र तिवारी समर कैंप नोडल अधिकारी श्रीमती सीमा पाठक, शालिनी श्रीवास्तव,श्री सौरभ तिवारी, ऋषि प्यासी,महिमा जैन, प्रिंस साहू,ओम तिवारी आदि की उपस्थिति रही।

### आटो खड़े करने के विवाद पर चाकू व उस्तरे से हमला

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत चारखंबा में आटो खड़े करने की बात पर तीन बदमाशों एक युवक पर चाकू और उस्तरा से हमला कर घायल कर दिया। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चारखंबा निवासी 26 वर्षीय लोडिंग आटो चालक शहबाज गत देर रात लगभग 2 बजे अपने घर के सामने लोडिंग आटो खड़ा कर रहा था, तभी मोहल्ले के सोहेल, सलीम और अजहर तीनों उसे आटो खड़ा करने के लिए मना करने लगे, उसने कहा कि वह अपने घर के सामने आटो खड़ी कर रहा है। इसी बात पर तीनों गालीगलौज करने लगे, गालियां देने से मना करने पर सोहेल ने चाकू से शहबाज की जांघ पर और अजहर ने उस्तरा से चेहरे पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 324, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### घाट सिमरिया में भागवत कथा का समापन

# कलयुग में भजन कीर्तन ही मोक्ष का साधन : रामाधार शुक्ल



**सिहोरा।** निकटवर्ती ग्रांम घाट सिमरिया में कोदूलाल चौबे की पुण्य स्मृति में आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिवस व्यासपीठ से आचार्य डॉ रामाधार शुक्ल ने परिक्षित मोक्ष,कलयुग का वर्णन करते हुए कहा की कलयुग में भगवान का भजन कीर्तन संतों का सतसंग ही हर व्यक्ति के मोक्ष का परम साधन है । भगवान ने हर किसी को मुक्ति के लिए मनुष्य का जीवन दिया है लेकिन यहां वह लोभ मोह माया भोग में लिप्त होकर उसे भूल जाता है और जब वृद्ध हो जाता है तो उसे भगवान याद आते हैं। इसलिए समय रहते अच्छे कर्म हर किसी को कर लेना चाहिए। आगे कहा की सतयुग में भगवान स्वेत वर्ण में थे,त्रेता में रक्त वर्ण था और उस समय लोग वेद मंत्र के माध्यम से यज्ञ आदि करके मोक्ष प्राप्त करते थे।द्वापर में श्याम वर्ण में थे और उनके चरणों की पूजा करके उनके धाम को चले जाते थे। कलयुग में कृष्ण वर्ण में है और भजन कीर्तन से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है। आगे कहा मंत्र कुशा ब्राह्मण अग्नि कभी अपवित्र नहीं होते हैं तथा आत्मा अजर अमर है और भगवान सब जगह विराजमान हैं। कथा के पूर्व सतीश चौबे, श्रीमती सुषमा चौबे, नीरज चौबे,प्रदीप चौबे, नंदन चौबे, कुलदीप चौबे, विधायक संतोष बरकडे, के के दुबे, अनंत नौगरिया, नरेन्द्र चौबे, राहुल चौबे आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया। कथा समापन के बाद आज भंडारे का आयोजन किया गया है।

## कार की टक्कर से बाईक सवार 3 घायल

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत ओवर ब्रिज के नीचे एक कार ने एक बाईक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाईक में सवार तीन व्यक्ति नीचे गिर कर घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार इमलिया रोड पनागर निवासी हमपाल सिंह गत रात लगभग 9.30 बजे घर से चौक कार्यक्रम गोटेगांव अपने साथी वीरन कुमार शर्मा और रामकृपाल कुररिया के साथ बाईक में जा रहा था। बाईक वीरन कुमार शर्मा चला रहा था और पीछे हमपाल सिंह का पोता हर्ष सिंह अपने दोस्त शिवनंदन के साथ आ रहा था। जैसे ही वह लोग भेड़ाघाट ओवर ब्रिज के नीचे उतरे तभी पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 49 सी 6278 के चालक ने वीरन शर्मा की बाईक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे तीनों हमपाल सिंह, वीरन कुमार और रामकृपाल कुररिया के हाथ, पैर व शरीर में चोटें आ गई। हमपाल सिंह के पोते हर्ष सिंह ने तीनों घायलें को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### उमाघाट में महाआरती, भक्तों को चुनरी भेंट की

**जबलपुर।** गौरीघाट उमा घाट में चल रही महाआरती में आज महाआरती समिति के अध्यक्ष पंडित मनीष दुबे द्वारा नर्मदा सफाई मंडल के सुनील, मोनिका, अटल उपाध्याय, सुमन, नरेंद्र, मनीषा उपाध्याय को मां नर्मदा जी की प्रतिमा, माई की चुनरी भेंट की। शादी की वर्ष गांठ पर माई के तट पर गंदगी न फैलाने की भक्तों को शपथ दिलाई गई। नर्मदा परिक्रमा वासियों, नर्मदा भक्तों को भंडारा में भोजन प्रसाद वितरित किया गया। नर्मदा सफाई मंडल के अटल उपाध्याय, राकेश, विनोद, सतीश,कमल, संदीप, अभय उपाध्याय ने मां नर्मदा जी के तट में गंदगी को रोकने वालों को सम्मानित करने की पहल का स्वागत किया है, साथ ही मां नर्मदा जी के तट पर हजारों की संख्या में तखत, गुमटी बनाकर पूजन सामग्री के नाम पर किराने, खेल, कपड़े और मनोरंजन के समान, भांग की गोली, नसीले गुटके बेचे जा रहे है।

**टेबल बढ़ाईं, अब उत्तर और दक्षिण पश्चिम के जल्द आएंगे नतीजे**

# पांच सौ कर्मचारी कराएंगे ईवीएम के वोटों की गिनती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सात मई को हुए मतदान के बाद उम्मीदवार अब चार जून का इंतजार कर रहे हैं। ईवीएम और पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने पांच सौ अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है, जो 2097 ईवीएम सहित करीब चार हजार पोस्टल बैलेट की गिनती करेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय ने विधानसभावार होने वाली मतगणना को लेकर टेबिलों की संख्या में बदलाव किया है। जिसके तहत उत्तर और दक्षिण पश्चिम विधानसभा के मतदान केंद्रों में 16 राउंड में गिनती की जाएगी। जिससे इन विधानसभा क्षेत्र का रिजल्ट सबसे पहले आ जाएगा। इसके बाद नरेला और मध्य में 17-17 राउंड रहेंगे। सीहोर विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम की गिनती वहीं होगी।

### पहले पोस्ट बैलेट और ईडीसी की गिनती

*चार जून मंगलवार को सुबह आठ बजे से वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी। इसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने पूरी तैयारी कर ली है। अरेरा हिल्स स्थित पुरानी जेल में बनाए गए स्ट्रांग रूम से ईवीएम मशीनों को निकालकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के सामने गिनती शुरू की जाएगी। सबसे पहले पोस्ट बैलेट और ईडीसी वोटों की गिनती होगी। इसके बाद ईवीएम मशीनों को निकाला जाएगा। इस बार भी जिले की सात विधानसभाओं के हिसाब से अलग-अलग टेबल लगाई गईं हैं। जिस पर राउंडवार गिनती शुरु की जाएगी। जिले की सातों विधानसभाओं के पूरे वोटों की गिनती होने के बाद रिजल्ट की घोषणा की जाएगी। जबकि सीहोर विधानसभा क्षेत्र के वोटों की गिनती सीहोर में ही होगी। इसके वोटों को जोड़कर पूरी लोकसभा सीट के रिजल्ट की घोषणा की जाएगी।*



**सुबह 5 बजे पता चलेगा किसे कौन सी टेबल मिली**

मतगणना के लिए कर्मचारियों की तैनाती का रेंडमाइजेशन किया जाएगा। जिसके तहत विस के वोटों की गिनती के लिए अलग-अलग टेबिलों पर मतगणना दल और दो-दो दल एआरओ और तीन रिजर्व दल इस प्रकार 19-19 दल, पोस्टल बैलेट गणना और टेबूलेशन के लिए दल इस तरह लगभग 475 शासकीय सेवकों का रेंडमाइजेशन किया जाएगा। इन्हें किस नंबर की टेबल पर गणना के लिए बैठना है इसके निर्धारण के लिए मतगणना दिवस पर सुबह 5 बजे प्रेक्षकों की उपस्थिति में रेंडमाइजेशन किया जाएगा।

### 14 टेबल पर होगी राउंडवार मतगणना

| विधानसभा | बूथ | राउंड |
|---|---|---|
| बैरसिया | 275 | 18 |
| भोपाल उत्तर | 246 | 16 |
| नरेला | 338 | 17 |
| दक्षिण पश्चिम | 236 | 16 |
| मध्य | 247 | 17 |
| गोविंदपुरा | 383 | 19 |
| हुजूर | 372 | 18 |

**चुनाव आयोग में कांग्रेस ने सबसे ज्यादा तो आप ने कीं 3 शिकायतें**

# अब तक कुल 1567 शिकायतों में 1304 का निराकरण, 263 में नहीं हुई कोई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में लोकसभा चुनाव चार चरणों में मतदान संपन्न हो चुका है। इस दौरान भाजपा व कांग्रेस से लेकर तकरीबन राजनैतिक पार्टियों ने एक दूसरे के खिलाफ चुनाव आयोग में जमकर शिकायतें की। सबसे अधिक शिकायतें कांग्रेस पार्टी ने की हैं। सबसे कम आम आदमी पार्टी ने महज तीन शिकायतें की है। आचार संहिता शुरू होने के बाद से लेकर मतदान समाप्ति होने तक में कुल 1567 शिकायतें हुई, इसमें से 1304 का निराकरण कर दिया गया। 263 शिकायतों में अभी जांच चल रही है। आयोग परीक्षण के बाद कार्रवाई करेगा। चुनाव आयोग से मिली जानकारी के अनुसार मप्र में राजनैतिक पार्टियों ने कुल 206 शिकायतें की। जबकि भारत निर्वाचन आयोग से 284 शिकायतें प्राप्त हुई। यह ऐसी शिकायतें हैं, जिसमें शिकायतकर्ताओं ने ऑन लाइन शिकायतें की। इसे मप्र चुनाव कार्यालय में भेजकर निराकरण कराया गया। इसमें से हालांकि कई शिकायतें ऐसी हैं, जिन पर अभी कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

### कई शिकायतें ऐसी भी, जिनमें किसी का नाम और पता नहीं

मप्र निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय इन शिकायतों का परीक्षण करा रही है, इसके बाद इस पर ठोस कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह चुनाव आयोग को 1077 शिकायतें विभिन्न माध्यमों से मिली। इसे डाक, कुरियर के साथ ही आयोग के कार्यालय में किसी ने किसी माध्यम मसलन ऑनलाइन व अन्य तरीके से प्रेषित किया गया। इसमें कई शिकायतें ऐसी हैं, जिसमें शिकायतकर्ताओं का पूरा नाम व पता नहीं है।

### राजनीतिक दलों में सबसे अधिक 108 शिकायतें कांग्रेस ने की

राजनैतिक पार्टियों में सबसे अधिक शिकायतें कांग्रेस पार्टी ने की है। कांग्रेस ने भाजपा व अन्यों के खिलाफ कुल 108 शिकायतें की। इनमें से कुछ को छोड़कर बाकी सभी शिकायतों का निराकरण कर दिया गया है, जबकि भाजपा ने कुल 81 शिकायतें की। यह शिकायतें प्रतिद्वंदी कांग्रेस व अन्य पार्टियों के खिलाफ थी। तीसरे नंबर पर बसपा ने कुल 11 शिकायतें की है। बसपा की शिकायत पर क्या कार्रवाई हुई। इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। चौथे व पांचवें नंबर पर आम आदमी पार्टी व कम्यूनिस्ट पार्टी है। इन दोनों ने तीन-तीन शिकायतें चुनाव आयोग में की है। इनमें से ज्यादातर औपचारिक शिकायतें ही है। कोई ठोस शिकायतें नहीं है। इस तरह से कुल 206 शिकायतें राजनीतिक पार्टियों ने किया है। इनमें से कुछ को छोड़कर बाकी सभी शिकायतों का निराकरण कर दिया गया है।

### राजनीतिक पार्टियों ने की शिकायतें

| | |
|---|---|
| भाजपा | 108 |
| कांग्रेस | 81 |
| आम आदमी पार्टी | 03 |
| बसपा | 11 |
| कम्यूनिस्ट पार्टी | 03 |

मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि शिकायतों के निराकरण को लेकर आयोग काफी गंभीर रहता है। 1567 में से 1304 का निराकरण किया जा चुका है। बाकी 267 लंबित शिकायतों का जल्दी ही निराकरण कर दिया जाएगा। इसके जिला कलेक्टरों के पास भेजकर रिपोर्ट तलब की गई है।

### शिकायतों की सूची

राजनीतिक दलों से प्राप्त-206, आयोग से प्राप्त-284, अन्य माध्यमों से प्राप्त-1077, कुल शिकायतें-1567, निराकृत-1304, लंबित-263

**चुनाव आयोग ने चतुर्थ चरण के 8 लोकसभा क्षेत्रों में हुए मतदान के अंतिम आंकड़े किए जारी**

# चतुर्थ चरण में 71.72 फीसदी नहीं 72.05 फीसदी मतदान हुआ था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) कार्यालय ने मंगलवार को चतुर्थ चरण के 8 लोकसभा क्षेत्रों में हुए मतदान के अंतिम आंकड़ें जारी किए हैं। इस अनुसार चतुर्थ चरण में 71.72 फीसदी के बजाय 72.05 फीसदी मतदान हुआ है।

इसमें भी सबसे अधिक मतदान खरगोन लोकसभा क्षेत्र में 76.03 फीसदी हुआ है, जबकि सबसे कम मतदान इंदौर लोकसभा क्षेत्र में 61.67 फीसदी हुआ है। यह 2019 के मतदान से 3.60 फीसदी कम है। सीईओ कार्यालय ने 13 मई को देर शाम 8 लोकसभा क्षेत्रों का अनंतिम मतदान प्रतिशत जारी किया था। किंतु मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार चौथे चरण में कुल 72.05 फीसदी मतदान हुआ है। इसमें देवास में 75.48 फीसदी, उज्जैन में 73.82, मंदसौर में 75.27, रतलाम में 72.94, धार में 72.76, इंदौर में 61.67 फीसदी, खरगोन में 76.03 और खंडवा में 71.52 फीसदी मतदान हुआ है।

### पुरुषों के मुकाबले महिलाओं ने करीब 6 फीसदी कम मतदान किया

पुरुषों के मुकाबले महिलाओं ने करीब 6% कम मतदान किया है। इसमें देवास में 79.79 पुरुष व महिलाओं ने 70.95, उज्जैन में 77.91 पुरुष व 69.64% महिला, मंदसौर में 78.25 पुरुष व 72.24 महिला, रतलाम में 74.99 पुरुष व 70.92 महिला, धार में 75.63 पुरुष व 69.87 महिला, इंदौर में 65.44 पुरुष व 57.83 महिला, खरगोन में 78.09 पुरुष व 73.96 महिला व खंडवा में 73.76 पुरुष व 69.21 फीसदी महिलाओं ने मतदान किया है।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने हमीरपुर लोस के चरखारी के पनवारी में ली जनसभा**

# पीएम ने भारत को विश्व भर में मान सम्मान दिलाने का कार्य किया: शर्मा



### कांग्रेसी नेता ये कहते हैं

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के नेता कहते हैं कि पाकिस्तान से बात करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 56 इंच का सीना है, वो किसी से नहीं डरते। कांग्रेस के शासनकाल में आतंकवादी भारत में घुसकर वारदात करते हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचार, आतंकवाद मुक्त भारत बना रहे हैं। वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से आतंकी घटनाएं बंद हो गई हैं। यह बात बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने यूपी के हमीरपुर लोकसभा के चरखारी के पनवारी में जनसभा में कही। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी ने भारत को वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान दिलाने का कार्य किया है।



*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की भगवान मतंगेश्वर*

*भोपाल। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को खजुराहो में भगवान मतंगेश्वर महादेव मंदिर में पूजन अर्चन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की।*

## न्यूनतम चक निर्धारण के लिए अंतर्विभागीय समिति का पुनर्गठन

**भोपाल।** नर्मदा घाटी विकास विभाग ने प्रदेश में एक हेक्टेयर से 2.5 हेक्टेयर तथा जल संसाधन विभाग की ओर से 5 हेक्टेयर चक तक कमाण्ड एरिया में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जल संसाधन विभाग की साधिकार समिति की 75 वीं बैठक में अंतर्विभागीय समिति गठित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके पालन के लिए साधिकार समिति की बैठक में अंतर्विभागीय समिति गठित की गई है। वित्त विभाग को शामिल करते हुए कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समिति का पुनर्गठन किया गया है। अन्य सदस्यों में प्रमुख सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विभाग, प्रमुख सचिव वित्त, सचिव नर्मदा घाटी विकास विभाग, सचिव जल संसाधन विभाग, आयुक्त किसान कल्याण-कृषि विकास, सदस्य अभियांत्रिकी नर्मदा घाटी विकास को शामिल किया गया है।

**संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने की शिकायत**

# विधायक मसूद पर बच्चे से फर्जी वोटिंग कराने का लगा आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



नाबालिग बच्चे से वोट डलवाने के मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद मध्य विधायक आरिफ मसूद पर फर्जी वोटिंग कराने का आरोप लगाया है। आरोप है कि जब नाबालिग बच्चे का वोटर लिस्ट में नाम नहीं था, तो उसने किसका वोट डाला है। इसके साथ बच्चे को फर्स्ट मतदाता का बैज भी लगाया गया था। मंगलवार को संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शमसुल हसन बल्ली ने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से की है।

### मोर्चा ने की दोबारा मतदान की मांग

शिकायत में कहा गया है कि उत्तर विधानसभा क्षेत्र के केंद्र क्रमांक-72 पर विधायक ने अपने बेटे से वोट डलवाया था। जिसके फोटो उसने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए थे। इसमें बच्चे के मतदान केंद्र के फर्स्ट वोटर का बैज भी लगा है। ऐसे में विधायक ने यहां फर्जी मतदान कराया है। मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष ने इस केंद्र पर दोबारा से मतदान कराने की मांग रखी है।

## नगर निगम इंदौर के 4 अधिकारी अनियमितता के कारण निलंबित

**भोपाल।** नगर निगम इंदौर में पदस्थ वित्त विभाग के 4 अधिकारी अनियमितता के कारण निलंबित किए गए हैं। इस संबंध में वित्त विभाग ने बुधवार को आदेश जारी कर दिए हैं। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय क्षेत्रीय कार्यालय स्थानीय निधि संपरीक्षा सागर निर्धारित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन अधिकारियों ने नगर निगम इंदौर के फर्जी देयक भुगतान के मामले में अपने कर्तव्यों का सजगतापूर्वक निर्वहन नहीं किया गया।

- फर्जी देयक भुगतान का मामला

जिसके कारण नगर निगम इंदौर को आर्थिक क्षति हुई। जिन अधिकारियों पर निलंबन की कार्यवाही की गई है, उनमें संयुक्त संचालक अनिल कुमार गर्ग, ज्येष्ठ संपरीक्षक जे.एस. ओहरिया, सहायक संपरीक्षक रामेश्वर परमार और उप संचालक समर सिंह परमार शामिल हैं।

# नक्सलियों ने किया टीआई के वाहन पर आईईडी ब्लास्ट, बाल-बाल बचे

**सरकारी काम से फरसेगढ़ से बीजापुर जा रहे थे**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नक्सलियों ने बुधवार की सुबह फरसेगढ़ टीआई के वाहन में आईईडी ब्लास्ट कर दिया। इस घटना में जहां टीआई सुरक्षित है। वहीं वाहन को क्षति पहुंची हैं। फरसेगढ़ से बीजापुर आने के दौरान सोमनपल्ली के पास घटना हुई है।

पुलिस मिली जानकारी के मुताबिक, फरसेगढ़ थाना प्रभारी आकाश मसीह प्रधान आरक्षक संजय के साथ बुधवार सुबह चारपहिया वाहन से सरकारी काम से फरसेगढ़ से बीजापुर जा रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों ने कुटरू और फरसेगढ़ मार्ग पर सोमनपल्ली के पास टीआई की वाहन पर आईईडी ब्लास्ट कर दिया। इस घटना में जहां टीआई आकाश मसीह व प्रधान आरक्षक संजय सुरक्षित है, तो वहीं विस्फोट से वाहन को क्षति पहुंची हैं।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आई युवती की मौत, एक घायल

**जगदलपुर।** जगदलपुर शहर के हाता ग्राउंड के पास निर्माणाधीन मकान में अचानक काम करने के दौरान हाई टेंशन वायर की चपेट में आने से एक युवती की मौत हो गई। वहीं एक अन्य युवती घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए महारानी अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच शव को पीएम के लिए भेज दिया है, वहीं घायल का उपचार जारी है।

मामले की जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि नियानार लोहरापारा निवासी दयामणि बघेल 19 वर्ष अपने कुछ साथियों के साथ शहर के हाता ग्राउंड के पास बन रहे एक 3 मंजिला निर्माणाधीन मकान में रोजाना की तरह काम कर रही थी। बुधवार की दोपहर को काम करने के दौरान जैसे ही दयामणि ने हाथ में पकड़े रॉड को ऊपर उठाया, निर्माणाधीन मकान के ऊपर से गये हाई टेंशन वायर से जा टकराया और झुलस गई।

**चुनावी ड्यूटी पर गए और ले लिए सात फेरे**

# महिला एएसआई और कॉन्स्टेबल प्यार में पड़े और गई नौकरी

**सात दिन से ऑफिस नहीं आए, दोनों सस्पेंड**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर



यहां आईजी दफ्तर में तैनात एक महिला एएसआई और कॉन्स्टेबल पिछले 7 दिन से लापता हैं। दोनों ने ही 7 मई को चुनाव ड्यूटी पूरी की। इसके बाद वे न दफ्तर लौटे, न ही अपने घर। जिसके बाद दोनों को सस्पेंड कर दिया गया।

बताया जा रहा है कि दोनों ने दिल्ली जाकर आर्य समाज मंदिर में शादी रचा ली है। महिला एएसआई का नाम निशा जैन हैं। वह आईजी ऑफिस में बतौर कार्यपालक लिपिक तैनात है। वहीं कॉन्स्टेबल का नाम अखंड प्रताप सिंह है। वह भी यही कार्यरत है। फिलहाल दोनों के लौटने का इंतजार किया जा रहा है। दोनों के मोबाइल भी उसी दिन से स्विच ऑफ हैं।

आईजी ग्वालियर रेंज अरविंद सक्सेना ने बताया कि महिला एएसआई और आरक्षक चुनाव ड्यूटी के बाद घर और फिर काम पर वापस नहीं लौटे हैं। दोनों बिना बताए लापता हुए हैं।

उन्होंने कहा कि यह काम में लापरवाही है, इसलिए दोनों को निलंबित किया गया है। उनके आर्य समाज मंदिर में शादी की सूचना मिली है, वो उनकी निजी जिंदगी है। दोनों पुलिसकर्मी वयस्क हैं। उन्हें अपने जीवन से संबंधित निर्णय लेने का अधिकार है।

**आग से महिला जिंदा जली, युवक भी बुरी तरह झुलस गया**

# मोमबत्ती जलाकर ग्राहक को पेट्रोल देते समय लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

सरगुजा जिले के अंबिकापुर शहर से लगे ग्राम कंचनपुर में मोमबत्ती जलाकर ग्राहक को पेट्रोल देते समय मोमबत्ती की आग और पेट्रोल का संपर्क हो गया जिससे महिला के घर में भीषण आग लग गई। इस आगजनी में महिला और ग्राहक जल गए। दोनों को गंभीर अवस्था में अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन उपचार के कुछ देर बाद ही महिला की मौत हो गई। वहीं इस घटना में महिला का कच्चा मकान भी पूरी तरह से



जलकर राख हो गया।

ग्राम कंचनपुर निवासी 34 वर्षीय महिला दरीना सिंह जो कि किराना दुकान का संचालन करती थी, दैनिक उपयोग की वस्तुओं के साथ पेट्रोल भी बिक्री करती थी। बताया जा रहा है कि गत मंगलवार की रात एक युवक दुकान में पेट्रोल खरीदने आया हुआ था। उस दौरान लाइट नहीं थी महिला मोमबत्ती जलाकर रखी हुई थी। युवक को पेट्रोल देते समय भीषण आग लग गई।

इस दौरान महिला और युवक दोनों आग की चपेट में आ गए और बुरी तरह झुलस गए। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया दुकान में रखे फ्रीज का कंप्रेशर भी फट गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग काबू पाया और महिला को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं पेट्रोल खरीदने आये युवक अजय का उपचार जारी है।

## दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की हुई मौत

**मनेंद्रगढ़।** मनेंद्रगढ़ में बुधवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत होने से दो युवकों की मौत हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल है। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। इस घटना की जानकारी मिलते ही मनेन्द्रगढ़ कोतवाली पुलिस की मौके पर पहुंच गई है।

**मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम, मामले की कर रही जांच**

# तेंदुपत्ता तोड़ने जंगल गई महिला पर भालू का हमला, हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में तेंदुपत्ता तोड़ने जंगल गई महिला पर भालू ने अचानक हमला करते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले छाल रेंज के बोजिया 505 पीएफ जंगल में तेंदुपत्ता तोड़ रही महिला इंदरमति पति होरीलाल अगरिया पर एक भालू ने अचानक हमला कर दिया। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला बुधवार की सुबह अपने साथियों के साथ जंगल गई थी इस बीच जंगल में भालू से सामना हो जाने के बाद यह घटना घटित हो गई। भालू के हमले से महिला की मौत की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर वन विभाग की टीम के अलावा पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।



### बोजिया के जंगल में तेंदुपत्ता तोड़ने गई थी

गांव के ग्रामीणों के अनुसार बताया जा रहा है कि मृतक महिला इंदरमति अगरिया सामहरसिंघा बीट में पदस्थ श्याम अगरिया फारेस्ट गार्ड की मां है, जो कि छाल में रहती थी। वह बुधवार सुबह बोजिया के जंगल में तेंदुपत्ता तोड़ने गई थी, तभी हादसा हुआ है।

## खबर संक्षेप




### केनरा बैंक सहित 13 कंपनियां एमएससीआई में शामिल

**नई दिल्ली।** केनरा बैंक, जेएसडब्ल्यू एनर्जी, एनएचपीसी और जिंदल स्टेनलेस सहित 13 कंपनियों को एमएससीआई इंडिया सूचकांक में शामिल किया जाएगा। सूचकांक का संकलन करने वाले एमएससीआई के अनुसार, बॉश, केनरा बैंक, इंडस टावर्स, जिंदल स्टेनलेस, जेएसडब्ल्यू एनर्जी, मैनकाइंड फार्मा, एनएचपीसी, पीबी फिनटेक, फीनिक्स मिल्स, सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया, सुंदरम फाइनेंस, थर्मैक्स और टोरेंट पावर एमएससीआई इंडिया सूचकांक में शामिल होने वाली कंपनियां हैं।

### पीएफसी के मुनाफे में 23 फीसदी की वृद्धि




**नई दिल्ली।** पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी) का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 23 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 7,556.43 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 6,128.63 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय बढ़कर 24,176.34 करोड़ रुपये हो गई। खर्च 14,579.16 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में सर्वाधिक वार्षिक लाभ 26,461 करोड़ रुपये दर्ज किया।

### बर्जर पेंट्स का लाभ 19.64 फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली।** बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड ने बुधवार को कहा कि मार्च तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 19.68 प्रतिशत बढ़कर 222.62 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शेयर बाजार को जनवरी-मार्च, 2024 तिमाही के इस नतीजे की सूचना दी। उसने एक साल पहले की समान तिमाही में 186.01 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। समीक्षाधीन तिमाही में बर्जर पेंट्स का परिचालन राजस्व 2,520.28 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 2,443.63 करोड़ रुपये था।

### वॉलमार्ट ने सैकड़ों कर्मियों को नौकरी से निकाला




**बेंटोनविल (अमेरिका)।** वॉलमार्ट ने छंटनी की घोषणा की है जिससे सैकड़ों लोगों की नौकरियां प्रभावित होंगी। कंपनी के अनुसार, इसके साथ ही वॉलमार्ट के डलास, अटलांटा तथा टोरंटो कार्यालयों के श्रमिकों व कर्मियों को बेंटनविले, अर्कांसस, होबोकेन (न्यू जर्सी) और सैन फ्रांसिस्को बे एरिया स्थित उसके मुख्य कार्यालयों में स्थानांतरित करना होगा। 'द एसोसिएटेड प्रेस' के पास मौजूद 'वॉलमार्ट स्टाफ मेमो' में छंटनी के कारण का उल्लेख नहीं किया गया।

### ज्योति लैब्स के लाभ में 32 फीसदी का इजाफा




**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के इस्तेमाल के सामान बनाने वाली घरेलू कंपनी ज्योति लैब्स लिमिटेड ने मार्च तिमाही में 78.15 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के मुकाबले 31.9 प्रतिशत अधिक है।

# करोड़ों निवेशकों को मिली राहत, सेबी ने आसान किए केवाईसी से जुड़े नियम

**एक करोड़ से अधिक निवेशकों को होगा फायदा, सेबी ने एक अप्रैल से म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए कड़े किए थे नियम**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने करोड़ों निवशकों को बड़ी राहत दी है। सेबी ने केवाईसी के नियमों में हाल ही में लागू बदलावों को कुछ आसान कर दिया है। इससे एक करोड़ से ज्यादा वैसे निवेशकों को फायदा होने वाला है, जिनके म्यूचुअल अकाउंट होल्ड हो गए थे। सेबी के द्वारा दी गई ढील के बाद अब केआरए यानी केवाईसी रजिस्ट्रेशन एजेंसियां ऑफिशियल डेटाबेस से पैन, नाम, पता, ईमेल, मोबाइल नंबर जैसी जानकारियों को वेरिफाई कर सकती हैं। सेबी का कहना है कि अगर ये जानकारियां ऑर्डर में पाई जाती हैं तो उन्हें वैलिडेटेड रिकॉर्ड के रूप में कंसीडर किया जाएगा।

### 1 अप्रैल से लागू हुए थे बदलाव

इससे पहले सेबी ने म्यूचुअल फंड के निवेशकों के लिए केवाईसी के नियमों को कड़ा कर दिया था। नियामक के द्वारा किए गए बदलाव में बहुत सारे निवेशकों को फिर से केवाईसी कराने की जरूरत पड़ गई थी। ये नियम 1 अप्रैल 2024 से लागू हुए थे और फ्रेश केवाईसी नहीं कराने वाले निवेशकों के म्यूचुअल फंड अकाउंट को होल्ड कर दिया गया था।

### 1.3 करोड़ अकाउंट हो गए थे होल्ड

बताया जा रहा था कि अधूरी केवाईसी के चलते करीब 1.3 करोड़ म्यूचुअल फंड अकाउंट होल्ड किए गए थे। केवाईसी रजिस्ट्रेशन एजेंसियों ने बताया था कि इन्वेस्टर्स ने केवाईसी की शुरुआती प्रक्रिया में वैसे दस्तावेजों का इस्तेमाल किया, जो अब आधिकारिक रूप से वैलिड नहीं हैं या उन्होंने आधार के जरिए केवाईसी को पूरा नहीं किया, इसी कारण उनके अकाउंट को होल्ड किया गया है। हालांकि सेबी के द्वारा दी गई ताजी छूट से ऐसे निवेशकों को राहत मिलने की उम्मीद है।



### ऐसे निवेशकों को मिलेगी राहत

म्यूचुअल फंड अकाउंट को होल्ड करने से उन निवेशकों को ज्यादा परेशानी हो रही थी, जो एनआरआई हैं या भारत से बाहर किसी अन्य देश में रहते हैं। वे अपने म्यूचुअल फंड अकाउंट से निकासी नहीं कर पा रहे थे, क्योंकि उनके अकाउंट को होल्ड कर दिया गया था। अब केआरए से वेरिफिकेशन के बाद उन्ही केवाईसी को कंप्लीट माना जा सकता है और अकाउंट पर लगे होल्ड को हटाया जा सकता है।

**खान सचिव राव ने एक कार्यशाला में दी जानकारी**

# कोल इंडिया, एनएमडीसी, ओवीएल विदेशों में खनिज संपत्तियां हासिल करने काम करेंगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने बुधवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां कोल इंडिया, एनएमडीसी और ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज संपत्तियां हासिल करने के लिए काम करेंगी। ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन की विदेशों में निवेश करने वाली इकाई है। इन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) की विदेश में पहले से ही किसी न किसी तरह की मौजूदगी है।

**ये कंपनियां पहले से ही विदेशों में कारोबार कर रही**

### भारत विदेशों में स्थित खनिजों पर ध्यान दे रहा

खान सचिव वी. एल. कांता राव ने अपतटीय खनन पर एक कार्यशाला के मौके पर पत्रकारों से कहा, 'सचिवों के समूह (संसाधनों पर) ने निर्णय लिया है कि ये कंपनियां (कोल इंडिया, एनएमडीसी, ओएनजीसी विदेश लिमिटेड) आगे बढ़ें और विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज पर भी ध्यान दें। यह एक आसान तरीका है। ये कंपनियां पहले से ही विदेशों में कारोबार कर रही हैं।'



### आस्ट्रेलिया में सोने की खदानों पर भी गौर

राव ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया चिली में कुछ लिथियम ब्लॉक पर सक्रिय रूप से काम कर रही है। राव ने कहा, 'कोल इंडिया सक्रिय हो रही है... एनएमडीसी पहले से ही ऑस्ट्रेलिया में सक्रिय है। उनके पास ऑस्ट्रेलिया में कुछ सोने की खदानें हैं और वे ऑस्ट्रेलिया में लिथियम खदानों पर भी गौर कर रहे हैं।'

### तांबे व लिथियम के लिए चिली से गठजोड़ जारी

खान सचिव ने कहा कि भारत देश में तांबे और लिथियम खनिज संपत्तियों तक पहुंच प्राप्त करने के लिए चिली के साथ गठजोड़ करना चाहता है। राव ने कहा, 'हम महत्वपूर्ण खनिजों के लिए चिली के साथ मौजूदा एफटीए (मुक्त व्यापार समझौते) का विस्तार करने पर विचार कर रहे हैं। ताकि हम उन तक 'जी टू जी' (सरकार से सरकार) पहुंच प्राप्त कर सकें।'

### लिथियम ब्लाक के लिए भारत की आस्ट्रेलिया में रूचि

सचिव ने कहा कि भारत लंबे समय से लिथियम ब्लॉक के लिए ऑस्ट्रेलिया में रुचि दिखा रहा है। इस वर्ष 'हमारा लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया में इस मोर्चे पर कुछ करने का है।' उन्होंने कहा कि भारत मंगोलिया में कुछ कोयला और तांबे की संपत्तियों पर विचार कर रहा है और सरकार इस भूमि से घिरे देश के साथ व्यापार मार्गों पर गौर कर रही है।

### इन खनिजों की मांग तेजी से बढ़ रही

सचिव ने कहा कि भारत लिथियम सहित महत्वपूर्ण खनिजों के लिए जाम्बिया के साथ संयुक्त रूप से खनन भी कर रहा है। तांबा, लिथियम, निकल, कोबाल्ट और दुर्लभ तत्व जैसे महत्वपूर्ण खनिज आज काफी महत्वपूर्ण हो गए है।

### स्वच्छ ऊर्जा बदलाव में आई तेजी

आज ये खनिज तत्व पवन टर्बाइन और बिजली नेटवर्क से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक... तेजी से बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में से कई में आवश्यक घटक हैं। स्वच्छ ऊर्जा बदलाव में तेजी आने के साथ इन खनिजों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है।

# देश का निर्यात अप्रैल में एक प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश का वस्तुओं का निर्यात इस साल अप्रैल में एक प्रतिशत बढ़कर 34.99 अरब डॉलर रहा। पिछले साल इसी महीने में यह 34.62 अरब डॉलर था। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इस महीने के दौरान व्यापार घाटा यानी आयात और निर्यात के बीच का अंतर 19.1 अरब डॉलर रहा।

इलेक्ट्रॉनिक, रसायन, पेट्रोलियम उत्पाद और औषधि जैसे क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि ने वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दर्ज करने में मदद की है। आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य महीने में आयात भी 10.25 प्रतिशत बढ़कर 54.09 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो अप्रैल 2023 में 49.06 अरब डॉलर था।

- अप्रैल में बढ़कर 34.99 अरब डॉलर पर

इस साल अप्रैल में कीमती धातुओं का आयात दोगुना से अधिक होकर 3.11 अरब डॉलर रहा। कच्चे तेल का आयात 20.22 प्रतिशत बढ़कर 16.5 अरब डॉलर हो गया। इस महीने के दौरान व्यापार घाटा यानी आयात और निर्यात के बीच का अंतर 19.1 अरब डॉलर रहा। अप्रैल, 2023 में व्यापार घाटा 14.44 अरब डॉलर था।

इससे पहले दिसंबर, 2023 में व्यापार घाटा 19.8 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर रहा था। मार्च, 2024 में निर्यात घटकर 41.68 अरब डॉलर रहा था। पिछले साल मार्च में यह 41.96 अरब डॉलर था।

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि इन आंकड़ों से नए वित्त वर्ष की शुरुआत अच्छी होने के संकेत मिलते हैं।

### सेवाओं का निर्यात 341 अरब डॉलर रहा

पिछले वित्त वर्ष में व्यापारिक वस्तुओं का निर्यात कुल मिलाकर 437.1 अरब डॉलर, जबकि सेवाओं का निर्यात 341.1 अरब डॉलर रहा। माल निर्यात में 30 प्रमुख क्षेत्रों में से 13 में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में अप्रैल में सकारात्मक वृद्धि देखी गई।

**फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया फार्मर एसोसिएशंस ने जारी की रिपोर्ट**

# नौ साल में कृषि स्टार्टअप की संख्या हुई 7000 से अधिक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कारोबार के अनुकूल माहौल और सरकार के समर्थन के कारण पिछले नौ साल में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में स्टार्टअप इकाइयों की संख्या 7,000 से अधिक हो गई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

- वर्ष 2014-15 से पहले संबद्ध क्षेत्रों में 50 से भी कम स्टार्टअप थे

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया फार्मर एसोसिएशंस (एफएआईएफए) द्वारा बुधवार को जारी 'भारत के कृषि परिवर्तन' शीर्षक वाली रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2014-15 से पहले कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में 50 से भी कम स्टार्टअप थे।

कृषि और कृषक कल्याण विभाग (डीए एंड एफडब्ल्यू) वित्तीय सहायता प्रदान करके और एक अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र का पोषण करके नवाचार और कृषि-उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2018-19 से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत 'नवाचार और कृषि-उद्यमिता विकास' कार्यक्रम लागू कर रहा है।



वर्ष 2018-19 के दौरान देशभर में स्टार्टअप के इनक्यूबेशन और इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए विभाग द्वारा पांच नॉलेज पार्टनर्स (केपी) और 24 आरकेवीवाई-एग्रीबिजनेस इनक्यूबेटर्स (आर-एबीआई) नियुक्त किए गए हैं, जो वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त हैं।

रिपोर्ट में सरकार के एक दशक लंबे प्रयासों की सराहना की गई है, जिसमें व्यापक दृष्टिकोण को स्वीकार किया गया है, जिसका फल मिला है।

### बजट आवंटन में 300 फीसदी का उछाल

नौ वर्षों के दौरान कृषि के लिए बजट आवंटन में 300 प्रतिशत का उछाल आया है। यह 30,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 1.3 लाख करोड़ रुपये हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि व्यापक फसल बीमा योजना किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण ढाल के रूप में कार्य करती है।

### इंडिया फर्स्ट लाइफ के नए एमडी होंगे गांधी

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस के निदेशक मंडल ने ऋषभ गांधी को कंपनी का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किये जाने को मंजूरी दे दी है। वह फिलहाल कंपनी में उप-मुख्य कार्यपालक अधिकारी हैं। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि गांधी की नियुक्ति पांच साल के लिए की गयी है। यह एक जुलाई, 2024 या नियामकीय मंजूरी की तारीख, इसमें से जो भी बाद में हो, से प्रभावी होगी।

# ईशा अंबानी का प्रौद्योगिकी में महिला-पुरुष समानता पर जोर

**महिलाएं शिक्षक और सॉफ्ट स्किल नौकरियों के लिए उपयुक्त**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की निदेशक ईशा अंबानी ने देश के प्रौद्योगिकी कार्यबल में महिला-पुरुष समानता पर जोर देते हुए बुधवार को कहा कि महिलाओं को शिक्षक और 'सॉफ्ट स्किल' आधारित नौकरियों के लिए सबसे उपयुक्त मानने के पीछे सदियों पुरानी सामाजिक रुढ़िवादिता जिम्मेदार है। भारत के प्रौद्योगिकी कार्यबल में केवल 36 प्रतिशत महिलाएं हैं। वहीं विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) स्नातकों में महिलाएं का अनुपात सिर्फ 43 प्रतिशत है। वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और प्रौद्योगिकीविदों में महिलाओं की भागीदारी केवल 14 प्रतिशत ही है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की पुत्री ईशा ने यहां 'सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) में बालिका दिवस' पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'लैंगिक भेद न केवल लैंगिक पूर्वाग्रह का प्रतीक है बल्कि यह नवाचार की राह में भी बाधा है।'

### कार्यबल में महिलाओं का कम प्रतिनिधित्व वास्तविकता

अंबानी ने कहा कि प्रौद्योगिकी उद्योग के लगातार विकसित हो रहे परिदृश्य में कार्यबल में महिलाओं का कम प्रतिनिधित्व एक वास्तविकता है। उन्होंने कहा कि इस विभाजन को पाटना एक रणनीतिक अनिवार्यता है, जो उद्योग के साथ समाज के समग्र विकास के लिए भी जरूरी है।

# सोने में 450 रुपए की तेजी चांदी 900 रुपए मजबूत

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 450 रुपये की बढ़त के साथ 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 900 रुपये उछलकर 86,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 86,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोना (24 कैरेट) 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 450 रुपये की बढ़त है।' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,365 डॉलर प्रति औंस पर पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 26 डॉलर तेज है।



**एचडीएफसी बैंक, रिलायंस व टीसीएस में रहा बिकवाली दबाव**

# शेयर बाजार में तीन दिन से जारी तेजी थमी, सेंसेक्स 118 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



स्थानीय शेयर बाजारों में तीन दिन से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 117 अंक से अधिक के नुकसान में रहा। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस जैसे शेयरों में बिकवाली दबाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने से बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 117.58 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,987.03 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 281.95 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 17.30 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,200.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले और टाइटन प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। इसके उलट, लाभ में रहने वाले शेयरों में भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो तथा एचसीएल टेक्नोलॉजीज शामिल हैं।

### आधार हाउसिंग पांच फीसदी उछाल के साथ सूचीबद्ध

आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का शेयर बुधवार को शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद निर्गम मूल्य 315 रुपये से पांच प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ बंद हुआ। आधार हाउसिंग फाइनेंस निजी इक्विटी कंपनी ब्लैकस्टोन द्वारा समर्थित है। एनएसई पर कंपनी का शेयर निर्गम मूल्य के बराबर 315 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। अंत में यह 5.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 332.20 रुपये पर बंद हुआ।

### टीबीओ टेक का शेयर पहले दिन 53 प्रतिशत चढ़ा

यात्रा वितरण कंपनी टीबीओ टेक का शेयर बुधवार को शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद अपने निर्गम मूल्य 920 रुपये से करीब 53 प्रतिशत के उछाल के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर निर्गम मूल्य से 50 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,380 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। अंत में यह 52.70 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,404.85 रुपये पर बंद हुआ।

**ब्लैकस्टोन की कंसोर्टियम कंपनी ने 75 फीसदी हिस्सेदारी के लिए लगाई बोली**

# बिकने वाली है हल्दीराम, ब्लैकस्टोन ने लगाई बोली

**हल्दीराम के स्नैक्स बिजनेस की वैल्यूएशन 8.5 अरब डॉलर आंकी गई**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की प्रसिद्ध नमकीन एवं स्नैक्स बनाने वाली कंपनी हल्दीराम जल्द बिक सकती है। ब्लैकस्टोन के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने कंपनी की 75 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के लिए बोली लगाई है। इन कंसोर्टियम में ब्लैकस्टोन के अलावा अबु धाबी इनवेस्टमेंट अथॉरिटी और सिंगापुर स्टेट फंड जीआईसी भी शामिल है। हल्दीराम के स्नैक्स बिजनेस की वैल्यूएशन 8.5 अरब डॉलर आंकी गई है। इस कंसोर्टियम ने अपनी बोली लगा दी है। हल्दीराम देश का मशहूर ब्रांड है। इसके देश से बाहर 150 से ज्यादा रेस्टोरेंट हैं। इनमें लोकल फूड, मिठाई और कई विदेशी डिश भी मिलती हैं। सूत्रों ने दावा किया है कि बातचीत अभी प्रारंभिक स्तर पर है।




### कंसोर्टियम के पास आ जाएगा हल्दीराम का मालिकाना हक

यदि यह डील होती है तो ब्लैकस्टोन के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम के पास हल्दीराम का मालिकाना हक चला जाएगा। हालांकि, हल्दीराम के सीईओ कृष्ण चुटानी समेत ब्लैकस्टोन, अबु धाबी इनवेस्टमेंट अथॉरिटी और सिंगापुर स्टेट फंड जीआईसी ने फिलहाल इस डील को लेकर कुछ भी बताने से इंकार कर दिया है।

### टाटा ग्रुप ने खरीदने की कोशिश की थी

पिछले साल रायटर्स की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि टाटा ग्रुप हल्दीराम को खरीदने की कोशिश में है। उस समय कंपनी के कारोबार की वैल्यूएशन 10 अरब डॉलर आंकी गई थी। अब ब्लैकस्टोन के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने हल्दीराम के कारोबार वैल्यूएशन 8.5 अरब डॉलर (लगभग 70 हजार करोड़ रुपए) लगाई है, जो कि टाटा ग्रुप से कम है।

### नागपुर और दिल्ली के कारोबार का मर्जर करना होगा

रिपोर्ट के अनुसार, इस डील में शर्त रखी गई है कि हल्दीराम को अपने नागपुर और दिल्ली के कारोबार का मर्जर करना होगा। अगले 4 महीने में यह मर्जर पूरा हो सकता है। हल्दीराम फूड्स इंटरनेशनल का मालिकाना हक दिल्ली में रह रहे अग्रवाल परिवार के लोगों के पास है। इसके अलावा हल्दीराम स्नैक्स फूड पर नागपुर परिवार का कंट्रोल है।

## खबर संक्षेप

### खेत में दवा डाल रहे युवक की सर्पदंश से मौत

ढीमरखेड़ा। उमरियापान थाना क्षेत्र में मंगलवार को खेत में दवा डाल रहे एक युवक की सर्पदंश से मौत हो गई है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है। प्रधान आरक्षक योगेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि उमरियापान के नई बस्ती निवासी बैजनाथ पिता बद्री प्रसाद चक्रवर्ती (40) टोला हार में अपने खेत में बोई उड़द की फसल में दवा डाल रहा था। इसी दौरान जहरीले सर्प ने डस लिया। घर पहुँचकर युवक ने परिजनों को जानकारी दी।जिसके बाद परिजनों ने उपचार के लिए उमरियापान अस्पताल में भर्ती कराया। कहा उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

### आंधी तूफान से पलटा आटो, 4 लोग हुए घायल

कटनी। कुठला थाना अंतर्गत इंद्रा नगर क्षेत्र में गत शाम तेज आंधी की चपेट में आया सवारियों से भरा ऑटो पलटने से 4 लोग घायल हो गए। घायलों उनका ले जिला अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार गत शाम तेज आंधी तूफान के दौरान इंद्रा नगर से गुजर रहा ऑटो आंधी के कारण पलट गया। ऑटो में 4 लोग सवार थे जिसमें महिलाएं पुरुष और बच्चे शामिल है। अचानक ऑटो पलटने के कारण दिलीप सिंह, रेखा सिंह नीलू सिंह सभी निवासी इंद्रा नगर घायल हो वही ऑटो सवार बच्चों को मामूली चोटें आई है। घायलो को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज जारी है।

### कछारी मोड़ में सड़क में भवन निर्माण सामग्री



बड़वारा। तहसील क्षेत्र के कछारी पंचायत मोड़ में कुछ लोगों के द्वारा सड़क पर ही मकान निर्माण में लगने वाली सामग्री रेत, ईंट, गिट्टी रख दी गई है जिसके चलते राहगीरों के साथ ही वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हादसों को रोकने के लिए ब्रेकर बनाये तो गए किन्तु आधे अधूरे ब्रेकर बनाये गए हैं। मसलन सड़क के एक छोर से ब्रेकर बनाकर सड़क के मध्य में बनाकर आधा अधूरा छोड़ दिया गया जिससे वाहन चालक अक्सर स्लिप होकर गिर पड़ते हैं। स्थानीय जनों ने शासन प्रशासन से कछारी मोड़ में लोगों के द्वारा रखी गई रेत,गिट्टी को शीघ्र ही हटवाने की मांग की है। सड़क में बनाये गए आधे अधूरे ब्रेकरों को पूरे बनवाने की मांग की है। जिससे दुर्घटना घटित होने से रोकी जा सकें।

### 20 हजार ईनाम घोषित

कटनी। हत्या के मामले में लंबे समय से फरार किस्सू उर्फ किशोर तिवारी के ऊपर घोषित किए गए इनाम की राशि को दोगुना कर दिया गया है। आरोपी लंबे समय से फरार रहने पर एसपी ने गिरफ्तारी हेतु 10 हजार रुपए इनाम की उद्‌घोषणा की गई थी। उक्त इनाम को बढ़ाकर पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज द्वारा 20 हजार के नगद इनाम से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

---

### वारदात के बाद से फरार हो गया था आरोपित, पिस्टल व कारतूस जब्त

# प्रेमिका की मां पर कातिलाना हमला करने वाले नाबालिग आरोपित को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के पड़वार गांव में प्रेमिका की मां को मामूली विवाद पर गोली मारने वाले नाबालिग आरोपित को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित नाबालिग सिहोरा के हिरन नदी पुल के पास भागने के लिए वाहन के इंतजार में खड़ा था। उसी दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपित को पकड़ लिया। उसके पास से देशी पिस्टल भी जब्त की गई है।

एसडीओपी स्लीमनाबाद अखिलेश गौर ने बताया कि 12 मई को पड़वार गांव में प्रेमी ने प्रेमिका की मां को उस समय गोली मार दी थी, जब वह एक्सीडेंट में घायल होने पर उसे देखने गई थी। आरोपित नाबालिग का महिला की बेटी के साथ प्रेम संबंध था। महिला के साथ उसकी बेटी भी आरोपित को देखने गई थी। उसी दौरान वह बेटी को देखरेख करने के लिए छोड़कर जाने की जिद करने लगा और महिला ने इस बात से इंकार किया तो किशोर ने देशी पिस्टल निकालकर महिला पर फायर कर दिया था। जिसमें गोली उसके सीने के पास लग गई थी। महिला का उपचार जबलपुर में चल रहा है, जहां उसकी हालत में सुधार है। घटना के बाद आरोपित फरार हो गया था जिसको लेकर थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखिलेश दाहिया की अगुवाई में तीन टीमों का गठन किया गया था और उसकी तलाश की जा रही थी। बुधवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित सिहोरा के हिरन नदी पुल पास खड़ा है और कहीं भागने के फिराक में है। जिसके चलते टीम मौके पर रवाना की गई। पुलिस को देखकर उसने भागने का प्रयास किया लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया।



पुलिस ने आरोपित से पूछताछ की, जिसमें उसने बताया कि घटना के बाद वह भागकर गांव के जंगल के पास चला गया था। जंगल में सागौन प्लांट में बनी पानी की टंकी के पास लगे महुआ के पेड़ के नीचे खोदकर उसने पिस्टल मिट्टी के नीचे दबा दी थी। पुलिस ने जंगल से देशी पिस्टल व कारतूस जब्त किया है। वहीं आरोपित ने पुलिस को बताया कि उसने देशी पिस्टल लगभग दो साल पूर्व जबलपुर से खरीदी थी।

कार्यवाही में निरीक्षक थाना प्रभारी अखलेश दाहिया, उनि संतराम यादव , काशीराम झारिया , सउनि बी एम चौधरी प्र.आर. अंजनी मिश्रा , तेजप्रकाश सिह , आशीष आर्मो , अंकित दुबे , जय सिह आर. मनीष पटेल , रजनीश , बृजेश , सोने सिह ,अभिषेक राजावत , राजा साहू , सौरभ पटेल की विशेष भूमिका रही है। पुलिस अधीक्षक व्दारा टीम को नगद ईनाम देने की घोषणा की गयी है ।

---

# बीते 24 घंटों में जिले में 4.8 मिमी दर्ज हुई वर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में 1 जून से 2023 से 15 मई 2024 तक कुल 1121 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि गत वर्ष इसी अवधि में कुल 998.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार वर्ष 2024 में अब तक कुल 122.5 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 15 मई 2024 तक जिले के तहसील वार वर्षा मापी केन्द्र कटनी में 1225.2 मिलीमीटर, रीठी में 1145.4 मिमी, बड़वारा में 1145.0 मिमी, बरही में 1145.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 1013.1 मिमी, बहोरीबंद में 870.9 मिमी, स्लीमनाबाद में 1314.2 मिमी और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 1206.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू- अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में जिले की सभी तहसीलों के वर्षामापी केन्द्रों में 4.8 मिमी वर्षा दर्ज हुई। जिसमें कटनी तहसील अंतर्गत 2.0 मिमी, रीठी तहसील में 2.0 मिमी, बड़वारा तहसील में 13.0, बरही तहसील में 0.0 मिमी, विजयराघवगढ़ तहसील में 20.0 मिमी, बहोरीबंद तहसील में 0.0 मिमी, स्लीमनाबाद तहसील में 0.0 मिमी और ढीमरखेड़ा तहसील में 1.0 मिमी वर्षा रिकॉर्ड हुई है।

### मुहांस की दान पेटियों की राशि की गणना आज

कटनी। तहसील रीठी के ग्राम मुहांस स्थित सार्वजनिक श्री हनुमान जी महाराज मंदिर ट्रस्ट की दान पेटियों की दान राशि की गणना के संबंध में विगत दिवस आयोजित बैठक के दौरान ट्रस्टीगणों द्वारा सर्व सम्मति से लिये गए निर्णय अनुसार 16 मई 2024 को गणना की जानी है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रीठी ने सार्वजनिक श्री हनुमान जी महाराज मंदिर ट्रस्ट मुहांस तहसील रीठी के समस्त ट्रस्टीगण को गुरूवार 16 मई को प्रातः 11 बजे हनुमान जी महाराज मंदिर मुहांस में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने हेतु सूचित किया है।

---

*निरीक्षण व मानीटरिंग नहीं करने पर गुणवत्ता हुई प्रभावित*

# भवन निर्माण में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी, कार्यवाही के लिए भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन बड़वारा के निर्माण कार्य के दौरान प्रगतिरत निर्माण कार्य का निरीक्षण व मॉनीटरिंग नहीं करने के फलस्वरूप निर्माण कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होने पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा उपयंत्री राजेश डोंगरे के विरूद्ध मध्य प्रदेश संविदा सेवा भर्ती नियमों के तहत कार्यवाही करने का प्रस्ताव मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को भेजा है।

### जारी किया कारण बताओ नोटिस

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन बड़वारा के जांच उपरांत कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने उपयंत्री राजेश डोंगरे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जिसके परिपालन में उपयंत्री राजेश डोंगरे द्वारा प्रस्तुत जवाब में निर्माण कार्य के दौरान प्राप्त कमियों को स्वीकार करते हुए कमियों में सुधार कराने का लेख किया गया।

### पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही

कलेक्टर अवि प्रसाद ने उपयंत्री राजेश डोंगरे द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण को समाधानकारक नहीं मानते हुए उनके द्वारा किये गए इस कृत्य को पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं उदासीनता तथा शासकीय कार्य के संपादन में रुचि नहीं लिये जाने पर राजेश डोंगरे उपयंत्री संविदा के विरुद्ध मप्र संविदा सेवा भर्ती नियमों एवं प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्यवाही करने का प्रस्ताव मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं चिकित्सिय शिक्षा विभाग को भेजा है।

### कलेक्टर द्वारा किये गये निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में मिली कमियां

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन बड़वारा के गुणवत्ता मानकों की अनदेखी कर किये जा रहे निर्माण कार्य संबंधी शिकायत को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर विगत 27 अक्टूबर को कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विभाग द्वारा निर्माण कार्य की जांच की गई थी।

इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा कराये गये कार्यों की जांच के दौरान कुशल मिस्त्री से कार्य नहीं कराये जाने की वजह से अस्पताल भवन की गैलरी के कुछ टाईल्स निकले पाये गए तथा भवन स्थित लेट्रिन व बाथरूम में लगाये गए दरवाजे भी अत्यधिक कमजोर पाये गए थे।

---

# 94 हजार 547 मैट्रिक टन गेहूं उपार्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए जिले के उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से बुधवार 15 मई तक की अवधि में 15 हजार 789 किसानों से कुल 94 हजार 547 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जाकर 82 हजार 671 मैट्रिक टन गेहूं का परिवहन भी किया जा चुका है। कलेक्टर ने उपार्जित उपज का अविलंब परिवहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में छन्नाए पंखाए मॉइश्चर मीटरए परखीए तिरपाल एवं कृषकों के बैठने के लिए छायादार व्यवस्था तथा पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही राजस्वए खाद्य विभाग के अधिकारियों को निरंतर भ्रमण कर खरीदी केन्द्रों में कार्य का जायजा लेने के निर्देश दिए है।

जिले की समस्त तहसीलों में किये जा रहे उपार्जन कार्य में बुधवार 15 मई की स्थिति में तहसील बहोरीबंद निरंतर बढ़त में है। तहसील बहोरीबंद में अब तक कुल 4851 किसानों से 30 हजार 440 मैट्रिक टन गेहूं का उपार्जन कार्य किया जा चुका है इसमें से 28 हजार 504 मैट्रिक टन का परिवहन भी किया जा चुका है। जबकि दूसरे नंबर पर काबिज तहसील ढीमरखेड़ा में 4032 किसानों से 22 हजार 937 मैट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जाकर 20 हजार 895 मैट्रिक टन गेहूं का परिवहन भी किया जा चुका है। तीसरे नंबर पर तहसील विजयराघवगढ़ में 1469 किसानों से कुल 10 हजार 259 मैट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जाकर 6 हजार 892 मैट्रिक टन का परिवहन भी किया जा चुका है। वहीं चौथे नंबर पर तहसील स्लीमनाबाद में 1372 किसानों से 9 हजार 411 मैट्रिक टन की खरीदी की जाकर 9 हजार 292 मैट्रिक टन का परिवहन भी किया जा चुका है। इसी प्रकार पांचवे नंबर पर तहसील बरही द्वारा 1314 किसानों से 6 हजार 455 मैट्रिक टन उपार्जित किया जाकर 4 हजार 700 मैट्रिक टन गेहूं का परिवहन भी किया जा चुका है।

छठवे नंबर पर तहसील रीठी द्वारा 1182 किसानों से 6 हजार 295 मैट्रिक टन की खरीदी उपरांत 4 हजार 833 मैट्रिक टन का परिवहन कार्य किया जा चुका है। वहीं सातवे नंबर पर तहसील बड़वारा में 900 किसानों से 4 हजार 670 मैट्रिक टन की खरीदी उपरांत 3 हजार 825 मैट्रिक टन का उपर्जन के साथ ही तहसील कटनी में 15 मई की स्थिति में कुल 669 किसानों से 4 हजार 80 मैट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जाकर 3 हजार 731 मैट्रिक टन गेहूं का परिवहन भी किया जा चुका है।

---

# स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर निगरानी के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने मंगलवार की शाम स्ट्रांग रूम स्थल कृषि उपज मंडी पहरूआ परिसर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने निरीक्षण पंजी रजिस्टर सहित सीसीटीवी और एलईडी टीवी की जांच कर सुरक्षा प्रहरियों को पूरी सजगता के साथ पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद बनाये रखने के निर्देश दिये।

गौरतलब है कि लोकसभा निर्वाचन में संसदीय क्षेत्र के मतदान में उपयोग की गई ईवीएम मशीन मतदान पश्चात कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखी गई हैं। इन मशीनों को स्ट्रांग रूम से मतगणना वाले दिन 4 जून को स्ट्रांग रुम से बाहर निकाला जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रसाद द्वारा शहडोल एवं खजुराहो संसदीय क्षेत्र में शामिल जिले की चारों विधानसभा के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को अपनी-अपनी विधानसभा के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा कंट्रोल रूम की निगरानी हेतु कार्यपालिक दंडाधिकारी भी नियुक्त किये गये हैं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की मुख्य जिम्मेदारी केंद्रीय सशस्त्र सुरक्षा बल के जवानों ने संभाल रखी है। स्ट्रांग रूम के पास किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को जाने की अनुमति नहीं है। वहीं स्ट्रांग रूम के भीतर और उसके चारों ओर की प्रत्येक गतिविधि पर सीसीटीव्ही कैमरों से नजर रखी जा रही है। जिसका सुगम प्रदर्शन भी मंडी परिसर में स्थापित एल.ई.डी में किया जा रहा है।



---

*जिला पंचायत सदस्य ने उच्च अधिकारियों से की शिकायत*

# सरकारी जमीन पर कब्जा कर परमानेंट विद्युत कनेक्शन कैसा हुआ, जांच का विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी

जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ने सरकारी जमीन में अवैध कब्जा और परमानेंट विद्युत कनेक्शन की जांच कराने पत्र लिखा है। पत्र की प्रति मुख्यमंत्री, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम सहित सहायक अभियंता ढीमरखेड़ा एवं सहायक अभियंता सिलौड़ी को भी प्रेषित की है।

पत्र में कविता पंकज राय ने उल्लेख किया है कि सरकारी जमीन पर रामलाल काछी के नाम से परमानेंट कनेक्शन एवं तीन ट्रांसफार्मर से अवैध कनेक्शन लेकर सरकारी एवं निजी जमीन में कब्जा किया है जांच करके FIR दर्ज करवाने उच्च अधिकारियों से मांग की है। रामलाल काछी द्वारा विद्युत मंडल के कर्मचारियों से सांठ-गांठ करके 2014 में सरकारी खसरा नं 338 में बोर था जिसने सन् 2014 में अवैध परमानेंट कनेक्शन कर दिया गया था तथा उसके साथ ही टिकरीटोला ट्रांसफार्मर से सिद्धबाबा ट्रांसफार्मर एवं अतरसूमा रोड ट्रांसफार्मर से तीन जगह से अवैध कनेक्शन लिया गया है। कई वर्षों से सरकारी जमीन का खसरा नं 332 का कुल रकबा 0.25 हेक्टेयर था जो दस एकड़ से ऊपर होकर कब्जा करके एवं निजी जमीन में कब्जा करके खेती कर रहा है। जिसमें एम.पी.ई. बी के कर्मचारी भी मिले हुए हैं। सन 2018 को खसरा नं 332 का कुल रकबा 0.25 हेक्टेयर से तत्कालीन तहसीलदार द्वारा 17.01.2018 को बेदखली किया गया था। लेकिन बेदखली ना होकर उसके द्वारा निजी जमीन रुद्राश राय की दो एकड़ और दस एकड़ से अधिक सरकारी जमीन में कब्जा किया गया क्योंकि एम.पी.ई. बी. के कर्मचारियों के द्वारा तीन जगह से अवैध कनेक्शन दिये गये थे जिनका ना टी. सी. कनेक्शन कटा और जिससे राजस्व की हानि भी हुई है। दिनांक 07.03. 2023 को भी रुद्राश राय के खेत में अवैध कब्जा किया गया जिसकी शिकायत जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ने मौखिक सूचना विद्युत विभाग के जेई को एवं पुलिस चौकी प्रभारी को दी गई। जिसके बाद भी रामलाल काछी का सबर्सियल एवं बायर किये गये उसके बाद सांठ-गांठ करके उसको छोड़ दिया गया। इसी प्रकार 25.04.2024 को एक बार फिर से घटना घटित की गई जिसमें रुद्राश राय के सागौन के पेड़ो को आग लगाकर रामलाल द्वारा नष्ट किया गया जिसमें लगभग 1600 पेड़ जलकर राख हो गये जिससे रुद्राश राय को लगभग पंद्रह लाख की हानि हुई एवं जो खाली जगह थी उसमें भी रामलाल द्वारा कब्जा किया गया और उस जगह पर भी हरे भरे पेड़ो को काटकर बाउंड्री लगाकर कब्जा किया गया है विदित है कि 30.04.2024 को रामलाल काछी उस स्थान पर निजी भूमि समझकर कब्जा कर लिया है। स्मरण रहे कि उस जगह पर मूंग की फसल लहलहा रही है जो अवैध कब्जे की सरकारी जमीन है। विद्युत विभाग का नियम है कि क़िसान को परमानेंट कनेक्शन एवं टी. सी. कनेक्शन के लिए खसरा नक्शा एवं टेस्टरिपोर्ट दस्तावेज जरूरी है लेकिन नियमों को ताक में रखकर काम किया जा रहा है। अधिकारियो की मिलीभगत से सरकारी जमीनों पर कब्जा करवाया जा रहा है। धोखाधड़ी करके अवैध विद्युत कनेक्शन चलाना अपराध की श्रेणी में आता है। अतः इस प्रकरण पर तत्काल कार्यवाही की मांग की है।

---

### मिशन चौक में कोतवाली प्रभारी ने जांच अभियान के दौरान दी हिदायत

# बिना पुलिस वैरीफिकेशन कराएं वाहन चलाया तो भेज देंगे जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कोतवाली पुलिस ने शहर में ई रिक्शा चालकों की धमा चौकड़ी और उनकी मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए सख्त रुख अपनाते हुए मिशन चौक पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नाबालिक ई रिक्शा चालकों एवं संदिग्धों को फटकार लगाते हुए उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि पहले पुलिस वेरिफिकेशन कराओ उसके बाद ही सड़क पर वाहन चलाना। यदि बिना पुलिस वेरिफिकेशन के पाए गए तो सीधे जेल भेजने की कार्यवाही की जाएगी।

जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा ई-रिक्शा चालकों पर अंकुश लगाने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त निर्देशों के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में आज मंगलवार देर शाम मिशन चौक पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान क्षेत्र का भ्रमण करते हुए संदेहियों की तलाशी भी ली गई। मिशन चौक पर जांच करते हुए नाबालिक ई रिक्शा चालकों एवं ऑटो चालकों सहित अन्य तीन पहिया वाहन चालकों को कड़े शब्दों में पुलिस वेरिफिकेशन कराने के निर्देश दिए गए। उन्हें यह भी बताया गया कि यदि अगली बार बिना पुलिस वेरिफिकेशन के वाहन चलाते पाए गए तो सख्त कार्यवाही की जाएगी। कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने कहा कि कुछ एक आपराधिक मामलों में ऑटो चालकों की संलिप्तता पाई गई है। इस बात को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर ऑटो चालकों की जांच करने के लिए इस तरह की कार्यवाही भविष्य में लगातार की जाती रहेगी।



### पुलिस ने शहर की होटलों में की जांच पड़ताल

आपराधिक घटनाओं एवं संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कोतवाली प्रभारी आशीष शर्मा बीती रात शहर स्थित होटलों की होटल में आकस्मिक जांच पड़ताल की। होटल में आने जाने वालों के दस्तावेज खंगालते हुए उन्होंने होटल संचालकों को सख्त लहजे में हिदायत देते हुए कहा कि यहां आने वाले किसी भी व्यक्ति पर अगर जरा भी संदेह हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें और होटल में कौन आता जाता है इसकी हर दिन की जानकारी थाने में दें। बाजार क्षेत्र एवं होटलों की आकस्मिक जांच पर निकले थाना प्रभारी ने बताया कि एसपी द्वारा संदिग्ध एवं अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए बाजार क्षेत्र, होटल, सार्वजनिक गली, चौराहों की आकस्मिक जांच के निर्देश दिए गए हैं।

एडि एसपी डॉ संतोष डेहरिया, सीएसपी ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में दलबल के साथ बाजार क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर परिस्थितियों का जायजा लेते हुए संदेहियों पर नकेल कसने के लिए उनसे पूछताछ की गई। थाना प्रभारी ने बाजार क्षेत्र का भ्रमण करने के उपरांत शहर में मौजूद विभिन्न होटलों की आकस्मिक जांच की गई। इस दौरान होटल के आगंतुक रजिस्टर को चेक करते हुए होटल संचालकों को यह भी हिदायत दी गई है कि आगंतुक रजिस्टर में दर्ज जानकारी प्रतिदिन कोतवाली थाने को उपलब्ध कराएं एवं होटल में आने वाले किसी भी व्यक्ति को लेकर अगर कोई संदेह उत्पन्न होता है तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें।

---

# शालीमार मार्केट में आगजनी पर काबू पाने किया गया मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

तंग गलियों में आगजनी के घटना के बाद किस तरह दमकल विभाग अपनी कार्यवाही को कुशलता पूर्वक अंजाम दे) इस बात की जाँच के लिए बुधवार को नगर निगम के दमकल विभाग द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

शहर की तंग गलियों में होने वाली आगजनी की घटनाओं पर कुशलतापूर्वक नियंत्रण पाने के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर उपायुक्त/प्रभारी आयुक्त पवन कुमार अहिरवार के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा फोम कॉम्बैट मशीन क्रय की गई है) जिसका आज मॉक ड्रिल के माध्यम से परीक्षण किया गया। शहर के सबसे संकीर्ण एवं व्यस्ततम बाजार शालीमार मार्केट में आगजनी की घटना का नाटकीय प्रदर्शन करते हुये उस पर नियंत्रण पाने का सफल परीक्षण किया गया।



बुधवार को प्रातः 11:30 बजे स्टेशन रोड शालीमार मार्केट में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी प्रदीप मिश्रा, उपायुक्त/प्रभारी आयुक्त पवन कुमार अहिरवार, राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, प्र.फायर नियंत्रण अधिकारी अरविंद कुमार प्यासी, सहायक फायर नियंत्रण अधिकारी शैलेन्द्र दुबे, एसडीईआरएफ कमान्डर श्वेता गुप्ता (टीम सहित) की उपस्थिति में नगर निगम के फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा फोम कॉम्बैट मशीन को संकीर्ण गली के अंदर ले जाकर मॉक ड्रिल किया गया। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारी/कर्मचारी, मार्केट के दुकानदारों एवं अन्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट का आदेश

# धोखाधड़ी के मामले में फरार इनामी अमित खम्परिया की संपत्ति होगी कुर्क

जबलपुर।

प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट ने धोखाधड़ी के मामले में फरार इनामी संजीवनी नगर, जबलपुर निवासी अमित खम्परिया की संपत्ति कुर्क करने का आदेश पारित किया है। उसके विरुद्ध संजीवनी नगर के अलावा मदन महल थाने में प्रकरण दर्ज हैं। इन दोनों मामलों में वह लंबे समय से फरार है। लिहाजा, उसके विरुद्ध तीन हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया है।

पुलिस द्वारा संपत्ति कुर्क किए जाने की मांग किए जाने पर अदालत ने संपत्ति की जानकारी जुटाने के निर्देश दिए। जानकारी प्रस्तुत किए जाने के बाद अदालत ने दुर्गा



कालोनी, संजीवनी नगर के मकान नंबर- 232/4 के कब्जे वाली राजस्वदायी सम्पत्ति, ग्राम खमरिया स्थित खसरा न. 527(एस) रकवा 0.8300 हैक्टेयर, खसरा न. 528(एस) रकवा 0.8300 हैक्टेयर, खसरा न. 529(एस) रकवा 0.8300 हैक्टेयर, खसरा न. 532/1(एस) रकवा .4390 हैक्टेयर, खसरा न. 530(एस) रकवा .1800 हैक्टेयर, खसरा न. 531(एस) रकवा .1600 हैक्टेयर (भूमि) सम्पत्ति को कुर्क करने के आदेश जारी किए हैं। रोहित खरे राजस्व निरीक्षक जबलपुर, गीतांजली मिश्रा हल्का पटवारी एवं ग्राम कोटवार को रिसीवर नियुक्त किया गया है उल्लेखनीय है कि फरार अमित खम्परिया की और भी सम्पत्ति की जानकारी जुटाई जाकर अदालत के समक्ष प्रस्तुत की गई है, जो कि प्रक्रियाधीन है।

# जनेकृविवि में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य दिवस

**कीट विज्ञान और पादप रोग विज्ञान विभागों के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन**

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय,जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से कीट विज्ञान और पादप रोग विज्ञान विभागों के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य दिवस मनाया। यह कार्यक्रम कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के विवेकानंद सभागार में अधिष्ठाता डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव के मुख्यातिथ्य में सम्पन्न हुआ। विशिष्ट अतिथियों में डॉ.ए.के.सक्सेना, डॉ.अमित कुमार शर्मा, डॉ.ए.के.जैन और डॉ. कैलाश चैकीकर शामिल थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इस युग में जहां खाद्य उत्पादन और खपत इतनी अधिक है वहीं पौधों के स्वास्थ्य के महत्व को बताना व उन के संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करना था। कीट विज्ञान विभाग से डॉ.एस.बी. दास और पादप रोग विज्ञान विभाग से डॉ.जयंत भट्ट ने अपने-अपने विभाग के छात्रों के लिए कार्यक्रम का सह-आयोजन किया। आयोजन का विधिवत पंजीकरण श्री किरण लोखंडे, श्री गोविंद दांगी और श्री सत्यनारायण द्वारा किया गया। सुश्री सौम्या सिंह और सुश्री यशी चैहान ने कार्यक्रम का संचालन किया। परंपरा का पालन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। सुश्री श्रद्धा तारे ने स्वागत भाषण दिया। छात्रा कुमारी ऋतु पाण्डे ने कृषि रसायन के सुरक्षित उपयोग एवं कृषि रसायन के अंधाधुंध उपयोग के परिणामस्वरुप मृदा, जलवायु प्रदूषण एवं जैव विविधता को होने वाली हानि के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए एवं कुमारी निधि सिंह ने कृषि आयात व निर्यात के लिए हानिकारक रोग के प्रसार को रोकने में पौध संगरौध के महत्वपूर्ण प्रक्रिया को समझाया, संकाय ने स्वतंत्र रूप से कार्यक्रम के आयोजन और प्रबंधन के लिए छात्रों की सराहना की। कार्यक्रम में कुल 75 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन संकाय की प्रेरक टिप्पणियों के साथ हुआ, जिसके बाद श्री एलेक्स खलखो और श्री मनीष गाडेकर द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव दिया गया।




# थैलेसीमिया जागरूकता व स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**जबलपुर।** एलएनसीटी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सक्षम सामाजिक संस्था एवं रेडक्रास सोसायटी तथा थैलेसीमिया जन जागरण समिति के संयुक्त तत्वावधान में 13 मई को स्वास्थ्य जागरूकता एवं रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डॉ. संजय मिश्रा जाइंट डायरेक्टर क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवा जबलपुर, डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. अरविंद गुप्ता, डॉ. श्वेता पाठक, डॉ. अंकित सेठ, विकास शुक्ला, डॉ. अमित जैन, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव, संचालक सिद्धार्थ राय, अजय वर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन, सरस्वती पूजा, अतिथि स्वागत के बाद थैलेसीमिया एवं स्वास्थ्य संबंधी व्याख्यानमाला आयोजित की गई। द्वितीय चरण में रक्त परीक्षण मधुमेह परीक्षण एवं हीमोग्लोबिन की जांच चिकित्सकों द्वारा की गई, जिसमें सभी विद्यार्थियों, प्राध्यापकगण, महाविद्यालय स्टाफ का रक्त परीक्षण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवक रोहित राय, शिवम गुप्ता, पुष्पराज सिंह, दीक्षा चौरसिया, अनामिका चादर, माधवी लोधी, अशरफ खान, देव पटेल, अंकित पटेल का योगदान रहा।

# जन समस्या निवारण संस्थान ने पक्षियों के लिए लगाये सकोरे

जबलपुर।




जन समस्या निवारण संस्थान द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों में भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए सकोरे लगाए गए, एक छोटा सा प्रयास किसी का जीवन बचा सकता है, हमने तो कर दिया आप भी अपने आसपास पशु-पक्षियों के लिए उनकी प्यास बुझाने के लिए स्थान निर्धारित कर उसमें जल की व्यवस्था करें, आपके द्वारा किया गया कार्य हमें आत्मबल प्रदान करेगा और समाजसेवा का हमारी संस्थान का जज्बा और मजबूत होगा, उक्त कार्य में संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश प्यासी, राष्ट्रीय सचिव एड. सर्वेश त्रिपाठी, राष्ट्रीय सचिव महिला प्रकोष्ठ वर्षा कालिया, प्रदेश संगठन प्रभारी राकेश सोनकर, जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ नीलम मानेकर, विधि प्रकोष्ठ जिला महामंत्री एड. अंजली तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी अजय मानेकर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# नगर निगम के समस्त संगठनों ने महापौर का जन्मदिन मनाया

**जबलपुर।** नगर निगम के समस्त संगठनों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने 14 मई को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के जन्मदिन पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें महापौर उपस्थित हुए। आयोजित कार्यक्रम में अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा, नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अचैया कोरी, चालक संघ के अध्यक्ष मन्नूलाल पटेल, मप्र शासकीय वाहन चालक संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र पटेल, गुलशन जबलपुरी, कालूराम सोलंकी, अनिल बारी, कृष्णकांत रावत, रामाराव मगरदे, जगदीश नन्हेट, श्रीनिवासलू, रामू, राममूर्ति, दयाराम धुर्वे सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

# रविशंकर शुक्ल स्टेडियम में नियमित प्रवेश पर नहीं लगे कोई शुल्क

## शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह युवा विचार मंच ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जबलपुर।

शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह युवा विचार मंच ने एसडीएम धीरेन्द्र सिंह को सौंपे ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में रविशंकर शुक्ल स्टेडियम में स्मार्ट प्रोजेक्ट के तहत जो विकास कार्य किया गया है, वह सराहनीय है, परंतु जब विकास कार्य प्रारंभ हुआ था उस वक्त आम जनता एवं नियमित रूप से अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों ने यह सोचा था कि अब हमारा शहर भी महत्वपूर्ण शहरों की श्रेणी में आयेगा, क्योंकि साधनहीन जबलपुर में खिलाड़ियों की कभी कोई कमी नहीं हुई, कमी थी तो व्यवस्थाओं की,



इस शहर के अनेक खिलाड़ी ऐसे हुए जिन्होंने यहां अभ्यास कर पूरे हिन्दुस्तान में अपनी पहचान बनाई, परंतु आज विडम्बना यह है कि उसी मैदान पर अभ्यास करने वाले लोगों से शुल्क वसूला जा रहा है। एक तरफ भारत सरकार का कहना है कि खेल और खिलाड़ी को पूरा प्रोत्साहन दिया जाएगा, वहीं दूसरी तरफ आज जबलपुर शहर के अंदर खिलाड़ी हों या नियमित रूप से वॉक करने वाले हर कोई इस व्यवस्था से परेशान हैं। शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह युवा विचार मंच मांग करता है कि सरकार चाहे जो भी हो या फिर जिला प्रशासन उनको इस विषय पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए समस्या का समाधान करना चाहिए। ज्ञापन के दौरान मंच के अध्यक्ष तजिन्दर सिंह टीटू, सचिव डिम्पी बिन्द्रा, एड. रनवीर सिंह परिहार, ए. शुभांक सराफ, सतीश राजपूत, रवि ठाकुर, जसकिंदर सिंह सहित मंच के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।




# नशा मुक्ति पुनर्वास केन्द्र में विश्व परिवार दिवस मनाया

**जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के अवसर पर कटंगी बाईपास रोड स्थित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र जबलपुर में भर्ती मरीजों के साथ मिलकर विश्व परिवार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर साइकोलॉजिस्ट मैडम शीला पटेल एवं दिव्यानी वासिनी ने जीवन में परिवार का महत्व बताया एवं परिवार को हर किसी के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। जो हमें प्यार, स्नेह, सुरक्षा प्रदान करता है, परिवार की इसी अमूल्य भूमिका को सम्मान देने के लिए हर साल 15 मई को दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। नशा मुक्ति केन्द्र संचालक मनोहर सेन ने केन्द्र में भर्ती मरीजों को बताया कि परिवार के साथ हर खुशी दोगुनी हो जाती है, परिवार वह मंदिर है जहां प्रेम और सम्मान निवास करते हैं। परिवार वह आश्रम है जो हमें हर मुसीबत से बचाता है। प्यार का दूसरा नाम ही परिवार है। इस मौके पर संस्थाा संचालक मनोहर सेन, आशीष श्रीवास, अंकुर सेन, मैडम दिव्यानी वासिनी, शीला पटेल, हेमंत साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

# स्टेशन पर रेल यात्रियों को शुद्ध एवं ठंडे जल की विशेष व्यवस्था



**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल द्वारा तेज गर्मी को देखते हुए रेल यात्रियों को शुद्ध और ठंडा पेय जल प्रदान करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है जिसके तहत मंडल के 12 स्टेशनों पर दो दर्जन अतिरिक्त प्याऊ खोले गए हैं। सीनियर डी.सी.एम. डॉ मधुर वर्मा ने बताया कि मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर सभी रेल यात्रियों को शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराने के इस अभियान के तहत प्लेटफार्म पर स्वयं सेवी संस्थायो के सहयोग के साथ ही रेलवे के स्काउट एवं गाइड के सदस्यों द्वारा प्लेटफार्म पर उपलब्ध नलों के साथ ही वॉटर कूलर और चलित प्याऊ के माध्यम से लोगों को निशुल्क ठंडा एवं शुद्ध जल उपलब्ध कराए जा रहा है। इसी तरह स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीनों से भी यात्रियों को न्यूनतम राशि पर शुद्ध ठंडा पे जल उपलब्ध कराया जा रहा हैं। इसी कड़ी में मंडल के जबलपुर, पिपरिया, मैहर, दमोह, सागर सहित प्रमुख स्टेशनों से निकलने वाली गाड़ियों के यात्रियों के सामान्य दर्जे, शयनयान श्रेणी के कोचों के पास पहुंचकर चालित प्याऊ से स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ ही रेलवे के सदस्यों द्वारा यात्रियों को सुविधा एवं ठंडा पेयजल निशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

# गुणवत्तापूर्ण बीज दिलाने जिला स्तरीय दल का गठन

**जबलपुर।** जिले में खरीफ बोनी के लिये धान एवं मक्का के बीज का भंडारण शुरू हो चुका है। कृषको को उचित मूल्य पर अच्छी गुणवत्ता का बीज मिल सके, इसलिये उप संचालक कृषि श्री रवि कुमार आम्रवंशी द्वारा सहायक संचालक कृषि श्रीमति कीर्ति वर्मा के नेतृत्व में जिला स्तरीय दल का गठन किया गया। जिला स्तरीय दल द्वारा लगातार दो दिनो से विकासखंड पनागर एवं जबलपुर के बीज विक्रताओ के यहां निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिन प्रतिष्ठानो पर प्रिंसिपल सर्टिफिकेट लाइसेंस में नही जुडे थे या लायसेंस एक्सपायर हो गये थे, उनके स्टॉक का विक्रय प्रतिबंधित किया गया। वही जय देवी फर्टीलाइजर एवं किसान बीज भंडार में रिकार्ड का रखरखाव विधिवत संधारित नही होने के कारण उनको नोटिस जारी किया गया तथा एक सप्ताह में रिकार्ड पूर्ण कर उप संचालक कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि अगर उनके द्वारा समय सीमा के अंदर रिकार्ड पूर्ण कर, नोटिस का संतोषप्रद उत्तर प्रस्तुत नही किया जाता है, तो बीज एक्ट 1968 के तहत उन पर कार्यवाही की जावेगी। पनागर से विकासखंड कंपनियो के सी एण्ड एफ गोदामों से तथा जबलपुर विकासखंड में कृषि धन एग्रो, जय देवी फर्टीलाइजर, किसान बीज भंडार एवं अग्रवाल ट्रेडिंग कंपनी आदि प्रतिष्ठानो से बीज के सेम्पल भी एकत्रित किये गये तथा गुणवत्ता जांच के लिये बीज परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गये हैं। इस दल में जिला स्तर से जिला परामर्शदाता मुकेश बाबू मीणा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमति रश्मि परसाई, कृषि विकास अधिकारी बी.सी. नामदेव, कृषि विस्तार अधिकारी श्रीवास्तव, कृषि विस्तार अधिकारी प्रतिमा यादव कार्यवाही के दौरान उपस्थित थे।



# सर्वेक्षण के कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे बिल्डर्स : निगमायुक्त

**जबलपुर।** शहर को सुन्दर स्वरूप प्रदान करने के लिए निगमायुक्ति प्रीति यादव ने एक अच्छी पहल शुरू की है। उन्होंने सिटी ब्यूटिफिकेशन का कार्य जनभागीदारी से कराने का निर्णय लिया और निर्णय के अनुसार उन्होंने शहर के सभी प्रमुख एवं प्रतिष्ठित बिल्डरों के साथ मैराथन बैठक कर सिटी ब्यूटिफिकेशन के सभी मापदण्डों के बारे में जानकारियाँ दी तथा उनसे सुझाव प्राप्त किये। बैठक के दौरान सभी बिल्डरों से प्राप्त सुझावों को अमल में लाने और तत्काल कार्यवाही करने के लिए निगम के संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने शहर में स्वच्छता के साथ-साथ सुन्दरता और स्वच्छ वायु में साँस लेने अर्थात स्वस्थ्य जीवन व्यतीत करने संबंधी मुद्दों पर भी बातचीत की और इसमें सहयोग प्रदान करने के लिए अनुरोध किया। निगमायुक्त की अपील एवं अनुरोध पर बैठक में उपस्थित सभी बिल्डरों ने सिटी ब्यूटिफिकेशन के लिए निगम प्रशासन द्वारा संचालित अभियानों में बढ़-चढ़कर सहयोग करने का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान अधीक्षण यंत्री अजय शर्मा, उपायुक्त पी.एन. सनखेरे, के साथ शहर के सभी सम्माननीय बिल्डर्सगण उपस्थित रहे।

# पाण्डुताल मैदान में क्रिकेट की बारीकियां सीख रहे खिलाड़ी

जबलपुर।



एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में रामपुर स्थित पाण्डुताल मैदान में आयोजित ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर इन दिनों नगर के नवोदित क्रिकेट का आकर्षण का केन्द्र बन गया है। नवोदित क्रिकेट खिलाड़ियों के उत्साह व उपस्थिति के कारण यह शिविर नगर का सबसे विशाल क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर बन गया है। शिविर की खास बात यह है कि इसमें प्रशिक्षणार्थियों को केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद की ओर से बैट, गेंद, ग्लब्स, पैड सहित अन्य जरूरी समान उपलब्ध कराये गये हैं।

केन्द्राrय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता व अन्य पदाधकारियों ने गत दिवस मैदान में पहुंच कर क्रिकेट शिविर के प्रशिक्षणार्थियों का उत्साह बढ़ाया। महासचिव राजीव गुप्ता ने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि शिविर में नगर के नवोदित क्रिकेट खिलाड़ी उत्साह से भाग ले रहे हैं और अनुशासन व समर्पण भावना के साथ मेहनत कर रहे हैं।

क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर में 8 से 16 वर्ष तक आयु के 115 नवोदित खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिसमें तीन लड़कियां भी हैं। इन खिलाड़ियों को दो आयु वर्ग में विभक्त कर गहन प्रशक्षिण दिया जा रहा है। 8 से 12 वर्ष आयु तक के प्रशिक्षणार्थियों को पूर्व स्टेट लेबल अंपायर हेमंत पोतदार व पीके सेन और 12 से 16 वर्ष तक आयु वर्ग के खिलाड़ियों को कुशलपाल सिंह, इकबाल खान व तरूण विजयकर प्रशिक्षण दे रहे हैं। पाण्डुताल मैदान में प्रशिक्षण के लिए दो सीमेंट विकेट में नेट्स लगायी गयी है। शिविर में प्रतिदिन शारीरिक प्रशिक्षण के अलावा बल्लेबाजी में ग्रिप, स्टांस, बैक लिफ्ट, डिफेंस व ड्राइव की बारीकियां समझायी जा रही हैं। गेंदबाजी में प्रशिक्षणार्थियों को एक्शन, रन-अप, स्विंग व स्पिन गेंदबाजी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। क्षेत्ररक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को कैचिंग व ग्रांउड फील्डिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर के दौरान नवोदित खिलाड़ियों को क्रिकेट के नियमों की जानकारी समय-समय पर दी जा रही है। प्रशिक्षण शिविर का संचालन 3 जून तक होगा।

# मानसिक रूप से अविकसित बालगृह में प्रवेश प्रारंभ

**जबलपुर।** शासकीय मानसिक रूप से अविकसित बालगृह देवताल हितकारिणी स्कूल के पास गढ़ा में मानसिक मंदबुद्धि बालक एवं बालिकाओं के प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ है। विद्यालय में मंदबुद्धि बालक-बालिकाओं को शिक्षण एवं प्रशिक्षण, फिजियोथैरेपी निःशुल्क व्यवस्था शासन द्वारा प्रदान की जाती है।अधीक्षक शासकीय मानसिक रूप से अविकसित बालगृह के अनुसार संस्था में प्रवेश हेतु बालक-बालिकाओं की उम्र 06 वर्ष से 12 वर्ष होना चाहिए। प्रवेश के समय बुद्धि परीक्षण का प्रमाण पत्र की दो छायाप्रति, मूल निवासी प्रमाण, समग्र आईडी एवं विकलांगता प्रमाण पत्र अनिवार्य है। नगर निगम जबलपुर की सीमा में अभिभावकों के बालक एवं बालिकाओं को दैनिक छात्र-छात्राओं के रूप में प्रवेश दिया जायेगा।

**नाम सुधार सूचना**

मैं ARVIND KUMAR HALDKAR पिता NANHU RAM HALDKAR उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी-म.नं.91 NEAR GOVT. SCHOOL SIHUDI CHAPRA KATNI म.प्र. (483440) शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं, कि 1. मैं सेना के 663 ARMY AVN (R&O) SQN C/0 56 APO में पदस्थ हूँ। 2. सेना के रिकॉर्ड मे मेरी पत्नि का नाम SIWANGI (शिवांगी) दर्ज है, जो कि सही नहीं है। 3. यह कि मेरी पत्नि का आधार कार्ड, पेन कार्ड, में पूरा नाम SHIWANGI HALDKAR (शिवांगी हल्दकार) दर्ज है जो कि सही है। 4. यह कि ARMY AVN NASIK रिकॉर्ड मे मेरी पत्नि का नाम दस्तावेज के अनुसार SHIWANGI HALDKAR (शिवांगी हल्दकार) दर्ज कराने हेतु इश्तिहार प्रस्तुत है।

पुराना नाम :- SIWANGI (शिवांगी)
नया नाम :- SHIWANGI HALDKAR (शिवांगी हल्दकार)

स्थान : कटनी
दिनांक : 15/05/2024

**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर**

रा. प्र. क्र./2986/अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 15/05/24

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति वर्षा पटेल पति श्री मयंक सिह चौधरी एवं अन्य नि. डोभी तह. गाडरवारा नरसिहपुर के द्वारा मौजा हिनोतिया स्थित भूमि खसरा नंबर 327/3 में से रकवा 2400 वर्गफुट भूमि जो राजस्व रिकार्ड में प्रकाश चंद तिवन s/o लक्ष्मण के नाम से दर्ज है। आवेदक के द्वारा अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 31/5/24 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 15/05/24
पेशी दिनांक - 31/05/24

शील

तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

क्र.1228/सं.अधि/विज्ञापन
जबलपुर दिनांक 13/5/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हाथीताल कॉलानी जबलपुर में भवन क्रमांक C- 08 श्रीमती विध्या साहनी पति श्री देवी सिंह साहनी के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 15.03. 2016 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमती विध्या साहनी पति श्री देवी सिंह साहनी ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 28.03.2024 के माध्यम से श्रीमती रश्मि गुप्ता सिंह पति श्री प्रीतेश सिंह ने विक्रय किया है। अत: श्रीमती रश्मि गुप्ता सिंह पति श्री प्रीतेश सिंह द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण ( भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

# विकास के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही ग्रोइंगटन वेंचर्स इंडिया लिमिटेड



GROWINGTON VENTURES INDIA LIMITED ONE STEP AHEAD

**मुंबई।** सीए विक्रम बजाज द्वारा प्रवर्तित मुंबई स्थित बीएसई सूचीबद्ध कंपनी ग्रोइंगटन वेंचर्स इंडिया लिमिटेड (बीएसई - 539222) का लक्ष्य आने वाले समय में सशक्त आर्थिक विकास हासिल करना है। कंपनी ने दिसंबर 2023 को समाप्त वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही और नौमाही के लिए उत्कृष्ट वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए हैं। वित्त वर्ष 2024 की नौमाही में कंपनी ने वित्त वर्ष 2023 की नौमाही में अर्जित 9.04 करोड़ रुपए के मुकाबले साल-दर-साल 163% की वृद्धि के साथ 23.81 करोड़ रुपए का कुल राजस्व अर्जित किया है। वित्त वर्ष 2024 की नौमाही के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ साल-दर-साल 328% बढ़कर 1.75 करोड़ रुपये हो गया जो कि गत वर्ष की समान अवधि में 40.88 लाख रुपए था। नवंबर 2023 में, कंपनी को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म से बीएसई लिमिटेड के मैनबोर्ड में स्थानांतरित कर दिया गया। कंपनी को इसके लिए शेयरधारकों की मंजूरी भी मिल गई थी। कंपनी ने 15 जुलाई की बोर्ड बैठक में बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म से बीएसई लिमिटेड के मैनबोर्ड में कंपनी के इक्विटी शेयरों की लिस्टिंग/ट्रेडिंग के माइग्रेशन को मंजूरी दे दी थी।

# हाई-स्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षाफल शत-प्रतिशत आने पर आचार्यकुलम में हर्षोल्लास का वातावरण




**हरिद्वार।** परम पूज्य स्वामी जी महाराज व परमश्रद्धेय आचार्यश्री महाराज द्वारा स्थापित आवासीय विद्यालय आचार्यकुलम में कल हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट का परीक्षाफल शत-प्रतिशत आने पर हर्षोल्लास का वातावरण रहा। प्रार्थना सभा में उपाध्यक्षा डॉ.ऋतंभरा शास्त्री ने श्रेष्ठतम प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का अभिनंदन किया और उन्हें मिष्ठान खिलाकर शुभाशीष प्रदान किया। इस वर्ष हाईस्कूल में भूमि ने 97.80 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, अभिशुभ राज ने 97.40 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, अर्जुन ने 97.20 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि 96.80 व 96.40 के साथ आदर्श कुमार और प्रियांशु राज क्रमशः चतुर्थ और पंचम स्थानों पर रहे। इस वर्ष इंटरमीडिएट के विज्ञान, मानविकी व वाणिज्य वर्ग में प्राप्तांकों का औसत क्रमशः 84.33, 91.45 व 86.60 रहा जबकि क्रमशः अवनीश, अजय नारायण एवं विदीश वर्गवार सर्वोत्तम प्रदर्शन किया। कुल मिलाकर सभी 72 विद्यार्थियों के उत्तीर्ण होने के साथ ही विद्यालय का औसत 86.23 रहा। अपने आशीर्वचन में परमपूज्य स्वामी जी महाराज ने कहा कि आचार्यकुलम में विद्यार्थियों को योगबल-विद्याबल व तपोबल की त्रिवेणी से सनाथ किया जाता है। यह परीक्षाफल इसे चरितार्थ करता है। परमश्रद्धेय आचार्यश्री महाराज ने कहा है कि गत वर्ष की भाँति पाँच दिनों तक आचार्यकुलम में 'प्रतिभा अभिनंदन पर्व' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में आचार्यकुलम प्रबंध समिति की उपाध्यक्षा डॉ.ऋतंभरा शास्त्री सहित प्राचार्या श्रीमती आराधना कौल ने इस सुअवसर पर विद्यार्थियों, अभिभावकों समेत सभी आचार्यों व कर्मचारियों को शुभकामनाएँ देते हुए अपने आशीर्वचन प्रदान किए। इस अवसर पर स्वामी अर्जुनदेव जी, स्वामी असंगदेव जी, उपप्राचार्य तापस कुमार बेरा जी सहित सभी आचार्यवृंद, कर्मचारीगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

Sri Chaitanya School
Techno Curriculum
The right mentor for IIT (JEE), Medical, Olympiad & all other Competitive exams

# श्री चैतन्य स्कूल का 2024 के सीबीएसई परिणामों में वर्चस्व कायम

**गुरुग्राम।** श्री चैतन्य स्कूल की निदेशक, श्रीमती सीमा ने कहा कि अधिकांश राज्यों में जहां श्री चैतन्य स्कूल की शाखाएं हैं, स्कूल राष्ट्रव्यापी सीबीएसई 2023-24 परिणामों में उच्चतम उत्तीर्ण प्रतिशत और उच्चतम औसत अंक के साथ नंबर 1 स्थान पर रहा। उन्होंने बताया कि श्री चैतन्य स्कूल, टेक्नो पाठ्यक्रम न केवल सभी राज्यों में, बल्कि पूरे देश में शीर्ष स्थान पर है, या तो शीर्ष अंकों में या व्यक्तिगत विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त करने में और यह एक सनसनीखेज रिकॉर्ड है। स्कूल राज्य में आयोजित एसएससी परीक्षाओं और सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ स्कूली शिक्षा की सही परिभाषा के रूप में आईआईटी-जेईई, एनईईटी और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न ओलंपियाड परीक्षाओं में नंबर 1 स्थान पर रहा है। निदेशक श्रीमती सीमा ने कहा कि प्रत्येक छात्र पर व्यक्तिगत ध्यान, अनुसंधान उन्मुख शिक्षण पद्धति, सी-आईपीएल, आईपीएल, एमपीएल, आईसीओएन, सी-बैच, मेडिकॉन, एस-बैच और टेक्नो जैसे मजबूत शैक्षणिक कार्यक्रम, माइक्रो लेवल शिक्षण प्रणाली और सभी पहलुओं में स्कूल की इस तरह की शानदार जीत का कारण अत्यधिक प्रतिबद्धता के साथ शिक्षणगण हैं। श्री चैतन्य के एक अन्य निदेशक, श्री नागेंद्र ने सभी छात्रों, उनके माता-पिता और शिक्षणगणों को बधाई दी जो एसएससी सार्वजनिक परीक्षा परिणामों में इतनी बड़ी जीत के लिए उत्तरदायी हैं।

# टूनियन गांव में शवों का अंतिम संस्कार नहीं करते लोग!

**लंदन।** दुनिया में शवों के अंतिम संस्कार की कई प्रथाएं ऐसी हैं, जो बेहद अजीबोगरीब हैं। चौंकाती हैं और कई बार तो भयावह भी लगती हैं। लेकिन हर प्रथा या रिवाज के पीछे एक रहस्य छुपा होता है। एक वजह होती है। आज इंडोनेशिया की एक ऐसे ही प्रथा के बारे में बता रहे हैं। जहां लोग अपने प्रियजनों के शव को दफनाते नहीं हैं, और न ही अंतिम संस्कार करते हैं। इसके बजाय, शवों को सड़ने के लिए जंगल में छोड़ देते हैं। लेकिन इसके बाद जो करते हैं, वह बेहद अजीबोगरीब है।

इंडोनेशिया के बाली द्वीप पर ट्रुनियन नाम का गांव है। यहां रहने वाले लोगों को बाली आगा, बलियागा या बाली मुला बाली के नाम से जाने जाते हैं। पहाड़ों के बीच एकांत में रहने वाले ये लोग ऑस्ट्रोनेशियन हैं और अपने कल्चर से कोई समझौता नहीं करते।



## खोपड़ी और अन्य हड्डियों को निकालकर ले आते हैं

रिपोर्ट के मुताबिक, एक बार जब शवों से मांस निकल जाता है, तो ये लोग खोपड़ी और अन्य हड्डियों को निकालकर ले आते हैं और मंच पर सजाकर रखते हैं। आप सोच रहे होंगे कि इन शवों से तो काफी बदबू आती होगी, लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। दरअसल, यहां एक पुराना बरगद का पेड़ है, जो अपनी मीठी सुगंध से शवों की दुर्गंध को छिपा लेता है। ट्रुनियन कब्रिस्तान में आने वाले बहुत सारे लोग इसके बारे में जानकर चकित रह जाते हैं।

## ताकि देवता नाराज न हो जाए


स्थानीय किंवदंती के अनुसार, बाली आगा लोग ज्वालामुखी को भड़काने से बचने के लिए अपने मृतकों के शवों के साथ ऐसा व्यवहार करते हैं। ज्वालामुखी को हिन्दू देवता ब्रम्हा माना जाता है। इन्हें प्रसन्न करने के लिए कब्रिस्तान में ग्यारह ताड़ और बांस के पिंजरों के अनुरूप ग्यारह पगोडा बनाया गया है। गांव में एक मंदिर भी है। जब शवों से कब्रिस्तान भर जाता है तो सबसे पुराने शवों को हटा दिया जाता है। और उसके अवशेषों को जमीन पर फैला दिया जाता है। यहां शवों को रखना केवल शुभ दिनों पर होता है। परिवार को अंतिम संस्कार के लिए पैसे जुटाने पड़ते हैं। इतना ही नहीं, कुछ लाशें कई दिनों या हफ्तों तक घर पर ही रखी रहती हैं, क्योंकि जगह नहीं होती। शवों को खराब होने से बचाने के लिए उन पर फॉर्मेल्डिहाइड लपेटा जाता है।



# टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में लहराया केआईआईटी डीयू का परचम

**भुवनेश्वर।** वार्षिक टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग की आज , दिनांकः 14 मई को घोषणा की गई । अपनी अकादमिक रैंकिंग में एक उल्लेखनीय उपलब्धि में, कीट डीम्ड यूनिवर्सिटी 2024 के लिए टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारत में 11वें स्थान पर पहुंच गई है। यह कदम केआईआईटी के निरंतर सुधार और उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है। पिछले साल की रैंकिंग में कीट को वैश्विक स्तर पर 151-200 रैंकिंग के समूह में रखा गया था। इस वर्ष की रैंकिंग में कीट की वैश्विक रैंक में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और यह रैंकिंग 168 हो गई है। इस साल की रैंकिंग में दुनिया भर के 673 विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन किया गया जिनमें से 55 भारत से थे, जिससे केआईआईटी को युवा विश्वविद्यालयों के शीर्ष पायदान पर आंका गया है। कीट और कीस के सदस्यों, छात्रों और कर्मचारियों ने संस्थापक प्रो. अच्युत सामंत के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है। उनका दूरदर्शी नेतृत्व और समर्पण कीट के तेजी से बढ़ने और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर पर्याप्त प्रभाव डालने में महत्त्वपूर्ण रहा है।

# इस शख्स ने आइंस्टीन का दिमाग किया था चोरी



**लंदन।** मानव विकास के इतिहास में सापेक्षतावाद का सिद्धांत एक बहुत बड़ी खोज थी। साल 1905 में अल्बर्ट आइंस्टीन द्वारा दिए गए सापेक्षतावाद के सिद्धांत ने वैज्ञानिकों की दुनिया में हलचल मचा दी थी। इस सिद्धांत ने हमें बताया कि समय और स्पेस दोनों परस्पर एक- दूसरे के साथ जुड़े हुए हैं और गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव से समय और स्पेस का जो फैब्रिक है वह बेंड हो जाता है। इसकी वजह से समय धीमा हो जाता है। इस खोज से यह बात साबित हुई कि समय हर जगह एक समान नहीं है। इस एक खोज ने उस समय ब्रह्मांड को लेकर जो न्यूटोनियन समझ वैज्ञानिकों के बीच थी उस पर कई प्रश्नचिन्ह लगा दिए। आज के समय दुनिया के कई बड़ी वैज्ञानिक खोजें जैसे कि जीपीएस, न्यूक्लियर एनर्जी, ग्रैविटेशनल वेव एस्ट्रोनॉमी आदि सापेक्षतावाद के सिद्धांत पर ही आधारित हैं।


सोचिए जरा इस विशाल ब्रह्मांड में जहां हमारी पृथ्वी का अस्तित्व न के बराबर है। वहां पर एक शख्स द्वारा इस तरह की असाधारण खोज करना बहुत बड़ी बात थी। इन्हीं सब खोजों की वजह से आइंस्टीन प्रतिभा के पर्याय बन चुके थे। उनकी प्रतिभा और बुद्धि की चर्चा हर जगह हो रही थी। 18 अप्रैल, 1955 को प्रिंसटन, न्यू जर्सी में अल्बर्ट आइंस्टीन का निधन हुआ।

## इंटेलिजेंस से काफी प्रभावित था

आइंस्टीन की मृत्यु के बाद एक अचंभित करने वाली घटना होती है। थॉमस हार्वे नाम का एक पैथोलॉजिस्ट उनके मस्तिष्क को चुरा लेता है। थॉमस हार्वे आइंस्टीन के इंटेलिजेंस से काफी प्रभावित था। उनका मानना था कि आइंस्टीन की बुद्धि का अध्ययन करके उनकी इंटेलिजेंस के रहस्य को सुलझाया जा सकता है।


# लॉटरी में जीते 5 करोड़ पर नहीं हुआ यकीन, सपना समझकर सो गया

**लंदन।** लॉटरी जीतकर बहुत सारे लोग अमीर बनने का सपना देखते हैं, लेकिन ज्यादातर लोगों के लिए यह सिर्फ सपना ही रह जाता है। मगर 63 साल के रेमंड यंग की तो किस्मत ही बदल गई। उनका सपना सच हो गया। मगर वे अभी भी यकीन नहीं कर पा रहे हैं। रिटायरमेंट के बाद की जिंदगी जी रहे रेमंड यंग ने लॉटरी में 5 करोड़ जीते। उन्हें लगा कि शायद सपना देख रहे हैं। इसलिए सोने चले गए। जब आंख खुशी तो भी यकीन नहीं हुआ। मगर घंटों बाद जब भरोसा हो गया, तो खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन के रहने वाले रेमंड यंग पहले एक पेट्रोल पंप पर काम करते थे। रिटायरमेंट के बाद वे लॉटरी में किस्मत आजमाया करते थे। रेमंड ने कहा, मैं कई वर्षों से ये खेल खेल रहा हूं, लेकिन कभी यकीन नहीं रहा कि इतना कुछ मिल जाएगा। उस क्षण को याद करते हुए रेमंड ने कहा, मैं आधी रात को उठा था। अचानक मैंने अपने नंबरों की जांच की। तभी मुझे पता चला कि जैकपॉट मैंने जीत लिया है। मगर यकीन नहीं हुआ। मैं सोने चला गया। सुबह भी जब उठा तो लगा कि शायद मैंने कोई सपना देखा। मैं इतना भाग्यशाली कहां हूं, लेकिन कुछ देर बाद जब फिर से नंबरों का मिलान किया तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मुझे यकीन हो गया कि मैंने भारी भरकम थंडरबॉल जैकपॉट हासिल किया है। मैंने अपने लिए एक नई कार खरीद ली है।

महालक्ष्मी फायनेंस
*महिलाओं को विशेष छूट
(सरकार द्वारा रजिस्टर)
1% ब्याज 50% छूट
सभी प्रकार की योजनाओं के द्वारा लोन ऑनलाईन पाएं
एजेंट आमंत्रित वेतन - 25,000/- प्रतिमाह + कमीशन
मार्कशीट पर्सनल बिजनेस
कृषि होमलोन प्रॉपर्टी
व्यवसाय राशनकार्ड आधारकार्ड
मुर्गीपालन ईंटभट्टा समूह लोन
नया रोजगार शुरू करने के लिए जनधन मुद्रा योजना के द्वारा 1 लाख से 50 लाख तक 24/48 घंटे में घर बैठे लोन
9917370725

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।


# गलती से भी न डायल करें ये मोबाइल नंबर

■ घंटी बजते ही लग जाएगा 'श्राप'! एक ने ली थी 3 लोगों की जान



**लंदन।** एक वक्त था जब लोग अपने मोबाइल नंबरों को काफी चुनकर सेलेक्ट करते थे। वो ऐसे नंबर चुनते थे, जिसमें उनकी मान्यताओं की छाप दिखे। कंपनियां अपने कर्मचारियों के लिए ऐसा नंबर चुना करती थीं, जो एक क्रम में हों। फोन नंबर तो सिर्फ अंक होते हैं, पर आपको जानकर हैरानी होगी कि इतिहास में कुछ ऐसे भी फोन नंबर हुए हैं, जो भूतिया या फिर श्रापित माने जाते हैं। आज ऐसे ही 5 नंबरों और उनसे जुड़ी कहानियों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें श्रापित माना जाता है, हालांकि, इसके पीछे कोई पुख्ता सबूत नहीं है, और इन्हें अफवाह ही माना जाता है। एक वेबसाइट के अनुसार बलगेरिया में एक मोबाइल फोन कंपनी थी, मोबीटेल। कंपनी ने एक फोन नंबर जारी किया था, +359 888 888 888। जिस-जिस ने इस नंबर को लिया, उसकी मौत हुई। नंबर की वजह से 3 लोगों की जान गई। इसके बाद नंबर को सस्पेंड कर दिया गया।

## शब्द पहेली - 5512



**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

**शब्द पहेली- 5511 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | ■ | म | त | वा | ला |
| ह | रा | ■ | त | ■ | का | म | ना | ■ | दा | वा |
| न | ■ | बे | र | ह | म | ■ | ना | रा | ■ | रि |
| शी | ल | वा | न | ■ | या | द | ■ | नी | र | स |
| ल | ■ | प | ■ | ख | ब | र | ची | ■ | न | ■ |
| ता | र | न | हा | र | ■ | का | न | भ | र | ना |
| ■ | म | ■ | र | ह | ब | र | ■ | यं | ■ | प |
| प्र | ण | य | ■ | रा | हु | ■ | ब | क | वा | स |
| ति | ■ | दा | स | ■ | बे | क | रा | र | ■ | न्द |
| का | न | ■ | चि | रा | ग | ■ | म | ■ | क | हो |
| र | म | जा | न | ■ | म | द | द | क | र | ना |

## सूडोकु नवताल - 5523

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5522 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |



फिटनेस फंडा / करण मेहरा

# डेली वर्कआउट के लिए टाइम मैनेज करता हूं

इन दिनों सोनी एंटरटेनमेंट टीवी पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'मेहंदी वाला घर' में मनोज अग्रवाल के किरदार में एक्टर करण मेहरा नजर आ रहे हैं। अपनी फिटनेस को मेंटेन करने के लिए वे क्या कुछ एफर्ट्स करते हैं, जानिए उन्हीं की जुबानी।



करण मेहरा टीवी इंडस्ट्री के पॉपुलर एक्टर्स में शामिल हैं। वे अच्छे एक्टर होने के साथ अपनी फिटनेस को लेकर भी कॉन्शस रहते हैं। यहां **हरिभूमि** से अपना फिटनेस फंडा शेयर कर रहे हैं करण मेहरा।

## फिटनेस आइडियल

वैसे तो मेरा कोई फिटनेस आइडियल नहीं है। लेकिन फिल्म स्टार रितिक रोशन को मैं लाइक करता हूं क्योंकि वे बहुत फिटनेस फ्रीक हैं। उन्होंने अपनी बॉडी को अच्छा मेंटेन कर रखा है। उनकी बॉडी फिटनेस को आइडियल बॉडी कहा जा सकता है। उनसे मैं इंस्पायर होता हूं।

## डाइट प्लान

हेल्दी रहने के लिए मेरा कोई खास डाइट प्लान नहीं है। मैं हेल्दी फूड्स लेने में बिलीव करता हूं। दिन भर कुछ खाते रहने के बजाय मैं सिर्फ दो बार हेल्दी और न्यूट्रिशस फूड्स खाता हूं-लंच एंड डिनर। कुछ लोग अपने लिए स्पेशल टाइप के डाइट प्लांस बनाते और उसे फॉलो करते हैं, लेकिन मैंने ऐसा कभी नहीं किया।

## वर्कआउट रूटीन

मैं कोई पर्टिकुलर वर्कआउट नहीं करता हूं। मेरा मानना है कि जब आप किसी भी तरह की एक्सरसाइज या वर्कआउट डेली करते हैं तो यह बॉडी के लिए बहुत ही अच्छा होता है। वर्कआउट के लिए मैं डेली सुबह सात बजे तक जिम पहुंच जाता हूं। निश्चित समय तक एक्सरसाइज करने के साथ रूटीन वर्क के बाद नौ बजे तक शूटिंग के लिए सेट पर पहुंच जाता हूं।

## करता हूं टाइम मैनेजमेंट

यह सही है कि मेरा शेड्यूल बहुत बिजी रहता है, ऐसे में एक्सरसाइज के लिए टाइम निकालना टफ होता है, लेकिन ऐसा करना जरूरी है। इसलिए मुझे टाइम मैनेज करना ही पड़ता है। अगर शूटिंग के लिए सुबह नौ बजे की शिफ्ट हो तो सुबह सात बजे जिम जाकर वर्कआउट करता हूं। अगर शूटिंग की शिफ्ट किसी दिन सुबह सात बजे ही होती है तो मैं शाम को वर्कआउट के लिए जाता हूं। यानी किसी भी तरह से वर्कआउट के लिए मैं टाइम मैनेज करता हूं।

## रीडर्स को मैसेज

मेरा मानना है कि हर किसी को अपनी बॉडी और इसकी स्ट्रेंथ के बारे में पता होता है। इसलिए कोई एक ही फंडा सभी पर लागू नहीं हो सकता है। मैं तो यही सलाह दूंगा कि अपनी शारीरिक क्षमता और पसंद के हिसाब से वर्कआउट करें। वर्कआउट और डाइट के बीच बैलेंस बनाना जरूरी है। इससे हम हेल्दी और फिट रह सकते हैं।

## ऐसे रहता हूं मेंटली हेल्दी

हैप्पी लाइफ के लिए फिजिकल हेल्थ के साथ मेंटल हेल्थ पर ध्यान देना भी बहुत जरूरी है। मेंटली हेल्दी रहने के लिए मैं हमेशा खुश रहने की कोशिश करता हूं। आजकल की लाइफ में इतनी भाग-दौड़ और तनाव बढ़ता जा रहा है कि लोगों का खुश रहना बहुत मुश्किल हो गया है। जबकि मेंटली हेल्दी रहने के लिए खुश रहना सबसे जरूरी है। इसलिए मैं खुश रहने का प्रयास करता हूं। *

**प्रस्तुतिः सेहत डेस्क**

डॉक्टर्स एडवाइस


स्पेशलः वर्ल्ड हाइपरटेंशन-डे, 17 मई

आज के दौर में हाई बीपी को लोग कॉमन हेल्थ प्रॉब्लम मानने लगे हैं। लेकिन इसे लेकर लापरवाही बरतना सही नहीं है, क्योंकि इसकी वजह से आप कई अन्य खतरनाक बीमारियों से ग्रस्त हो सकते हैं। हम आपको यहां विस्तार से बता रहे हैं कि हाई ब्लड प्रेशर किस तरह की समस्याएं बढ़ाता है और किस तरह से आपको इससे बचना चाहिए?

# लाइफस्टाइल-डाइट सुधारकर कंट्रोल कर सकते हैं हाइपरटेंशन







आज वैश्विक स्तर पर हाई ब्लड प्रेशर की समस्या गंभीर रूप से कई लोगों को प्रभावित कर रही है। पहले के समय में यह समस्या उम्र बढ़ने के साथ होती थी लेकिन वर्तमान समय में बहुत से युवा भी इस समस्या की चपेट में आ रहे हैं। हाई ब्लड प्रेशर से होने वाले खतरों के बारे में लोग सतर्क रहें और बचाव के लिए जागरूक रहें, इसी उद्देश्य से हर साल 17 मई को वर्ल्ड हाइपरटेंशन-डे मनाया जाता है। इस बारे में जानना सभी के लिए जरूरी है।

## बढ़ता है कई बीमारियों का रिस्क

नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर डायरेक्टर एंड प्रोग्राम हेड- कार्डियक साइंसेज, **डॉ. हेमंत मदान** के अनुसार, 'सामान्य रूप से एक स्वस्थ व्यक्ति का ब्लड प्रेशर 120/80 होता है। हाई ब्लड प्रेशर की स्थिति में व्यक्ति का ब्लड प्रेशर इस नॉर्मल वैल्यू के ऊपर पहुंच जाता है। ऐसे में शरीर की धमनियों में रक्त का दबाव अधिक बढ़ जाता है। अकसर दिनभर में रक्त चाप कई बार बढ़ता और कम होता रहता है, लेकिन अगर हाई ब्लड प्रेशर की स्थिति लंबे समय तक रहती है तो यह सेहत के लिए हानिकारक हो सकती है और इसके कई दुष्प्रभाव सामने आ सकते हैं। इस समस्या के कारण हार्ट डिजीजेज, हार्ट फेलियर और स्ट्रोक जैसी अनेक बीमारियां होने का खतरा रहता है।'

## हाई ब्लड प्रेशर के कारण

हाई ब्लड प्रेशर के कारणों के बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में इंटरवेंशनल, क्लिनिकल, क्रिटिकल कार्डियोलॉजी एंड इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी के सीनियर कंसल्टेंट **डॉ. अविनाश बंसल** बताते हैं, 'ज्यादातर हाई ब्लड प्रेशर के मामलों में कोई एक कारण जिम्मेदार नहीं होता है। अनियमित जीवनशैली, खराब खान-पान, आनुवांशिक कारण और प्रदूषण से जुड़े हुए कारण जब सामूहिक रूप से लंबे समय तक किसी व्यक्ति को प्रभावित करते हैं, तो हाई ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ने लगती है। शारीरिक गतिविधि की कमी, जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड का अधिक सेवन, अनियमित लाइफस्टाइल, अधिक सिगरेट और शराब का सेवन व्यक्ति को हाइपरटेंशन का शिकार बना देता है। इसके अलावा तनाव भी मुख्य रूप से हाई ब्लड प्रेशर के लिए जिम्मेदार होता है क्योंकि अधिक तनाव के कारण ऐसे हार्मोंस निकलते हैं, जो रक्त वाहिकाओं पर दबाव डालते हैं और ब्लड प्रेशर बढ़ने लगता है। ऐसे में इन कारणों को समझ कर लाइफस्टाइल में आवश्यक परिवर्तन करना जरूरी है।'



## हाई ब्लड प्रेशर के प्रमुख लक्षण

हाई ब्लड प्रेशर के लक्षणों के बारे में नारायणा हॉस्पिटल और आरएन टैगोर हॉस्पिटल, दिल्ली के सीनियर कंसल्टेंट-कार्डियक सर्जरी **डॉ. ललित कपूर** डिटेल में बताते हैं, 'हाई ब्लड प्रेशर को एक तरह से साइलेंट किलर के नाम से भी जाना जाता है। अकसर ऐसा देखा गया है कि हाई ब्लड प्रेशर के मरीज में लक्षण या किसी भी तरह के संकेत जल्दी देखने को नहीं मिलते हैं, लेकिन इसके कुछ सामान्य लक्षण हैं, जिनका पता लगने के बाद आप ब्लड प्रेशर की जांच करा सकते हैं। इन लक्षणों में चक्कर आना, सांस लेने में मुश्किल होना, थकान, नाक से खून आना, अकसर सिर दर्द रहना, नजर में परिवर्तन आना, सीने में दर्द महसूस होना और यूरिन के साथ ब्लड आना जैसे लक्षण शामिल हैं। ऐसे लक्षणों के प्रति सतर्कता आवश्यक है। भूलकर भी ऐसे लक्षणों के प्रति लापरवाही ना बरतें और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करके आवश्यक जांच कराएं।'

## हाई बीपी से बचाव के उपाय

हाई बीपी से बचाव के उपायों के बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में डायरेक्टर-कार्डियोलॉजी **डॉ. समीर कुब्बा** बताते हैं, 'लंबे समय तक हाई ब्लड प्रेशर की स्थिति शरीर में कई गंभीर बीमारियां उत्पन्न कर सकती हैं, इसलिए बचाव के तौर पर आपको कुछ सावधानी बरतने की आवश्यकता है। सबसे पहले तो आप नमक का सेवन सीमित करें, शराब का सेवन और धूम्रपान बिल्कुल भी ना करें, अपने तनाव को कम करने के लिए व्यायाम और योग को प्राथमिकता दें, फास्ट फूड के सेवन से बचें, सिर्फ पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों का ही सेवन करें। चाय और कॉफी का सेवन भी कम करें। इसके अलावा नियमित रूप से अपने ब्लड प्रेशर की जांच कराते रहें और डॉक्टर के संपर्क में बने रहें।' *

### नॉर्मल बीपी और हाई बीपी में क्या होता है अंतर

अमेरिका की ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी में वेकस्नर मेडिकल सेंटर में कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. जिम ल्यू कहते हैं, 'ब्लड प्रेशर वह फोर्स है, जिसका प्रयोग हमारा ब्लड आर्टिरीज वॉल्स में प्रवेश के लिए करता है। हमारा हार्ट ब्लड पंप करता है तो यह ऑक्सीजन से युक्त रक्त को हमारी आर्टिरीज में धकेलने के लिए बल का प्रयोग करता है। यहीं से यह हमारी विभिन्न कोशिकाओं और ऊतकों तक पहुंचता है। यह काम दिन भर होता रहता है और प्रति मिनट 60 से 100 बार तक होता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन और अमेरिकन कॉलेज आफ कार्डियोलॉजी ने सामान्य ब्लड प्रेशर 120/80 बताया है। यू एस सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन ने 130 /80 या इससे ज्यादा बीपी को हाई बीपी बताया है।

**-अंजू जैन**

### हाई बीपी को लेकर कई लोग करते हैं लापरवाही



**हाई ब्लड प्रेशर** के खतरे के बारे में लोग आज भी जागरूक नहीं हैं, जिस कारण अधिकांश लोग आज भी आसानी से इसकी चपेट में आ जाते हैं। आईसीएमआर के राष्ट्रीय रोग सूचना विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र द्वारा कराए गए एक नए अध्ययन में पता चलता है कि भारत में 18 से 54 साल के उम्र वाले 30 प्रतिशत लोगों ने कभी अपना ब्लड प्रेशर नहीं नपवाया है। यह अध्ययन हाल ही में इंटरनेशनल जर्नल ऑफ पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित हुआ है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार, हाई ब्लड प्रेशर का मतलब है कि नसों में खून का फ्लो तेज होना। डॉक्टरों का कहना है कि हाई ब्लड प्रेशर दिल का दौरा, ब्रेन स्ट्रोक और लंबे समय में किडनी खराब होने जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। अध्ययन में यह भी पाया गया कि देश में प्री-हाइपरटेंशन यानी शुरुआती हाई ब्लड प्रेशर की दर भी विभिन्न जिलों में 34 प्रतिशत तक है। प्री-हाइपरटेंशन वह अवस्था है, जहां ब्लड प्रेशर सामान्य से थोड़ा अधिक होता है, लेकिन हाई ब्लड प्रेशर की श्रेणी में अभी नहीं आता। इस अध्ययन में शामिल डॉक्टरों का कहना है कि अध्ययन इस बात की ओर इशारा करता है कि भारत में लोगों को अपने सेहत के प्रति जागरुकता बढ़ाने की जरूरत है। नियमित रूप से ब्लड प्रेशर की जांच करवाना बहुत जरूरी है। खासकर 40 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए।

**-अजेश कुमार**


डिजीज

डॉ. अरु हांडा
सीनियर कंसल्टेंट-ईएनटी डिपार्टमेंट
मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम

अगर आपकी नाक अकसर बंद महसूस होती है और आपको सांस लेने में परेशानी होती है तो सचेत हो जाएं। यह साइनस का लक्षण हो सकता है। क्यों होता ऐसा और इससे कैसे करें बचाव, जानिए।

# ईजिली हो सकता है साइनस ट्रीटमेंट





जब नाक बंद होने के कारण रात को ठीक से नींद ना आए तो ऐसी शारीरिक दशा को साइनोसाइटिस या साइनस कहते हैं।

**क्या है साइनस :** सिर के स्कैल्प की हड्डियों में असंख्य बारीक छिद्र होते हैं, जिनके माध्यम से ब्रेन तक ऑक्सीजन पहुंचती है। सर्दी-जुकाम होने की स्थिति में इन छिद्रों में कफ भर जाता है, जिससे सांस लेने में तकलीफ के साथ सिर में बहुत भारीपन महसूस होता है। आमतौर पर सर्दी-जुकाम को ठीक होने में तीन से चार दिन लग जाते हैं, लेकिन कुछ लोगों को जुकाम बहुत कम होता है, एक या दो दिनों के बाद ही रनिंग नोज की समस्या दूर हो जाती है, इससे नाक से गंदगी बाहर नहीं निकल पाती। कुछ समय के बाद यही कफ साइनस का रूप धारण कर लेता है। इसीलिए सर्दी-जुकाम होते ही उसे दवा लेकर रोकने की कोशिश नहीं करनी चाहिए क्योंकि इससे साइनस हो सकता है।

**साइनस के प्रकार :** लक्षणों के आधार पर साइनस चार प्रकार का हो सकता है।

**एक्यूट :** इसमें नाक से पानी गिरना या अचानक नाक बंद हो जाना दोनों ही स्थितियां हो सकती हैं। कई बार यह समस्या महीनों तक बनी रहती है। बैक्टीरियल इंफेक्शन इसकी प्रमुख वजह है। यह संक्रमण लोगों की सांस की नली के ऊपरी हिस्से में होता है, इसे दूर करने के लिए एंटीबायोटिक्स, पेन किलर और नेजल ड्रॉप लेने की जरूरत पड़ती है। अधिक मात्रा में पानी पीना और स्टीम लेना भी इस समस्या से बचाव में मददगार होता है।

**सब एक्यूट साइनस :** इसके लक्षण भी एक्यूट जैसे ही होते हैं, लेकिन महीने भर में यह समस्या आसानी से दूर हो जाती है।

**रीक्यूरेंट :** जिन्हें पहले से अस्थमा या एलर्जी की समस्या हो, उसके साथ ही अगर उनमें बंद नाक जैसे लक्षण नजर आएं तो इसे रीक्यूरेंट साइनस कहा जाता है।

**क्रॉनिक :** जब यह समस्या वर्षों तक ठीक नहीं होती और इसकी वजह से अगर किसी को नाक में जलन, दर्द और सूजन जैसी परेशानियां होती हैं तो ऐसी दशा को क्रॉनिक साइनोसाइटिस कहा जाता है। इसकी वजह से सिर में दर्द और व्यवहार में चिड़चिड़ापन जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**प्रमुख लक्षण :** सिर और आंखों में तेज दर्द, आवाज में भारीपन, हल्का बुखार और बेचैनी, जबड़े, गालों और दांतों में दर्द, सूंघने की क्षमता प्रभावित होना, भोजन में अरुचि और कभी-कभी नाक से पानी गिरना और छींकें आना।

**क्या है वजह :** कुछ लोगों की नाक की हड्डी का आकार अपने आप बढ़ जाता है, जिससे यह समस्या हो सकती है। चेहरे या नाक पर गंभीर चोट लगने से ऐसा हो सकता है। जो लोग किसी खास तरह की एलर्जी के प्रति संवेदनशील होते हैं, उन्हें भी यह बीमारी हो सकती है। प्रदूषण भरे वातावरण में रहने या अधिक मात्रा में सिगरेट पीने वाले लोगों को भी ऐसी समस्या हो सकती है।

**रखें ध्यान :** अपने कमरों के कार्पेट, गद्दों, तकिए आदि की सफाई का विशेष ध्यान रखें, उनमें जमा होने वाले धूलकणों से एलर्जी हो सकती है, अगरबत्ती, परफ्यूम जैसी तेज गंध वाली चीजों से दूर रहें, घर में क्रॉस वेंटिलेशन की व्यवस्था होनी चाहिए। जिन्हें वायरल इंफेक्शन हो, उनसे दूर रहने की कोशिश करें, स्टीम लेना भी फायदेमंद साबित होता है। अगर आप इन बातों का ध्यान रखेंगे तो आपके लिए साइनस से अपना बचाव आसान हो जाएगा। *

**प्रस्तुतिःविनीता**

घरेलू औषधि

# गर्मियों में लाभकारी सत्तू का सेवन



गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही लोग इससे बचाव के सभी संभव उपाय करने लगते हैं। अन्य उपायों के साथ स्वास्थ्य के लिए अत्यंत फायदेमंद खाद्य पदार्थ सत्तू भी है। इसे भुने हुए जौ और चने को पीसकर बनाया जाता है। इसे खाया भी जा सकता है या शीतल पेय के रूप में पिया भी जा सकता है। सत्तू में बहुत सारे खनिज मौजूद होते हैं। इनमें कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन और पोटैशियम प्रमुख हैं।

**कई तरह से फायदेमंदः** इस मौसम में तेज गर्म हवाएं, झुलसाने वाली धूप शरीर को हानि पहुंचाती है। इसके फलस्वरूप त्वचा झुलस जाती है। बाल एकदम रूखे और बेजान हो जाते हैं। साथ ही पाचन भी गड़बड़ हो जाता है। चक्कर आने लगते हैं, दस्त, उल्टी के साथ बुखार, सिर दर्द भी होने लगता है। ऐसी दशा में सत्तू संजीवनी का काम करता है। धूप में घर से बाहर निकलने से पहले सत्तू का सेवन अनेक परेशानियों से बचाता है। यह लू से तो बचाता ही है, साथ ही (डायबिटीज) मधुमेह और (ब्लडप्रेशर) बीपी को भी नियंत्रित करता है। गर्भावस्था और मासिक धर्म के समय महिलाओं में पोषक तत्वों की पूर्ति करने में भी सत्तू का सेवन सक्षम है। यह वजन भी घटाता है। लू लगने पर ऊर्जा प्रदान कर शरीर को हाइड्रेट करता है। *

**-वैद्य हरि कृष्ण पांडे 'हरीश'**

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित



# प्लेऑफ की दो टीमें तय, बाकी दो स्थानों के लिए हैदराबाद-चेन्नई और बेंगलुरु में फंसा पेंच

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

आईपीएल का 17वां सीजन धीरे-धीरे अपने चरम पर पहुंच रहा है। मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच आईपीएल 2024 का 64वां मुकाबला खेला गया। इस मैच में दिल्ली ने 19 रनों से जीत दर्ज की और प्लेऑफ की दौड़ में खुद को बनाए रखा। हालांकि, उनके लिए क्वालीफाई करना बड़ी चुनौती है।

वहीं, दिल्ली की जीत से राजस्थान को फायदा हुआ और टीम प्लेऑफ में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई। लखनऊ का भी क्वालीफाई करना मुश्किल माना जा रहा है। तीन टीमें पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं। इनमें मुंबई इंडियंस, पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस शामिल हैं। अब दो स्थानों के लिए पांच टीमों के बीच जंग जारी है। इनमें चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स शामिल हैं।

### हैदराबाद : लगभग तय

सनराइजर्स हैदराबाद के अगले दो मैच गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के खिलाफ है। एसआरएच की टीम अगर एक भी मैच जीतती है तो प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। वहीं, सनराइजर्स के दोनों मैच गंवाने पर चेन्नई और बेंगलुरु दोनों के एकसाथ पहुंचने के भी समीकरण बन सकते हैं।

### लखनऊ : एक मैच बाकी

लखनऊ 13 मैचों में छह जीत के साथ सातवें पायदान पर है। उनके खाते में 12 अंक और -0.787 का नेट रनरेट है। अगर केएल राहुल की टीम की प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना है तो आखिरी मुकाबले में मुंबई इंडियंस को बड़े अंतर से हराना होगा। लखनऊ की टीम अभी भी तकनीकी तौर पर आईपीएल में बनी हुई है। हालांकि, उसका एक मैच बचा है और टीम



### बेंगलुरु और सीएसके में जंग

आरसीबी को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए लीग स्टेज और अपने आखिरी मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को 18 रन से ज्यादा के अंतर या फिर रन चेज के दौरान 18.1 ओवर में लक्ष्य हासिल करना होगा। अगर ऐसा करने में आरसीबी कामयाब होती है तो प्लेऑफ में पहुंच सकती है। वहीं, सीएसके मुकाबला जीत जाती है तो फिर नेट रनरेट और 16 अंकों के साथ टीम के लिए बढ़ने में आसानी होगी।

### बेंगलुरु : धुंधली सी उम्मीद

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 12 अंक लेकर प्लेऑफ की रेस में है। उसे 18 मई को चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ना है। इस मैच को जीतने वाली टीम प्लेऑफ में जगह पक्की कर सकती है, क्योंकि दोनों का नेट रन रेट पॉजिटिव है, जबकि दिल्ली और लखनऊ का नेट रन

### दिल्ली : 14 अंक 5वें स्थान पर

आईपीएल के इस सीजन में 14 मुकाबले खेल चुकी दिल्ली कैपिटल्स सात जीत और इतने ही मैचों में शिकस्त के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। उनके खाते में 14 अंक हैं और नेट रनरेट -0.377 का है, जो चिंता का विषय है। वहीं, दिल्ली ने लीग राउंड में अपना अभियान समाप्त कर लिया। उसने 14 मैचों में सात जीत और सात हार के साथ 14 अंक लेकर अपना अभियान समाप्त किया।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 13 | 9 | 3 | 19 |
| राजस्थान | 12 | 8 | 4 | 16 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 |
| बेंगलोर | 13 | 6 | 7 | 12 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 |
| गुजरात | 13 | 5 | 7 | 11 |
| मुंबई | 13 | 4 | 9 | 8 |
| पंजाब | 12 | 4 | 8 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
661 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
20 विकेट
मुंबई

बाउंड्री मीटर

1947 चौके
1125 छक्के

## खबर संक्षेप



### अंजुम, ऐश्वर्य तीसरे ट्रायल में बने विजेता

**भोपाल।** अंजुम मुद्गिल और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने ओलंपिक चयन ट्रायल टी3 क्वालीफिकेशन दौर में महिलाओं और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस क्वालीफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया। नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग पोजिशंस में 20 शॉट के बाद अंजुम का स्कोर 600 में से 592 था। वहीं ऐश्वर्य ने 590 स्कोर किया। पांच निशानेबाजों का फाइनल गुरुवार को होगा। महिलाओं की थ्री पोजिशन में भारत की नंबर एक निशानेबाज और विश्व रिकॉर्डधारी सिफत कौर सामरा दूसरे स्थान पर रही।

### उम्मीद है कि लय कायम रखेंगे : फिल साल्ट


**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के आक्रामक सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट ने उम्मीद जताई है कि लीग चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाली उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेआफ में भी यह लय कायम रखेगी।



दो बार की चैंपियन केकेआर इस समय शीर्ष पर है। साल्ट ने केकेआर के नाइट्स डगआउट पॉडकास्ट में कहा, 'यह मैच दर मैच रणनीति बनाने की बात है। हम इस समय लय में है।' वहीं बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने कहा, 'हमारे लिए यह सत्र काफी सफल रहा है। हम ट्रॉफी जीतने आए हैं और उम्मीद है कि इस मकसद में कामयाब होंगे।'

### बेहतरीन कप्तान है पंत समय के साथ निखरेगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली का मानना है कि ऋषभ पंत एक बेहतरीन कप्तान है और समय तथा अनुभव के साथ उसकी कप्तानी में निखार आएगा।



दिसंबर 2022 में भयावह कार हादसे के शिकार हुए पंत ने आईपीएल के इसी सत्र से मैदान पर वापसी की है। गांगुली ने जियो सिनेमा से कहा, पंत युवा कप्तान है और वह समय के साथ सीखेगा।

## आईपीएल : सनराइजर्स के 12 मैचों में 14 अंक, सिर्फ एक जीत की जरूरत

# हैदराबाद की जीत से प्लेआफ में जगह होगी पक्की, गुजरात से सामना आज

एजेंसी ▸▸| हैदराबाद

प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाने के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेआफ में जगह बनाने के लिए गुरुवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ एक जीत की जरूरत है जबकि गुजरात की टीम प्रतिष्ठा के लिए ही खेलेगी।

पैट कमिंस की टीम की नजरें हालांकि शीर्ष दो में जगह पक्की करने पर लगी है। उन्हें इसके बाद एक मैच और खेलना है और उनका नेट रनरेट भी प्लस 0.406 है। सनराइजर्स के 12 मैचों में 14 अंक है और वह अधिकतम 18 अंक हासिल कर सकती है जिससे शीर्ष दो में उसकी जगह पक्की हो जाएगी।

सनराइजर्स को एक सप्ताह का ब्रेक मिला है जिससे वे तरोताजा होकर मैदान पर लौटेंगे। इसके अलावा आठ मई को लखनऊ सुपर जाइंट्स पर रिकॉर्ड जीत दर्ज करने के बाद उसके हौसले वैसे भी बुलंद है। गेंदबाजों ने लखनऊ को कम स्कोर पर रोका तो ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने 166 रन का लक्ष्य दस विकेट बाकी रहते 9.4 ओवर में ही हासिल कर लिया।





### टीमें इस प्रकार हैं

**सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस (कप्तान), अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिच क्लासेन (विकेटकीपर), ऐडन मार्करम, अब्दुल समद, नीतिश रेड्डी, शाहबाज अहमद, भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मार्कंडेय, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह , ग्लेन फिलिप्स, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, उपेन्द्र यादव, झटवेध सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को यानसेन, आकाश महाराज सिंह और मयंक अग्रवाल।

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रॉबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, शशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुतार।

### पांच मैचों में से तीन हारे

सनराइजर्स ने इस सत्र में जहां अविश्वसनीय स्कोर बनाए हैं तो शर्मनाक पराजय भी झेली है। गुजरात ने उसे टूर्नामेंट में सात विकेट से हराया था। पिछले पांच मैचों में से तीन में उसे पराजय झेलनी पड़ी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने उसे 35 रन से, चेन्नई सुपर किंग्स ने 78 और मुंबई इंडियंस ने सात विकेट से हराया। 2016 की चैंपियन टीम बल्लेबाजी में हेड और शर्मा पर बुरी तरह निर्भर है। उनके नाकाम रहने पर उसकी पारी लड़खड़ा जाती है लिहाजा नीतिश रेड्डी, हेनरिच क्लासेन और अब्दुल समद को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

### शमी की खल रही कमी

13 में से सिर्फ पांच मैच जीत सकी गुजरात के 11 अंक ही हैं और वह जीत के साथ विदा लेना चाहेगी। पूर्व कप्तान हार्दिक पंड्या के इस सत्र में मुंबई इंडियंस के पास लौटने के बाद गुजरात की टीम में संतुलन नजर नहीं आया। चोट के कारण मोहम्मद शमी के पूरे सत्र से बाहर होने का खामियाजा भी उसे भुगतना पड़ा। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पिछला मैच बारिश में धुल गया लेकिन गेंदबाजों ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पहले तीन ओवर में तीन विकेट लेकर उम्मीद जगाई थी। बल्लेबाजी में कप्तान शुभमन गिल और बी साई सुदर्शन पर एक बार फिर अच्छी शुरुआत देने की जिम्मेदारी होगी। डेविड मिलर इस सत्र में फॉर्म में नहीं दिखे लेकिन आखिरी मैच में वह उपयोगी पारी खेलना चाहेंगे।

## खास खबर

# सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे, प्रणय हारे



एजेंसी ▸▸| बैंकॉक

भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में मलेशिया के नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और तान वी कियोंग को हराकर पुरूष युगल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जबकि एच एस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 34 मिनट में 21-13, 21-13 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चीन के शि हाओ नान और जेंग वेइ हान से होगा। पांचवीं वरीयता प्राप्त प्रणय को हमवतन मेराबा लुवांग मेसनाम ने 21-19, 21-18 से हराया। अब मेराबा का सामना डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसेन से होगा जिन्होंने भारत के किरण जॉर्ज को 21-15, 13-21, 21-17 से मात दी। महिला एकल में अष्मिता चालिहा ने इंडोनेशिया की एस्टर नुरुमी त्रि वार्दोयो को 19-21, 21-15, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की हान युइ से होगा। युइ ने भारत की मालविका बंसोड़ को 21-11, 21-10 से हराया। उन्नति हुड्डा भी पहले दौर में बेल्जियम की लियाने तान से 21-14, 14-21, 9-21 से हार गई।

### चोटिल पंजाब किंग्स के रबाडा स्वदेश लौटे

*जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ कागिसो रबाडा पैर में चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से स्वदेश लौट गए हैं। देश के क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह जानकारी दी। रबाडा आईपीएल में पंजाब किंग्स का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने मौजूदा सत्र में 11 मैच में 11 विकेट चटकाए हैं। पंजाब की टीम पहले ही प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अपना अंतिम लीग मैच 19 मई को खेलेगी।*

# गत चैंपियन मेदवेदेव बाहर स्वियाटेक ने कीस को हराया



एजेंसी ▸▸| रोम

गत चैंपियन दूसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव अमेरिका के टॉमी पॉल से 1-6, 4-6 से हारकर इटालियन ओपन टेनिस से बाहर हो गए। इससे पहले दस बार के चैंपियन रफेल नडाल और शीर्ष रैंकिंग वाले नोवाक जोकोविच भी हारकर बाहर हो चुके हैं।

तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने नुनो बोर्गेस को 6-2, 7-5 से हराया और अब वह टेलर फ्रिट्स से खेलेंगे। फ्रिट्ज ने ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-2, 6-7, 6-1 से मात दी। अलेजांद्रो ताबिलो ने कारेन खाचानोव को 7-6, 7-6 से हराया। अब वह झांग झिझेन से खेलेंगे जिन्होंने थियागो मोंटेइरो को 7-6, 6-3 से मात दी।

पॉल का सामना दूसरे दौर में नडाल को हराने वाले सातवीं वरीयता प्राप्त हुबर्ट हुरकाज से होगा जिन्होंने सेबेस्टियन बाएज को 5-7, 7-6, 6-4 से हराया। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक ने मेडिसन कीस को 6-1, 6-3 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ से होगा जिन्होंने किंवेन झेंग को 7-6, 6-1 से हराया।

### बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी इटालियन ओपन से बाहर

**रोम।** भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी एटीपी इटालियन ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में स्थानीय जोड़ी सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी से हारकर बाहर हो गई। एक घंटे 13 मिनट तक चले मुकाबले में उन्हें 2-6, 4-6 से पराजय झेलनी पड़ी। उन्होंने पहले दौर में वाइल्ड कार्डधारी मात्तेओ अर्नाल्डी और फ्रांसिस्को पासारो को हराया था। बोपन्ना और एबडेन इस महीने की शुरुआत में मैड्रिड मास्टर्स से भी पहले दौर में



बाहर हो गए थे। उन्होने साल की शुरुआत में आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीता था।

# टीम में सिर्फ एक अश्वेत खिलाड़ी के होने से सीएसए की आलोचना

एजेंसी ▸▸| जोहानिसबर्ग

टी20 विश्व कप टीम में कागिसो रबाडा के रूप में सिर्फ एक अश्वेत अफीकी खिलाड़ी को शामिल करने के लिए क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की आलोचना हो रही है। दक्षिण अफ्रीका की 15 सदस्यीय संभावित टीम में रबाडा सहित छह अश्वेत खिलाड़ी शामिल थे। सीएसए के बदलाव लाने के लक्ष्य के अंतर्गत एक सत्र के दौरान दक्षिण अफ्रीका की अंतिम एकादश में छह अश्वेत खिलाड़ियों का होना जरूरी है। लेकिन टी20 विश्व कप के लिए चुनी टीम में रबाडा के रूप में केवल एक अफ्रीकी अश्वेत खिलाड़ी मौजूद हैं। सीएसए के अपने लक्ष्य को पूरा नहीं करने की वजह से उसकी आलोचना की जा रही है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खेल मंत्री फिकिले



एमबालुला ने टीम के चयन पर सवाल उठाते हुए 'एक्स' पर लिखा, 'आगामी टी20 विश्व कप 2024 की टीम के लिए केवल एक अफ्रीकी खिलाड़ी को दक्षिण अफ्रीका की टीम में चुना गया है। निश्चित रूप से यह बदलाव लाने के लक्ष्य से उलट है और इसमें दक्षिण अफीकी लोगों का उचित प्रतिनिधित्व नहीं है।'

### एक और ट्रायल की चिंता करूं या ओलंपिक की तैयारी!

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले एकमात्र भारतीय पुरुष पहलवान अमन सहरावत इस बात से नाखुश हैं कि खेलों की तैयारी पर अपना ध्यान लगाने की जगह उन्हें अब भी एक और ट्रायल के लिए वजन घटाने के बारे में चिंता करनी होगी। अंडर-23 विश्व चैंपियन 20 साल के अमन ने हाल में इस्तांबुल में विश्व क्वालीफायर के जरिए पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। भारत के पुरुष पहलवानों ने 11 और वजन वर्ग में चुनौती पेश की लेकिन उनमें से कोई क्वालीफाई नहीं कर पाया। अमन ने कहा, 'इतनी बार मुझे अपना वजन कम करना पड़ा है। मुझे कितनी बार ऐसा करना होगा? इससे काफी कमजोरी आती है। मुझे समझ नहीं आता कि मैं अब दोबारा ट्रायल जीतने के बारे में सोचूं या ओलंपिक की तैयारी शुरू करूं। मुझे लगता है कि अगर मुझे दोबारा ट्रायल से गुजरने को कहा जाता है तो अच्छी तैयारी के लिए जो काम करने की जरूरत होगी वह प्रभावित होगा।

**भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित**
(म.प्र. सहकारी सोसायटीज अधिनियम 1960 के अधीन पंजीकृत)
भोपाल डेरी प्लांट, हबीबगंज, भोपाल-462024 म.प्र. (भारत)
फैक्स : 0755-2450896, पीबीएक्स : 0755-2478250, 51, 53
E-mail : bsdsim@gmail.com, sanchi.bhopal@gmail.com

**जाहिर सूचना**

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के सीधी भर्ती के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा समूह 2 उपसमूह 3 के अंतर्गत आयोजित संयुक्त भर्ती परीक्षा 2022 के परीक्षा परिणाम के आधार पर प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 21.05.2024 को किया जाना है। उक्त दस्तावेज सत्यापन की सूचना प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को उनके निवास स्थान के पते पर रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित की गई है, साथ ही भोपाल सहकारी दुग्ध संघ की वेबसाइट www.sanchibhopal.com एवं एमपीसीडीएफ की वेबसाइट www.sanchidairy.com पर भी दस्तावेज सत्यापन की सूचना अपलोड कर संबंधितों को सूचित किया जा चुका है।
अतः प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त दस्तावेज सत्यापन में वेबासाइट पर अपलोड जीवन वृत्त (बायोडाटा) को दो प्रतियों में पूर्ण रूप से भरकर आपके द्वारा आवेदित पद हेतु प्रस्तुत आवेदन में उल्लेखित शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि, जाति प्रमाण-पत्र/ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र, भूतपूर्व सैनिक/विकलांग प्रमाण-पत्र, स्थायी निवासी प्रमाण-पत्र, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन, फोटोयुक्त आईडी आदि दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों से मिलान/सत्यापन कराने हेतु **दिनांक 21.05.2024 को प्रातः 11.00 बजे** एम.पी. स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लि. में स्थित भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के प्रशिक्षण केन्द्र, आईएसबीटी के सामने, हबीबगंज, भोपाल में उक्त वांछित मूल दस्तावेजों, उनकी छायाप्रतियों (दो सेट) एवं पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो (दो प्रति) सहित स्वयं उपस्थित होवें। निर्धारित दिनांक एवं समय पर समस्त वांछित दस्तावेजों के साथ उपस्थित न होने की स्थिति में आपकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जावेगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।
म.प्र. माध्यम/114615/2024 प्रभारी प्रशासन

# आईपीएल-17 : 1125 सिक्स के साथ बना वर्ल्ड रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** आईपीएल के 17वें सीजन में एक महारिकॉर्ड बना है। मौजूदा सीजन में अब तक खेले गए मैचों में ही सबसे ज्यादा सिक्स लग चुके हैं। आईपीएल के इतिहास में यह पहली बार है जब इतने छक्के लगे है। आईपीएल 2024 ने टी20 क्रिकेट की गतिशीलता को बदल दिया है। दिल्ली कैपिटल्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मगंलवार को खेले गए मैच में कुल 20 छक्के देखने को मिले। इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ को 19 रन से हराया। दिल्ली बनाम लखनऊ के मैच में 20 सिक्स लगे, जिसके बाद किसी एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स (1125) लगने का रिकॉर्ड बन गया। इस दौरान आईपीएल 2023 का पुराना रिकॉर्ड (1124 छक्के) ध्वस्त हुआ। आईपीएल के हर सीजन में कई रिकॉर्ड्स बनते और टूटते हुए दिखते है। इस सीजन सबसे बड़े टीम स्कोर के रिकॉर्ड्स के अलावा सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड भी बना।

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ. ग.)**

**नीलाम विज्ञापन**

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल के काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ में दिनांक 27.05.2024 को ईमारती काष्ठ, चन्दन काष्ठ एवं जलाऊ चट्टों का अधोलिखित विवरण के अनुसार प्रातः 09.00 बजे से नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। नीलाम शर्त एवं जानकारी कार्यालय से अथवा नीलाम स्थान से प्राप्त किया जा सकता है, चुकि मुख्य निर्वाचन आयोग से परमिशन प्राप्त उपरान्त अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पत्र क्रमांक उत्पा. 1/187-III/701 अम्बिकापुर दिनांक 12.04.2024 को पत्र प्राप्ति के पश्चात निलाम विज्ञापन प्रकाशित किया जाता है। क्रेताओं को सलाह दी जाती है कि बोली बोलने के पूर्व प्रत्येक लॉट का भली-भांति निरीक्षण कर लेवें तथा संतुष्टि उपरांत ही बोली लगायें। नीलाम के समय घोषित मात्रा सही व अंतिम रूप से मान्य होगी

| क्र. | प्रजाति | नये काष्ठ | | पुराने काष्ठ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली | लट्ठा | बल्ली |
| | | घ.मी. | नग | घ.मी. | नग |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सागौन | 0.000 | 0 | 1.261 | 187 |
| 2 | साल | 301.588 | 0 | 666.749 | 2204 |
| 3 | साजा | 20.500 | 0 | 48.089 | 223 |
| 4 | सतकठा | 10.500 | 0 | 17.928 | 164 |
| 5 | खम्हार | 0.000 | 0 | 1.176 | 21 |
| 6 | हल्दू | 1.500 | 0 | 1.230 | 0 |
| 7 | बांसा | 0.000 | 0 | 0.402 | 0 |
| 8 | खैर | 0.000 | 0 | 2.480 | 3 |
| 9 | धावड़ा | 0.000 | 0 | 0.000 | 28 |
| | योग | 334.088 | 0 | 739.325 | 2830 |
| | जलाऊ मिश्रित | 200 चट्टा नया | | 30 चट्टा पुराना | |

चन्दन काष्ठ वजन क्वि. में

| | | |
|---|---|---|
| चन्दन सेपवुड तना | 0 | 1.437 |
| चन्दन हार्डवुड तना | 0 | 2.210 |
| चन्दन हार्डवुड तना | 0 | 16.867 |
| चन्दन हार्डवुड जड़ | 0 | 0.3625 |
| चन्दन सेपवुड बुरादा | 0 | 0.0250 |
| योग- | 0 | 20.901 क्वि. |

टीप :-1.ईमारती काष्ठ की नीलामी पहले 09.00 बजे प्रातः में की जावेगी तत्पश्चात जलाऊ चट्टों की नीलामी की जावेगी। 2.छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी वनमंडल का पंजीकृत ठेकेदार ही नीलाम में भाग ले सकेंगे। 3.समस्त क्रेता को आयकर पेन कार्ड, वाणिज्य कर का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन एवं छ.ग. राज्य के किसी वनमण्डल का वर्ष 2024 के व्यापारी का रजिस्ट्रेशन की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 4.कृपया क्रेता ईमारती एवं जलाऊ का ई. एम. डी. राशि का अलग-अलग चेक देवें।

वनमण्डलाधिकारी
मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़
G-242500057/6




## जांच में दोषी पाए गए अधिकारियों को किया निलंबित

सहायक समिति प्रबंधक से समिति प्रबंधक के पद पर भर्ती प्रक्रिया का मामला

# भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता : कलेक्टर ने भर्ती प्रक्रिया को किया निरस्त

खबर का असर

हरिभूमि जबलपुर।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जबलपुर में सहायक समिति प्रबंधक से समिति प्रबंधक के पद पर भर्ती प्रक्रिया का मामला हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसमें अनियमितता की जाँच के लिए कलेक्टर दीपक सक्सेना द्वारा 3 सदस्यीय समिति का गठन किया गया। समिति द्वारा चयनित 27 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों चयन प्रक्रिया का परीक्षण किया गया। जिसमें कई अनियमितताएँ पाई गई। साथ ही मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 55 (1) के तहत जारी किये गये कर्मचारी सेवा नियोजन, निबंधन कार्यस्थिति, नियम 1989, 1990, 2002, 2010, 2013, 2015 का पालन नहीं किया गया। चयन प्रक्रिया नितांत दूषित पाए जाने पर कलेक्टर श्री सक्सेना इस भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर दिया।

कलेक्टर श्री सक्सेना ने जाँच के आधार पर संबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही भी की, जिसमें पदोन्नति की कार्यवाही में विसंगति का परीक्षण लापरवाही पूर्वक करने वाले अधिकारियों में आशीष शुक्ला, सहकारी निरीक्षक, सहकारिता जबलपुर को निलंबित कर विभागीय जाँच संस्थित की गई है।

श्री प्रशांत कौरव तत्कालीन वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, सहकारिता जिला जबलपुर वर्तमान वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, जिला सिंगरौली को निलंबित कर विभागीय जाँच संस्थित करने का प्रस्ताव सक्षम अधिकारी को प्रेषित किया गया है। संभागीय संयुक्त आयुक्त सहकारिता पी के सिद्धार्थ द्वारा दूषित चयन प्रक्रिया को नियमों के विपरीत जाकर अनुमोदित करने पर उक्त कृत्य के लिए पी.के. सिद्धार्थ संभागीय संयुक्त आयुक्त सहकारिता को निलंबित कर विभागीय जाँच संस्थित करने का प्रस्ताव आयुक्त जबलपुर संभाग जबलपुर को प्रेषित किया गया है।

स्थापना प्रभारी सुभाष पचौरी द्वारा समस्त प्रक्रिया को जानबूझ कर नजरअंदाज करने पर पचौरी द्वारा समय-समय पर शासन द्वारा जारी किए गए परिपत्रों के साथ साथ वर्तमान नियमों एवं विनियमों को अपने वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में जान बूझ कर नहीं लाया गया। अतः सुभाष पचौरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनके विरुद्ध विभागीय ऑच संस्थित की गई है।

तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जबलपुर वर्तमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, नरसिंहपुर देवेन्द्र कुमार राय के कार्यकाल में संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया सम्पादित की गई। राय द्वारा आरक्षण के बिना दोषपूर्ण विज्ञप्ति का प्रकाशन किया गया। परीक्षण समिति के दोषपूर्ण परीक्षण को जानबूझ कर नजर अंदाज किया गया। श्री राय द्वारा कर्तव्य निष्पादन में गंभीर लापरवाही बरती गई है। अतः देवैद्र कुमार राय तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जबलपुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जाँच संस्थित करने का प्रस्ताव सक्षम अधिकारी को प्रेषित किया जा रहा है।

### कारण बताओ नोटिस जारी

अखिलेश निगम, तत्कालीन उपायुक्त सहकारिता जबलपुर वर्तमान उपायुक्त सहकारिता भोपाल एवं चंद्रशेखर पटले, तत्कालीन सहायक प्रबंधक, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक, शाखा राइट टाउन, जबलपुर मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक, जबलपुर द्वारा आवेदकों की पात्रता का परीक्षण किया गया। लेकिन उक्त अधिकारियों द्वारा अपने दायित्व का निर्वहन ठीक प्रकार से नहीं किया गया और अपात्र आवेदकों को पात्र दर्शाया गया। अतः अखिलेश निगम, तत्कालीन उपायुक्त सहकारिता जबलपुर वर्तमान उपायुक्त सहकारिता के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव कमिश्नर भोपाल संभाग भोपाल को प्रेषित किया जा रहा है तथा चंद्रशेखर पटले, तत्कालीन सहायक प्रबंधक, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक, जबलपुर वर्तमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक, जबलपुर को संभागीय संयुक्त पंजीयक सहकारिता विभाग के गोलमोल अनुमोदन को भी नजरअंदाज कर नियुक्ति आदेश जारी किए जाने के कारण इनको कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## जबलपुर जोन में की जा रही नई व्यवस्था लागू करने की तैयारी

# अब ट्रेनों की जानकारी देंगे ठेकेदार के व्यक्ति

**जबलपुर।** यात्रियों को हमेशा से ही खराब रेलवे की पूछताछ व्यवस्था को लेकर नाराजगी रही है। इसकी वजह है कभी फोन नहीं उठना और फोन लग भी गया तो फिर सही जानकारी नहीं मिलना। यही वजह है कि अब इस व्यवस्था में परिवर्तन कर इसे ठेके पर देने की तैयारी की जा रही है। अब नई व्यवस्था मेट्रो की तर्ज पर की जाएगी। इसकी वजह से वह दिन दूर नहीं हैं, जब रेलवे के पूछताछ काउंटर पर ठेकेदार के लोग बैठे हुए नजर आएंगे। यह लोग तय ड्रेस कोड के साथ यात्रियों को ट्रेन सहित स्टेशन से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने का काम करेंगे।



फिलहाल यह व्यवस्था शुरुआती तौर पर जबलपुर सहित पमरे जोन के 20 से अधिक प्रमुख स्टेशन पर लागू करने की तैयारी है। इस व्यवस्था के तहत ही ठेकेदार के लोग यात्रियों को बताएंगे की कौन सी ट्रेन कितनी लेट व किस प्लेटफार्म पर आएगी। कौन सी ट्रेन बदले हुए मार्ग से चलेगी। फिलहाल पायलट प्रोजेक्ट के तहत उत्तर मध्य रेलवे में इस योजना को लागू किया जा रहा है। इसके बाद पमरे जोन के 20 प्रमुख स्टेशनों पर इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा। पूछताछ केंद्र में 24 घंटे निजी कर्मचारी तैनात रहेंगे। अगर यह प्रयोग सफल रहा तो बाद में इस व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से अन्य प्रमुख स्टेशनों पर भी लागू किया जाएगा।

### ठेके की अवधि होगी 3 साल

रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार यात्रियों को 24 घंटे अच्छी सुविधा मिल सके इसलिए इस प्रोजेक्ट को शुरू किया जा रहा है। इन पूछताछ केंद्रों का तीन वर्ष के लिए निजी कंपनी द्वारा संचालन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले साल पहले रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल कार्यालयों को निर्देश दिए थे कि खर्चों में कटौती की जाए। इसके बाद स्टेशन से लैंडलाइन फोन, इंटरनेट कनेक्शन सहित सफाई कर्मचारियों के पद भी समाप्त किए गए थे। छोटे स्टेशनों पर अनारक्षित टिकट बांटने वाले कर्मचारियों के बजाय कमीशन एजेंटों को काम सौंपा गया था। अब पमरे महत्वपूर्ण स्टेशनों की पूछताछ खिड़कियों पर निजी कर्मचारियों को बैठाने की तैयारी कर रही है।

### यात्री होते रहते हैं परेशान

इन दिनों लगभग ज्यादातर यात्रियों के पास स्मार्ट फोन रहते हैं। वह गूगल से ट्रेन संबंधी जानकारी ले लेते हैं , लेकिन कई यात्रियों को जानकारी नहीं मिल पाती है इसलिए यात्रियों की मदद के लिए 24 घंटे की सेवा शुरू की जा रही है। अभी जो कर्मचारी पूछताछ केंद्र पर होते हैं, वे सिर्फ औपचारिकता निभाते है।

# वकीलों को उपभोक्ता कानून की परिधि से बाहर रखने की अवधारणा गलत

*सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजा*

**जबलपुर।** वकीलों को उपभोक्ता संरक्षण कानून की परिधि से बाहर रखने जस्टिस बेला एम.त्रिवेदी तथा जस्टिस पंकज मित्तल का निर्णय त्रुटिपूर्ण है, क्योंकि इसमें वकीलों का पेशा अन्य पेशे से अलग बताया गया है। यह भेदभाव है तथा गलत अवधारणा है। इस निर्णय को बड़े पीठ में सौंपना चाहिए तथा तब तक इस निर्णय को होल्ड पर रखना चाहिए। यह निवेदन कर आज नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजा। पत्र में बताया है कि आजकल के आधुनिक विकास के जगत में हर एक पेशेवरों को उन्नत शिक्षा तथा प्रशिक्षण की जरुरत होती है, चाहे वह चिकित्सा, इंजीनियरिंग, शिक्षण यहां तक पत्रकारिता हो। इसी कारण वकीलों का न तो पेशा, न ही सेवा अलग तरह की हो सकती है। इस निर्णय से भानुमति का पिटारा खुलेगा तथा यदि किसी अन्य पेशेवर के खिलाफ मुकदमा दायर होगा तो वह इस निर्णय का उल्लेख कर कोर्ट में पहुंचेगा तथा उपभोव्ता कानून से छुटकारा मांगेगा। संयुव्त राष्ट्र संघ ने 9 अप्रैल 1985 को प्रस्ताव पारित कर उपभोक्ताओं को संरक्षण पर जोर दिया है। अतः सुप्रीम कोर्ट के इस डबल बैंच का निर्णय यूएनओ के मूल भावनाओं के खिलाफ है। मंच के डॉ.पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, मनीष शर्मा, डीआर लखेरा, राकेश चक्रवर्ती, प्रफुल्ल सक्सेना आदि उपस्थित थे।

## *खजरी ब्लास्ट काण्ड से पर्दा उठने का इंतजार*

# कबाड़खाने से जप्त बमों के खोके सीओडी में किए गए नष्ट

**जबलपुर।** एनआईए, एनएसजी, एनडीआरएफ, सेंट्रल आर्डनेंस डिपो, मिलिट्री इंटेलिजेंस, स्टेट इंटेलिजेंस, जिला पुलिस बल, एसआईटी आदि ने मिलकर खजरी बम ब्लास्ट काण्ड की जांच की है। लेकिन आज की तारीख में खजरी बम ब्लास्ट काण्ड एक अजीबो गरीब रहस्य बना हुआ है। न कबाड़ी का पता है, न कबाड़ में पहुंचे बम कहा से आए उसका, न मरने वालों का पता है, न घायलों की जानकारी हर चीज रहस्य है। अब यह रहस्य पूरी व्यवस्था पर सवाल उठाने लगे हैं। चर्चा यह भी है कि कई बड़े चेहरों को बचाने के लिये शमीम मामले में जिला स्तर पर लापरवाही बरती जा रही है। गौरतलब है कि पिछले महीने खजरी बायपास स्थित शमीम कबाड़ी के कबाड़खाने में बम ब्लॉस्ट हुआ था। जिसके बाद से शमीम फरार है। अब सैंकड़ों की संख्या में बम तोप आदि के खोके और विस्फोटक यहां से बरामद किय जा चुके है।

बुधवार को सेंट्रल आर्डनेंस डिपो की टीम ने शमीम कबाड़ी के कबाड़खाने से किये गये सभी बम खोलों को आर्मी एरिया के डिपोट में डिस्पोज आफ किया। सोमवार और मंगलवार को सेंट्रल आर्डिनेंस डिपो की विशेष टीम ने शमीम के कबाड़खाने की जांच की थी। जहां से बड़ी संख्या में बम के खोके बरामद किये गये थे। जिन्हें बुधवार को आर्मी एरिया में सही तरीके से डिस्पोज किया गया। बताया जा रहा है कि सैन्य अधिकारियों ने डिस्पोज करने से पहले सभी बमों के खोके की मार्किंग को बकायदा नोट किया और मौके पर ही पूरे दस्तावेज तैयार किए है।



### एनएसजी ने किये थे 75 विस्फोट

*बता दे कि कबाड़खाने में विस्फोट के बाद एनएसजी का बम निरोधक दस्ता पहुंचा था। कबाड़खाने में चप्पे-चप्पे की जांच की थी। जांच उपरांत कबाड़खाने से जब्त किए गये बमों के खोखों को नष्ट करने की कार्रवाई की गई। एनएसजी द्वारा करीब साढ़े 3 सौ छेटे-बड़े बमों के खोखों का नष्टीकरण किया गया था। यह पूरी कार्रवाई कबाड़खाने में ही हुई थी, इसके लिए करीब 75 विस्फोट कर बमों के खोखों को नष्ट किया गया था। वहीं कबाड़ में मिले कुछ बम व बारूद के सैंपल को अपने साथ ले गयी थी, जिसकी जाँच दिल्ली स्थित एनएसजी लैब में की जानी है।*

# सीबीएसई के नतीजों के बाद अब बढ़ेगी यूजी के लिए प्रवेश आवेदन की संख्या

## *पहले चरण में अब तक पार नहीं हो सका एक लाख का आंकड़ा, दूसरा चरण होगा 20 मई से*

हरिभूमि, जबलपुर

एक दिन पहले सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एज्यूकेशन (सीबीएसई) के नतीजे जारी किए गए हैं। इससे पहले मप्र बोर्ड ने भी कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम जारी किए थे, लेकिन प्रदेश के 1275 सरकारी व निजी कॉलेजों में स्नातक में प्रवेश के लिए आवेदनों की संख्या काफी कम रही है। अब सीबीएसई के परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद पूरी संभावना है कि यूजी में प्रवेश के लिए जहां रजिस्ट्रेशन की संख्या बढ़ेगी, वहीं प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों में भी तेजी से इजाफा होगा।

यूजी के साथ पीजी में भी प्रवेश के लिए आवेदन शुरू किए गए हैं, लेकिन कई कॉलेजों में यूजी अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम जारी नहीं होने अथवा यूजी अंतिम वर्ष की परीक्षा आयोजित नहीं हो पाने पीजी में भी प्रवेश के लिए अभी आवेदनों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही है। यूजी के लिए 20 मई और पीजी में प्रवेश आवेदन के लिए पहला चरण 21 मई तक चलेगा। पीजी में प्रवेश के लिए एक मई से पंजीयन प्रक्रिया शुरू की गई है। मंगलवार तक 14 दिनों में अब तक यूजी व पीजी में 9.85 लाख सीटों के लिए करीब 78 हजार पंजीयन ही हुए हैं। इस बार पहले चरण में अब तक एक लाख का भी आंकड़ा पार नहीं हो पाया है।

- पंजीयन के दौरान विद्यार्थी को जानकारी देना होगी कि भविष्य में वह नौकरी का विकल्प चुनेगा या



**नए दस्तावेज जुड़ने से विद्यार्थी परेशान:** इस बार मूल निवासी प्रमाण पत्र सबके लिए जरूरी रहेगा। उन्हें उसका नंबर भी बताना होगा। इसके अलावा कुछ अन्य दस्तावेज पहली बार जोड़े गए हैं। इस बार विद्यार्थियों को कई नए दस्तावेज पंजीयन के दौरान बताना होंगे। इस नई व्यवस्था से विद्यार्थियों की परेशानी बढ़ गई है।

**बताना होगा कि बिजनेस करेंगे या नौकरी:** विभाग ने कालेजों में ऑनलाइन एडमिशन के लिए इस बार विद्यार्थियों को न केवल पहले से ज्यादा दस्तावेजों की जरूरत पड़ेगी, बल्कि उन्हें यह भी बताना होगा करियर को लेकर उनकी आगे की योजना क्या है। आनलाइन पंजीयन के दौरान बेहतर करियर का विकल्प दिया है।

**अब पंजीयन की संख्या बढ़ेगी, करियर विकल्प बताना होगा:** सीबीएसई 12वीं के परिणाम आने के बाद अब यूजी में प्रवेश के लिए पंजीयन की संख्या बढ़ेगी। इस बार यूजी में पंजीयन के समय ही विद्यार्थियों से उनके करियर के संबंध में कुछ विकल्प लिए जा रहे हैं, ताकि उन्हें सही दिशा दी जा सके।

# नर्सिंग परीक्षाएं प्रारंभ, 4 साल का इंतजार खत्म

**जबलपुर।** करीब चार साल के इंतजार के बाद जबलपुर सहित प्रदेश के 30 हजार नर्सिंग छात्र छात्राओ को परीक्षा देने का मौका दिया गया। मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय की वर्षों से अटकी नर्सिंग परीक्षा बुधवार से प्रारंभ हुई। मध्य प्रदेश में कुल 181 केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें कुल 30 हजार 799 विधार्थी नर्सिंग की परीक्षाओं में बैठेंगे. बुधवार को करीब 56 केंद्रों पर बीएससी फर्स्ट ईयर की परीक्षा हो रही हुई। जिसमें करीब 15 हजार 783 छात्र शामिल हुए। जबलपुर में सुबह 10:30 बजे बीएससी नर्सिंग फर्स्ट ईयर का पेपर शुरू हुआ. परीक्षा देने पहुंचे नर्सिंग छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह नजर आया. कई छात्र-छात्राएं ऐसे हैं जिन्होंने 2020 में एजुकेशन लोन लेकर एडमिशन लिया था. 4 साल से परीक्षाओं पर रोक होने के चलते उनमें निराशा थी।

परीक्षा नियंत्रक डा. सचिन कुचिया ने बताया कि नर्सिंग की परीक्षा सुबह 10:30 से 1:30 बजे परीक्षा आयोजित की गई। गौरतलब है कि सत्र 2020-21 की नर्सिंग परीक्षाएं पूर्व में कोरोना और फिर निजी कालेजों के फर्जीवाड़े की जांच में फंस गई थी। न्यायालय के निर्देश पर प्रदेश के समस्त 364 नर्सिंग कालेजों को निर्धारित मापदंडों पर जांचा गया था। इस बार समस्त परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी कैमरे की दृष्टि रहेगी।

## विद्यार्थी और उनके अभिभावक निजी स्कूलों की मनमानी से परेशान

शिक्षा का अधिकार अधिनियम में जारी सीटें कागजों में उलझीं

# दूसरे चरण की लॉटरी अटकी, पहले चरण में आवंटित सीटों पर प्रवेश के लिए निजी स्कूल कर रहे आनाकानी

हरिभूमि, जबलपुर

शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत प्रवेश की प्रक्रिया इस बार कागजों में उलझती नजर आ रही है। जहां एक ओर पहली लॉटरी में आवंटित सीटों पर प्रवेश के लिए कई निजी स्कूल आनाकानी कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर रिक्त सीटों को लेकर निकाली जाने वाली द्वितीय लॉटरी की प्रक्रिया अटक गई है। बताया जा रहा है कि द्वितीय लॉटरी का मामला कोर्ट पहुंच गया है, जिसके निराकरण के बाद ही द्वितीय लॉटरी निकाली जा सकेगी। ऐसे में पहली लॉटरी में सीट पाने वाले कई विद्यार्थी और उनके अभिभावक निजी स्कूलों की मनमानी से परेशान हैं और कुछ विद्यार्थी व अभिभावक अब सीट मिलने की आस में दूसरी लॉटरी का इंतजार कर रहे हैं।

### *1.12 लाख सीटें आवंटित हुई हैं*

*इस साल निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए प्रदेश भर के 23 हजार निजी स्कूलों में 1.12 लाख सीटों के लिए 84 हजार 795 बच्चों को लॉटरी निकालकर उन्हें स्कूल आवंटित किया गया, लेकिन इसमें से कई निजी स्कूल बच्चों को प्रवेश देने से इंकार कर रहे हैं। हाल ही में आर्मी पब्लिक स्कूल, सागर पब्लिक स्कूल, सेंट फ्रांसिस स्कूल सहित अन्य तीन स्कूलों का मामला सामने आया है। इन स्कूलों में आरटीई के तहत आवंटित आवेदकों ने इसकी शिकायत जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) से की है, जिसके बाद जिला प्रशासन द्वारा इन स्कूलों को नोटिस जारी किया गया है।*

### *पहले चरण में 12 हजार बच्चों ने छोड़ी सीट*

*जानकारी के अनुसार, पहले चरण में से 12 हजार बच्चों ने पहली पसंद का स्कूल नहीं मिलने से प्रवेश नहीं लिया। इन्हें दूसरे चरण के लाटरी प्रक्रिया में शामिल होना था, लेकिन हाईकोर्ट में प्रकरण चलने के कारण राज्य शिक्षा केंद्र ने दूसरे चरण की लाटरी नहीं निकाली। अब दूसरे चरण के लिए आवेदक इंतजार में हैं।*

### *यह है पूरा मामला*

*आरटीई के तहत दो श्रेणी के निजी स्कूल हो गए हैं। एक आरटीई के तहत ज्यादा से ज्यादा एडमिशन देना चाहता है, जबकि दूसरी श्रेणी कम से कम बच्चों के प्रवेश करता है। इसे देखते हुए इस बार राज्य शिक्षा केंद्र ने आरटीई के तहत स्कूलों में प्रवेश विद्यार्थियों की वास्तविक दर्ज संख्या के आधार पर करने के दिशा-निर्देश जारी किए। इसके तहत जिन प्राइवेट स्कूलों में विद्यार्थियों की वास्तविक दर्ज संख्या होगी। उसके आधार पर 25 फीसद सीटों पर प्रवेश दिए गए। दर्ज विद्यार्थियों की संख्या स्कूलों द्वारा पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज की गई संख्या के आधार पर ली गई। इससे स्कूलों की सीटें कम या ज्यादा दिखाने का खेल समाप्त हो गया है। इससे सीबीएसई स्कूलों में आरटीई की सीटें ज्यादा हो गई हैं। सीबीएसई स्कूल इसका का विरोध कर रहे हैं।*

105 दिनों में 10 हजार वाहनों पर कार्रवाई

# हाई स्क्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य

**जबलपुर।** शहर में चल रहे बिना नंबर और अमानक नंबर वाहन चालकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ऐसे वाहनों पर न केवल चालानी कार्रवाई कर रही है बल्कि हाई स्क्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एच.एस.आर.पी.) हेतु ऑनलाईन आवेदन व फीस भी भरवा रही है। इसी तरह तेज आवाज के मॉडीफाई सायलेंसर वालों वाहनों पर भी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने सभी थानों में पदस्थ चीता व पेट्रोलिंग मोबाइल को आदेश दिए थे कि अपनी शिफ्ट के दौरान ऐसे वाहनों पर नजर रखे और एक-एक वाहन थानों में लाए। पुलिस अधीक्षक के आदेश के मुताबिक पिछले 105 दिनों में ऐसे लगभग 10 हजार वाहनों पर कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एच.एस.आर.पी.) को वाहनों में लगाना अनिवार्य कर दिया गया है, जिन वाहनों में एच.एस.आर.पी. नम्बर प्लेट नहीं लगा होगा उन्हें



संशोधित मोटर वाहन अधिनियम सी.एम.व्ही.आर. 1989 नियम 50 के तहत जुर्माना देना होगा। एच.एस.आर.पी. नम्बर प्लेट एल्यूमीनियम की बनी होती है इसमे वाहन का 07 अंकों का यूनिक डिजिटल कोड दर्ज होता है, इस कोड के माध्यम से दुर्घटना होने पर वाहन की पूरी जानकारी निकाली जा सकती है। जिन दुपहिया/चार पहिया वाहनों में एच.एस.आर.पी. नम्बर प्लेट नहीं लगी है, एच.एस.आर.पी. नम्बर प्लेट अनिवार्य रूप से लगवायें।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240